YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-14 ❒ अंक-342 ❒ शुक्रवार, 16 जनवरी 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्त करना नहीं होना चाहिए, बल्कि इसके माध्यम से समाज और राष्ट्र की सेवा करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। युवा कौशल और क्षमताओं का उपयोग व्यक्तिगत लाभ से ऊपर उठकर सामाजिक उत्थान और देश के विकास के लिए करें। **द्रौपदी मुर्मु**

एआई और सोशल मीडिया का दुरुपयोग लोकतंत्र के लिए गंभीर चुनौती : ओम बिरला 11

भगवान सूर्य ही सृष्टि के प्रत्यक्ष देवता : विज्ञानानंद 12

## संक्षेप

### सहमति से शारीरिक सम्बंध बनाने के बाद शादी से इंकार करना बलात्कार का अपराध नहीं : हाईकोर्ट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने अपने महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि शुरु में शादी झूठा वायदा कर सेक्स सम्बंध बनाना अपराध है, किंतु सहमति से शारीरिक सम्बंध बनाने के बाद शादी से इंकार करना बलात्कार का अपराध नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने कहा शादी का झूठा वायदा कर सेक्स सम्बंध बनाया है, इसे साबित किए बगैर किसी को अपराध का दोषी नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने कहा कि सहमति से बालिग लड़की ने चार महीने में दो बार सेक्स सम्बंध बनाया और बाद में शादी का प्रस्ताव ठुकराने पर आपराधिक केस दर्ज कराया। इससे शादी का झूठा वायदा कर सेक्स सम्बंध बनाना साबित नहीं होता। एफआईआर में कोई भी आरोप एससी-एसटी एक्ट के अपराध का नहीं है और धमकी देने का भी कोई प्रमाण नहीं है। ऐसे में आपराधिक केस जारी रखना न्यायिक प्रक्रिया का दुरूपयोग होगा। कोर्ट ने अभिनाश शर्मा उर्फ अविनाश शर्मा की याचिका स्वीकार करते हुए उनके खिलाफ आपराधिक केस कार्यवाही रद्द कर दी है।

### एयर इंडिया विमान के इंजन में कंटेनर फंसने की डीजीसीए ने शुरू की जांच

**नयी दिल्ली।** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गुरुवार को एयर इंडिया के एक विमान के इंजन में कंटेनर जाने की घटना की जांच शुरू कर दी है। उड़ान संख्या एआई101 ने दिल्ली से न्यूयॉर्क के लिए उड़ान भरी थी। इसके कुछ ही देर बाद ईरान द्वारा उसके हवाई क्षेत्र वाणिज्यिक विमानों के लिए बंद किये जाने से विमान को वापस लौटना पड़ा। दिल्ली हवाई अड्डे पर लैंडिंग के बाद टैक्सी करते समय ''घने कोहरे में'' विमान के इंजन में एक कंटेनर चला गया जिससे दाहिने इंजन (इंजन नंबर 2) को नुकसान पहुंचा है। घटना सुबह 5.25 बजे की है। उस समय हवाई अड्डे पर दृश्यता काफी कम थी। यह एयरबस का ए350 विमान है। सूत्रों के अनुसार, विमान में 250 से अधिक यात्री सवार थे। डीजीसीए के जारी नोट में कहा गया है कि विमान रनवे 28 पर सुरक्षित उतरा। प्राथमिक जांच में पता चला है कि ग्राउंड हैंडलिंग सेवा देने वाली बर्ड समूह की कंपनी बीडब्ल्यूएफएस का एक टग कुछ कंटेनर लेकर टर्मिनल-3 के बैगेज मेकअप क्षेत्र के लिए जा रहा था। रास्ते में टैक्सी-वे एन/एन-4 की क्रॉसिंग पर एक कंटेनर गिर गया था। एयर इंडिया का विमान उसी क्रॉसिंग से होकर एप्रन क्षेत्र में जा रहा था। इंजन में हवा का खिंचाव इतना अधिक था कि उसने कंटेनर को खींच लिया। इससे इंजन को काफी नुकसान पहुंचा है।

डीजीसीए ने बताया कि धातु के टुकड़े हटाने के बाद विमान के स्टैंड संख्या 244 पर पार्क किया गया। आगे की जांच जारी है। एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने जारी बयान में कहा कि विमान को पार्किंग स्टैंड तक सुरक्षित ले जाया गया और सभी यात्रियों तथा चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित उतारा गया।

# उत्तर प्रदेश में मकर संक्रांति की अद्भुत छटा

## रामनगरी, प्रयागराज, गोरखपुर और काशी में उमड़ा आस्था का सैलाब, संगम में लाखों ने लगाई डुबकी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

- ❒ रामनगरी में रामलला को लगा खिचड़ी का भोग
- ❒ गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री योगी ने की पूजा
- ❒ लाखों श्रद्धालुओं ने पुण्य स्नान, दान और पूजा अर्चना कर पर्व को यादगार बनाया





लखनऊ। उत्तर प्रदेश में मकर संक्रांति का पर्व गुरुवार को आस्था और श्रद्धा के साथ मनाया गया। रामनगरी अयोध्या, प्रयागराज के माघ मेले से लेकर काशी के घाटों पर एकादशी से शुरु हुआ श्रद्धालुओं का पुण्य स्नान देर शाम तक जारी रहा। श्रद्धालुओं ने स्नान करने के बाद दान कर पुण्य कमाया। प्रयागराज में दोपहर दो बजे तक है कि माघ मेले में 72 लाख लोगों से अधिक लोगों ने स्नान किया। योगी सरकार ने आज 15 जनवरी को मकर संक्रांति का अवकाश भी घोषित कर रखा था।

मकर संक्रांति पर्व पर आज रामनगरी अयोध्या में श्रद्धा और आस्था अद्भुत संगम देखने को मिला। आस्था पर कड़ाके की ठंड का भी असर नहीं दिखा और श्रद्धालुओं का उत्साह और भक्ति भाव देखने लायक था। भोर से ही श्रद्धालुओं के सरयू नदी में आस्था की डुबकी लगाने का सिलसिला शुरू हुआ जो देर शाम तक चलता रहा। श्रद्धालुओं ने स्नान के बाद तिल, गुड़, वस्त्र व अन्न सहित यथाशक्ति कर दान कर पुण्य अर्जित किया। सरयू स्नान के बाद बड़ी संख्या में लोग श्रीराम लला के दर्शन करने के लिए राम मंदिर व हनुमान गढ़ी सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों के दर्शन करने के लिए पहुंचे। इस विशेष पर्व पर श्री राम मंदिर में मकर संक्रांति के पर्व पर विशेष पूजन-अर्चन किया गया। मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा संपन्न हुई, वहीं जय श्रीराम के उद्घोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। इस दौरान विशेष तरह का भोग अर्पित किया गया। श्रद्धालुओं ने प्रभु श्री रामलला को पतंग भी भेंट की। श्रद्धालुओं से भरी पूरी अयोध्या राममय दिख रही है और जय श्रीराम के नारे गुंजायमान हो रहे हैं। तीर्थनगरी प्रयागराज में चल रहे माघ मेले में मकर संक्रांति पर्व पर लाखों श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई। वैसे तो रात बारह बजे से मकर संक्रांति स्नान शुरु हो गया था और बुधवार को एकादशी के कारण लाखों लोग पहले ही पहुंच चुके थे। इन सभी श्रद्धालुओं ने गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम में स्नान किया। मेला प्रशासन का अनुमान है कि दोपहर दो बजे तक 72 लाख से अधिक श्रद्धालु डुबकी लगा चुके हैं। मेला प्रशासन का अनुमान है कि शाम तक दो से ढाई करोड़ श्रद्धालु स्नान कर लेंगे। मेला प्रशासन ने 24 स्नान घाटों पर इंतजाम किया गया है। माघ मेले में सुरक्षा व्यवस्था के चाक चौबंद इंतजाम हैं। यहां पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स के साथ ड्रोन से पूरे मेला क्षेत्र की निगरानी की जा रही है। हाईटेक रिस्पांस प्लान लागू कर आधुनिक ट्रैफिक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। प्रशासन ने मेला व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए स्नान घाटों एवं मार्गों पर किसी के भी सोने पर प्रतिबंध लगाया है। संचार के लिए अनिवार्य रूप से वायरलेस सेट के प्रयोग के लिए प्लान तैयार किया गया है। इतना ही नहीं संवदेनशील चौराहों के बीच जाम लगने वाले चिह्नित आठ स्थानों पर आवागमन सुगम बनाए रखने की व्यवस्था की गई है। मकर संक्रांति पर्व पर काशी में बाबा विश्वनाथ के दर्शन- पूजन के लिए सुबह से मंदिर में भक्तों की लंबी -लंबी कतारें लगी रही। ● शेष पेज 11 पर

## ममता सरकार पर सुप्रीम कोर्ट की सख्ती, बंगाल सरकार को नोटिस

# ईडी अफसरों पर दर्ज प्राथमिकी पर रोक

एजेंसी

❒ कहा-जांच एजेंसियों के काम में दखल डाला तो देश में अराजकता फैलेगी, अगली सुनवाई तीन फरवरी को होगी



नई दिल्ली। आई-पैक छापे के दौरान प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों के खिलाफ पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी पर सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को रोक लगा दी। साथ ही मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली राज्य सरकार को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर जवाब तलब किया गया है।

न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्र और न्यायमूर्ति विपुल पंचोली की पीठ ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि केंद्रीय जांच एजेंसियों के काम में राजनीतिक हस्तक्षेप किया गया तो इससे देश में कानून व्यवस्था पर गंभीर असर पड़ेगा। कोर्ट ने कहा, अगर कोई केंद्रीय एजेंसी किसी बड़े अपराध की ईमानदारी से जांच कर रही है, तो क्या उसे राजनीति के नाम पर रोका जा सकता है? ऐसा हुआ तो अराजकता फैल जाएगी। प्रवर्तन निदेशालय आठ जनवरी को तृणमूल कांग्रेस के सूचना प्रौद्योगिकी प्रमुख और राजनीतिक रणनीतिकार संस्था आई-पैक के निदेशक प्रतीक जैन के घर और कंपनी से जुड़े कई ठिकानों पर छापा मारने पहुंची थी। यह कार्रवाई अवैध कोयला व्यापार और हवाला के माध्यम से हुए धन शोधन के मामले में की जा रही थी। ईडी का आरोप है कि छापे के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भारी पुलिस बल के साथ वहां पहुंचीं और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों व जरूरी दस्तावेजों को अपने साथ ले गईं। एजेंसी का कहना है कि बंगाल पुलिस ने ईडी अधिकारियों के मोबाइल फोन तक छीन लिए और उन्हें अपने कर्तव्य का पालन करने से रोका गया।

सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस. वी. राजू ने ईडी का पक्ष रखते हुए बताया कि यह मामला अवैध कोयला घोटाले और हवाला लेनऽदेन से जुड़ा है। तुषार मेहता ने कहा कि कोयले का भुगतान नकद में किया जाता था और एक हवाला नेटवर्क की पहचान की गई है, जिसके जरिये लगभग बीस करोड़ रुपये आईऽपैक को भेजे गए। इसी आधार पर दस ठिकानों पर तलाशी ली गई थी। जब अदालत ने पूछा कि क्या यह वही आईऽपैक है जिससे प्रशांत किशोर पहले जुड़े थे, तो सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि एजेंसी ने इसकी जानकारी पहले ही संबंधित अधिकारियों को दे दी थी और ईडी का राजनीति से कोई लेनाऽदेना नहीं है। राज्य सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि यह कार्रवाई चुनाव को प्रभावित करने के लिए की गई है। उन्होंने कहा कि आईऽपैक के पास तृणमूल कांग्रेस से जुड़े कई चुनावी आंकड़े थे और ईडी उन्हें जब्त करना चाहती थी। सिब्बल ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री वहां केवल एक आईफोन और कुछ लैपटॉप लेकर गई थीं ताकि पार्टी से जुड़ा डेटा सुरक्षित रहे। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि अगर एजेंसी कुछ जब्त करना चाहती थी तो वह कर सकती थी, लेकिन इस तरह सरकारी हस्तक्षेप स्वीकार नहीं किया जा सकता। अदालत ने कहा कि मामले की गहराई से जांच जरूरी है।

ईडी ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि मुख्यमंत्री और पुलिस अधिकारियों के वहां पहुंचने से एजेंसी का काम बाधित हुआ और अधिकारियों का मनोबल गिरा। कोलकाता हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान माहौल जानबूझकर खराब किया गया और अदालत परिसर में भीड़ जुटाई गई। ईडी अधिकारियों को धमकियां दी गईं, इसलिए एजेंसी चाहती है कि इस मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो से कराई जाए। अब इस मामले की अगली सुनवाई तीन फरवरी को होगी।

# 'भारतीय लोकतंत्र एक विशाल वृक्ष विविधता इसकी सबसे बड़ी ताकत'

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विविधता को भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए कहा है कि भारत ने यह साबित किया है कि लोकतांत्रिक संस्थाएं और लोकतांत्रिक प्रक्रियाएं लोकतंत्र को स्थिरता, गति और व्यापक स्तर प्रदान करती हैं और इसी का परिणाम है कि देश में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं तथा भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढती अर्थव्यवस्था है। उन्होंने कहा कि भारत इस विविधता का उत्सव मनाता है क्योंकि लोकतंत्र की नींव मजबूत है। भारतीय लोकतंत्र एक विशाल वृक्ष की तरह है, जिसे गहरी जड़ें सहारा देती हैं।



श्री मोदी ने गुरुवार को यहां राष्ट्रमंडल देशों की संसदों के अध्यक्षों तथा पीठासीन अधिकारियों के 28 वें सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए सम्मेलन के मुख्य विषय 'संसदीय लोकतंत्र की प्रभावी परिणति' का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि जब भारत आजाद हुआ तो उस दौर में यह आशंका व्यक्त की गई थी कि इतनी विविधता में, भारत में लोकतंत्र टिक नहीं पाएगा लेकिन भारत ने इसी विविधता को लोकतंत्र की ताकत बना दिया। उन्होंने कहा कि एक बड़ी आशंका यह भी थी कि भारत किसी भी हालत में विकास नहीं कर पाएगा लेकिन भारत ने साबित किया कि लोकतांत्रिक संस्थान और लोकतांत्रिक प्रक्रिया से ही लोकतंत्र की स्थिरता , गति और पैमाना तीनों आते हैं। भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढती अर्थव्यवस्था बताते हुए उन्होंने कहा कि भारत विभिन्न क्षेत्रों में दुनिया के शीर्ष देशों में शामिल है। प्रधानमंत्री ने ● शेष पेज 11 पर

## बीजापुर में 1.41 करोड़ के इनामी 52 माओवादी ने किया आत्मसमर्पण

बीजापुर। छत्तीसगढ़ शासन की पुनर्वास नीति 'पूना मारगेम' के तहत बीजापुर जिले में नक्सलवाद के खात्मे की दिशा में बड़ी कामयाबी मिली है। गुरुवार को बीजापुर में 1.41 करोड़ रुपये के इनामी 52 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया।

दक्षिण सब जोनल ब्यूरो से संबंधित 52 माओवादी कैडरों ने हिंसा का मार्ग त्यागकर शासन के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। इन सभी पर उनके पद एवं संगठन में भूमिका के अनुसार कुल 1.41 करोड़ रुपये का इनाम घोषित था। आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों में 21 महिला और 31 पुरुष कैडर शामिल हैं। यह आत्मसमर्पण राज्य की व्यापक नक्सल उन्मूलन नीति, सुरक्षा बलों के सतत प्रयासों और मेरा सुंदर गांव' (नियोद नेल्लानार) जैसी योजनाओं का ● शेष पेज 11 पर

# सत्ता में फिर लौटेगी बसपा

## 70वें जन्मदिन पर मायावती का ऐलान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की चार बार की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने अपने 70वें जन्मदिन के अवसर पर बड़ा राजनीतिक संदेश दिया। लखनऊ में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने भाजपा, समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि ये सभी दल बसपा के बहुजन आंदोलन को कमजोर करने की साजिश कर रहे हैं, जिसका करारा जवाब दिया जाएगा। उन्होंने पूरे दमखम के साथ दावा किया कि बसपा एक बार फिर उत्तर प्रदेश की सत्ता में वापसी करेगी।

मायावती ने कहा, पिछले कुछ वर्षों में कंग्रेस, भाजपा और दूसरी जातिवादी पार्टियां बसपा को कमजोर करने की



लगातार साजिश कर रही हैं। इसका मुंहतोड़ जवाब देना जरूरी है, ताकि पार्टी को पूरे देश में मजबूत किया जा सके और देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में फिर से सत्ता में लाया जा सके। मायावती ने ब्राह्मण समाज का जिक्र करते हुए कहा कि शीतकालीन सत्र के दौरान भाजपा, सपा और कांग्रेस के ब्राह्मण नेताओं ने आपसी मुलाकात कर अपने समुदाय की उपेक्षा पर चिंता जताई। ● शेष पेज 11 पर

# ईरान से अपने नागरिकों को निकालने की तैयारी में भारत

एजेंसी

❒ हिंसक प्रदर्शनों में अब तक 2500 से अधिक लोगों के मारे जाने की आशंका

नयी दिल्ली। ईरान में निरंतर बिगड़ती स्थिति और हिंसक प्रदर्शनों में अब तक 2500 से अधिक लोगों के मारे जाने की खबरों के बीच भारत वहां फंसे अपने नागरिकों को निकालने की तैयारी कर रहा है।

सूत्रों ने गुरुवार को कहा, ''ईरान में बदलती स्थिति को देखते हुए विदेश मंत्रालय उन भारतीय नागरिकों की स्वदेश वापसी को सुगम बनाने की तैयारी कर रहा है जो स्वदेश लौटना चाहते हैं। ईरान में अभी लगभग 10,000 भारतीय नागरिक रह रहे हैं जिनमें से करीब 3,000 मेडिकल छात्र हैं, जबकि लगभग 4,000 धार्मिक सेमिनरी के छात्र हैं। इसके अलावा ईरान के तटीय क्षेत्रों में लगभग 2,000 भारतीय मछुआरे भी रहते हैं। इनके अतिरिक्त व्यवसायी, पर्यटक और हर वर्ष ईरान आने वाले हजारों शिया तीर्थयात्री भी शामिल हैं। तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने बुधवार को जारी परामर्श में कहा था कि ईरान में मौजूदा स्थिति को देखते हुए वहां रहने वाले भारतीय नागरिकों, चाहे वे छात्र हों, तीर्थयात्री हों, व्यवसायी हों या पर्यटक, सभी को उपलब्ध परिवहन माध्यमों जिनमें वाणिज्यिक उड़ानें भी शामिल हैं के माध्यम से ईरान छोड़ने की सलाह दी जाती है। दूतावास ने आपात स्थिति के लिए हेल्पलाइन नम्बर भी जारी किये थे। लोग दूतावास से मोबाइल नम्बर 989128109115, 989128109109, 989128109102 और 989932179359 पर संपर्क कर सकते हैं। भारतीय दूतावास से ई मेल पर भी संपर्क किया जा सकता है। इससे पहले विदेश मंत्रालय ने भी परामर्श जारी करते हुए कहा था कि ईरान में जारी घटनाक्रम को देखते हुए भारतीय नागरिकों को अगली सूचना तक ईरान की यात्रा से सख्ती से बचने की सलाह दी जाती है। मंत्रालय ने इससे भी पहले ● शेष पेज 11 पर

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने मोर्चों—प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों को दिया लक्ष्य

# 2027 की ऐतिहासिक विजय के लिए अभी से जुटें

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



- ❒ पीएम मोदी और सीएम योगी के जनहितैषी कार्यों को लेकर जनता के बीच जाएं
- ❒ भाजपा के राज्य मुख्यालय लखन में आयोजित की गई बैठक

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने गुरुवार को पार्टी के विभिन्न मोर्चों और प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों का आह्वान किया कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सीएम योगी के जनहितैषी कार्यों व जन कल्याणकारी योजनाओं को लेकर जनता के बीच जायें और वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत का लक्ष्य लेकर अभी से जुट जायें। बैठक में महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने पदाधिकारियों से संगठन की रीति नीति, संगठन कार्यों की चर्चा की और कहा कि विपक्ष द्वारा जनता में फैलाए जा रहे भ्रम को मिटाने का काम करें।

भारतीय जनता पार्टी के राज्य मुख्यालय लखनऊ में गुरूवार को पार्टी के मोर्चो, प्रकोष्ठों और विभागों के अध्यक्ष, महामंत्री, संयोजक और सहसंयोजकों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष एवं केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी एवं प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने मार्गदर्शन किया जबकि संचालन विभाग-प्रकोष्ठों के प्रभारी ओम प्रकाश श्रीवास्तव ने किया।

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि विभाग और प्रकोष्ठों में कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि संगठन में कोई भी दायित्व छोटा या बड़ा नहीं होता, बल्कि हर दायित्व समान रूप से महत्वपूर्ण होता है। कार्यकर्ता अपने परिश्रम, समर्पण और संगठनात्मक कौशल के बल पर पार्टी और समाज में अपनी विशिष्ठ पहचान बनाता है। उन्होंने कहा कि समाज के विभिन्न वर्गों और क्षेत्रों तक पार्टी की विचारधारा पहुंचाने में विभागों और प्रकोष्ठों की निर्णायक भूमिका होती है। इनके माध्यम से विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों और वर्गों में काम करने वाले लोगों को पार्टी से जोड़ा जाता है, जिससे संगठन और अधिक मजबूत होता है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा सरकार ने गरीब कल्याण, गांव, गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के उत्थान के लिए ऐतिहासिक और अभूतपूर्व कार्य किए हैं। आज देश आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के संकल्प के साथ तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार ने कानून-व्यवस्था, सुशासन, बुनियादी ढांचे के विकास और गरीब कल्याण के क्षेत्र में नए मानक स्थापित किए हैं। उत्तर प्रदेश आज देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो रहा है और यह परिवर्तन भाजपा सरकार की नीतियों और दृढ़ इच्छाशक्ति का परिणाम है। पंकज चौधरी ने कहा कि पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता को संपर्क, संवाद और सेवा के भाव के साथ जनता के बीच जाकर कार्य करना होगा। प्रदेश अध्यक्ष ने 2027 के विधानसभा चुनावों की तैयारी पर जोर देते हुए कहा कि हमें 2017 से भी बड़ी और ऐतिहासिक विजय के लक्ष्य के साथ अभी से जुट जाना है। संगठन ने जो भी दायित्व सौंपा है, उसे पूरी निष्ठा, अनुशासन और समर्पण के साथ निभाना प्रत्येक कार्यकर्ता का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास कोई सकारात्मक एजेंडा नहीं है। मुद्दाविहीन विपक्ष झूठ, भ्रम और दुष्प्रचार के सहारे जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहा है, लेकिन भारतीय जनता पार्टी का जागरूक और प्रतिबद्ध कार्यकर्ता विपक्ष के हर झूठ को तथ्यों और सच्चाई के साथ बेनकाब करेगा। पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि भाजपा का संगठन कार्यकर्ता-आधारित और विचारधारा-प्रधान संगठन है। पार्टी की सबसे बड़ी ● शेष पेज 11 पर

योगी सरकार का 100 दिवसीय विशेष सघन टीबी रोगी खोज अभियान फरवरी से

# बुजर्गों, गंभीर रोगियों व मलिन बस्तियों में टीबी स्क्रीनिंग पर जोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। योगी सरकार एक बार फिर तपेदिक (टीबी) उन्मूलन के लिए प्रदेश में 100 दिवसीय विशेष सघन रोगी खोज अभियान शुरू करने जा रही है। फरवरी में शुरू हो रहे अभियान में जनप्रतिनिधियों व विभिन्न विभागों के सहयोग से अधिकतम मरीजों को खोजकर उनका इलाज शुरू करने की रणनीति है। स्वास्थ्य महानिदेशक ने सभी अपर निदेशकों व मुख्य चिकित्सा अधिकारियों (सीएमओ) को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग ने टीबी रोगियों को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार हेतु प्रशिक्षित करने के लिए कौशल विकास विभाग को लिखा है।

स्वास्थ्य सचिव डॉ. पिंकी जोवल ने बताया कि सघन टीबी खोज अभियान 7 दिसंबर 2024 से चलाया जा रहा है। इसी का नतीजा है कि वर्ष 2015 के सापेक्ष प्रति एक लाख व्यक्तियों में मरीजों की संख्या में 17 प्रतिशत और टीबी के कारण होने वाली मृत्यु में भी 17 फीसदी की कमी आई है। ऐसे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर विभाग ने एक बार फिर से फरवरी में सघन टीबी रोगी खोज अभियान चलाने का निर्णय लिया है। स्वास्थ्य महानिदेशक (डीजी) डॉ. आरपी सिंह सुमन ने जनभागीदारी के महत्व को ध्यान में रखते हुए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इस अभियान में जनप्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाए।

**❑ जनभागीदारी के लिए सांसद से लेकर पार्षद तक को शामिल करने के दिये निर्देश**

**❑ प्राइमरी स्कूलों से लेकर विश्वविद्यालय तक चलेगा जागरूकता अभियान**



सभी सीएमओ को निर्देश दिया गया है कि दो माह में सांसदों के साथ जनपद स्तरीय समीक्षा करवाएं और उन्हें निःक्षय शिविर व अन्य जनभागीदारी गतिविधियों में शामिल करें। ये समीक्षा बैठकें आगे भी जारी रहेंगी। इसके अलावा विधायकों, विधान परिषद सदस्यों, प्रधानों व पार्षदों को भी अभियान से जोड़ें। अभियान में सामाजिक जन जागरूकता बढ़ाने के लिए 'माई भारत' वालंटियर्स व अन्य पंजीकृत निःक्षय मित्रों का भी उपयोग करें।

**❑ सघन खोज अभियान से टीबी से होने वाली मौतों में 17 फीसदी की कमी**

**❑ निबंध और पोस्टर प्रतियोगिता से बच्चों को किया जाएगा जागरूक**

डीजी ने सभी कारागारों व मलिन बस्तियों में टीबी स्क्रीनिंग कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही प्राथमिक स्कूलों से लेकर विश्वविद्यालयों तक में निबंध, पोस्टर प्रतियोगिता समेत विभिन्न माध्यमों से छात्र-छात्राओं में जागरूकता फैलाने के लिए कहा है। इसके अलावा समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को जागरूक करने के भी निर्देश दिए हैं, ताकि वे टीबी के लक्षण वाले लोगों को स्क्रीनिंग के लिए भेज सकें। परिवहन विभाग से जुड़े समस्त चालकों व कंडक्टरों की स्क्रीनिंग कराने व कारखानों में काम करने वालों की भी शिविर लगाकर जांच करने को कहा गया है।

यह है अभियान की रणनीति : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों व उससे नीचे की स्वास्थ्य इकाइयों से पांच प्रतिशत और जिला अस्पताल, मेडिकल कॉलेजों से 10 प्रतिशत लोगों को सामान्य ओपीडी से टीबी जांच के लिए रेफर करना। आयुष्मान आरोग्य मंदिरों से टीबी जांच के लिए सैम्पल ट्रांसपोर्टरों की व्यवस्था कराना। बुजुर्गों व गंभीर मरीजों की यथासंभव जांच कराना। स्थानीय गैर सरकारी संगठनों, कॉरपोरेट, विभागों, संस्थानों को निःक्षय मित्र के रूप में प्रेरित करना।

# बांग्लादेश में हिंदुओं के उत्पीड़न पर हिन्दु समाज एकजुट हो



प्रयागराज। मकर संक्रांति स्नान पर्व पर त्रिवेणी के तट श्रद्धालुओं का ऐसा रेला उमड़ रहा है जिसमें देवता, किन्नर और मनुष्य सभी समान भाव से पुण्य की डुबकी लगा रहे हैं। माघ मेला क्षेत्र में प्रयागवाल नगर में कल्पवास कर रहे सनातनी किन्नर अखाड़ा पूरे उत्साह के साथ सुबह गंगा तट के लिए निकला । इस दौरान रास्ते में किन्नर अखाड़े के शिष्यों द्वारा तांडव नृत्य की प्रस्तुति की गई जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय और अलौकिक बना दिया। अखाड़े के सदस्यों ने गंगा तट पहुंचकर सबसे पहले अपनी कुल देवी बउचरा माता को गंगा स्नान कराया और फिर सामूहिक स्नान किया। इस दौरान अखाड़े की आचार्य महा मंडलेश्वर कौशल्या नंद गिरी ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की कि बांग्लादेश में जिस तरह से हिंदुओं का उत्पीड़न हो रहा है उसे देखते हुए यूपी के सीएम योगी जी के सनातन के एक जुट होने के आवाहन को संकल्प में बदलने का समय आ गया है।

## हमारी संस्कृति हमारी पहचान के तहत जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन



रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता । उप्र सरकार द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश पर्व हमारी संस्कृति हमारी पहचान ''संस्कृति महोत्सव 2025-26'' के अंतर्गत जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन सामुदायिक केंद्र रतापुर रायबरेली में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य उत्तर प्रदेश की समृद्ध संस्कृति और परंपराओं को बढ़ावा देना और युवाओं को अपनी संस्कृति से जोड़ना है। इस प्रतियोगिता में विभिन्न प्रकार की गतिविधियाँ शामिल हैं, जैसे कि नृत्य, गायन, वाद्य यंत्र रहा। उत्तर प्रदेश पर्व हमारी संस्कृति हमारी पहचान के अंतर्गत जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन एक महत्वपूर्ण अवसर है जो युवाओं को अपनी संस्कृति से जोड़ने और उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका प्रदान करता है। कार्यक्रम में प्रभारी अधिकारी जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद/जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी सुधीर गिरी, नोडल अधिकारी/प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कॉलेज रायबरेली डॉ0 स्मिता मिश्रा, डॉ0 विनीत कुमार त्रिवेदी, विनोद कुमार तिवारी, मृत्युंजय शुक्ला, अमित सिंह, यज्ञ दत्त शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

## एम्स रायबरेली में स्वामी विवेकानंद जयंती पर मनाया गया राष्ट्रीय युवा दिवस




रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता । एम्स रायबरेली ने 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती के मौके पर राष्ट्रीय युवा दिवस बड़े उत्साह और छात्रों और फैकल्टी सदस्यों की सक्रिय भागीदारी के साथ मनाया, जिससे कैंपस में एक प्रेरणादायक और गरिमापूर्ण माहौल बना। यह कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद के आदर्शों और शिक्षाओं का सम्मान करने और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर ज़ोर देने के लिए आयोजित किया गया था। सभा को संबोधित करते हुए, कार्यकारी निदेशक, डॉ. अमिता जैन ने चरित्र, अनुशासन और आत्मविश्वास के महत्व पर प्रकाश डाला, और छात्रों से अपनी ऊर्जा को समाज और राष्ट्र की सेवा में लगाने का आह्वान किया। छात्रों द्वारा आयोजित कई आकर्षक गतिविधियाँ इस उत्सव का मुख्य हिस्सा थीं। इनमें नैतिक और प्रेरणादायक विषयों को दर्शाने वाली कहानियों के सत्र, आज के युवाओं के विचारों और आकांक्षाओं को व्यक्त करने वाले भाषण और ख्रउउट्ट छात्रों द्वारा एक भावपूर्ण गायन प्रदर्शन शामिल था, जिसने कार्यक्रम में एक जीवंत सांस्कृतिक रंग भर दिया। यह उत्सव एक गंभीर और सार्थक संदेश के साथ समाप्त हुआ, जिसमें सभी उपस्थित लोगों ने युवा प्रतिज्ञा ली, और ईमानदारी, सामाजिक जिम्मेदारी और एक मजबूत और प्रगतिशील राष्ट्र के दृष्टिकोण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। कार्यक्रम में डीन (अकादमिक) प्रो. नीरज कुमारी, उप-निदेशक (प्रशासन) कर्नल अखिलेश सिंह, अपर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नीरज कु. श्रीवास्तव सहित संकाय सदस्य एवं छात्र उपस्थित थे।

## शहर को जाम से मुक्त करने के लिये नगर निगम पटरी दुकानदारों को व्यवस्थित करने में जुटा



वाराणसी, कैनविज टाइम्स संवाददाता। शहर को जाम राहत दिलाने के लिए नगर निगम पटरी व्यवसायियों को व्यवस्थित करने में जुटा हुआ है । इस क्रम में रामनगर क्षेत्र में घनी आबादी और बाजार में लगने वाले जाम की समस्या को देखते हुए निगम ने वहां व्यवस्थित वेंडिंग जोन बनाने का निर्णय लिया है। साथ ही इसके साथ ही क्षेत्र में रिक्त स्थानों पर पार्किंग और सार्वजनिक शौचालयों के निर्माण का खाका तैयार किया जा रहा है।रामनगर जोन कार्यालय में गुरुवार को व्यापारियों के संग हुई बैठक के दौरान बाजार क्षेत्र में अव्यवस्थित दुकानों से होने वाली जाम की समस्या खुलकर सामने आई । व्यापारियों ने पूर्व में प्रस्तावित दो स्थलों पर तत्काल व्यवस्थित वेंडिंग जोन बनाने का अनुरोध किया । इसके साथ ही घनी आबादी को देखते हुए रिक्त स्थानों पर पार्किंग और सार्वजनिक शौचालयों के निर्माण का अनुरोध किया। नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से लिया और उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इन सभी प्रस्तावों पर त्वरित रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।इसके पश्चात उन्होंने रामनगर जोन कार्यालय का भ्रमण कर वहां की व्यवस्थाएं देखीं। इस दौरान उन्होंने जोन कार्यालय के ग्रीन एरिया के चारों ओर पाथवे निर्माण व वाटर टैंक के पास ट्यूबवेल स्थल को पक्का कराते हुए वहां टीन शेड लगाने का निर्देश दिया। नगर आयुक्त ने रामनगर जोन व सुजाबाद क्षेत्र का सघन निरीक्षण कर वार्डों में साफ-सफाई की व्यवस्था तथा विकास कार्यों की हकीकत भी जानी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने डोमरी में जल निगम द्वारा निर्माणाधीन एसटीपी (सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट) के कार्यों को समय सीमा के भीतर पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए। मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के अंतर्गत चल रहे मार्ग निर्माण कार्यों का भी उन्होंने स्थलीय निरीक्षण किया और कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने की हिदायत दी। निरीक्षण के दौरान पार्षदगण, सहायक नगर आयुक्त अनिल यादव, रामनगर जोन के जोनल अधिकारी पवन गुप्ता, जलकल विभाग के महाप्रबंधक अनूप सिंह, अधिशासी अभियंता (सिविल) विकास कुरील सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## डीह में एबीवीपी ने निकाली विवेकानंद संदेश यात्रा

रायबरेली। डीह नगर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, नगर इकाई डीह के तत्वावधान में विवेकानंद संदेश यात्रा एवं खिचड़ी भोज का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यार्थी परिषद के प्रदेश सह मंत्री श्री अनिकेत श्रीवास्तव जी का प्रवास रहा।कार्यक्रम में प्रदेश राष्ट्रीय कला मंच की सह-संयोजक श्रीमती सरिता रावत जी एवं जिला विस्तारक श्री दुर्गेश तिवारी जी विशेष रूप से उपस्थित रहे।विवेकानंद संदेश यात्रा का शुभारंभ टेकरी मोड़ से होकर किया गया, जो विवेकानंद पार्क, राजीव गांधी तिराहा पर जाकर सम्पन्न हुई। यहां स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके पश्चात राजीव गांधी मार्ग स्थित संकट मोचन मंदिर परिसर में खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया।नगर मंत्री श्री हेरम्ब शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में लगभग 100 की संख्या में कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की।

# जिला कारागार नैनी के बाहर बैठने की नहीं है व्यवस्था झाड़-झखाड़ जमीन में बैठने को है मजबूर परिजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। प्रयागराज जिला कारागार नैनी जेल में निरुद्ध कैदियों से जो परिजन जान पहचान के लोग मिलाई करने जाते है रसीद कटने के बाद कुछ वक्त लगता है जिस कारण इंतजार करना पड़ता है लेकिन मिलाई करने गए लोगों के लिए कोई बाहर बैठने के लिए पुख्ता इंतजाम नहीं है आखिर जब बारिश या गर्मी में चिलचिलाती धूप रहती है तो मिलाई करने गए लोगों के ऊपर कोई छाया का सहारा नहीं रहता छोटे -छोटे नवनिहाल बच्चों को मां गोद में लेकर घंटों गुजारना पड़ता है कही जमीन में बैठकर तो कही पत्थर आदि का सहारा लेकर कारागार के आसपास गंदगी व झाड़ झखाड़ का अंबार है जब किसी उच्चाधिकारी का दौरा होता है उस समय साफ सफाई व्यवस्था लैश कर दी जाती है ताकि उच्चाधिकारी कमियां न पकड़ पाए और आने के पहले जिला कारागार के अधिकारियों को पता भी हो जाता है जिस कारण जो कमियां रहती है उसको पूरा भी कर लेते है क्षेत्र के सम्मानित व शोशल वर्कर ने शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए मिलाई करने गए लोगों के लिए भी समुचित बैठने के लिए व्यवस्था की माग की है

# विवाद के चलते बडोखर में नहीं बन पा रही पुलिया, आवागमन में वाहन सवारों को उठानी पड़ रही परेशानी

**स्थानीय लोगों में आक्रोश शासन प्रशासन नहीं उठा रहा ठोस कदम**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव, प्रयागराज। दो प्रांत को जोड़ने वाला मुख्य संपर्क मार्ग विवाद के कारण पुलिया का निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा यह मामला विकास खंड कोरांव के बडोखर ग्राम के चन्द्रशेखर कुशवाहा के घर के पास बडोखर से चिराव होकर मध्य प्रदेश को जाने वाला मुख्य संपर्क मार्ग का है पुलिया न बनने के कारण चार पहिया बड़े वाहन व कार नहीं आ जा पा रहे जिस कारण स्थानीय लोगों को मटेरियल आदि सामग्री समेत मंगवाने के लिए काफी बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है पुलिया बनने के लिए सीमेंट की आरसीसी पुलिया आकर स्थल पर रखी भी है लेकिन शासन प्रशासन अपनी हिम्मत जुटाकर जनहित में पुलिया का निर्माण कार्य कराने से पीछे है यदि कोई समाजसेवी पुलिया निर्माण कार्य कराने के लिए आगे आता भी है तो पत्थर बाजी शुरू हो जाता है जिस कारण पीछे हट जाते है एंबुलेंस व शासन प्रशासन के सरकारी वाहनों को भी आने जाने के काफी तकलीफ उठाना होता है बारिश के महीने में स्कूली छात्र छात्राओं को आने जाने में खतरा बना रहता है इस संदर्भ में गांव के ही रहने वाले राहुल तिवारी समेत अन्य लोगों ने कई बार सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत भी लोक निर्माण से दर्ज कराई लेकिन निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी प्रयागराज का ध्यान आकृष्ट कराते हुए पुलिया निर्माण कार्य पूरा कराने की माग की है

# उद्यान मंत्री की उपस्थिति में राज्य स्तरीय गोष्ठी एवं बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात उप्र सरकार दिनेश प्रताप सिंह की उपस्थिति में नगर पंचायत बछरावां सभागार में एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत राज्य स्तरीय गोष्ठी एवं बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

गोष्ठी में उद्यान मंत्री द्वारा एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत अजय कुमार सिंह को मशरूम इकाई की स्थापना हेतु परियोजना लागत धनराशि रु 58.22 लाख, नीरज कुमार को मशरूम उत्पादन इकाई की स्थापना हेतु परियोजना लागत धनराशि रु 63.13 लाख, श्यामा सिंह को पॉलीहाउस स्थापना हेतु परियोजना लागत धनराशि रु 28.75 लाख, महेन्द्र बहादुर सिंह को पॉलीहाउस स्थापना हेतु परियोजना लागत धनराशि रू 28.75 लाख, रितिक शेखर को पॉलीहाउस स्थापना हेतु परियोजना लागत धनराशि रु 28.75 लाख, कुल परियोजना लागत धनराशि 207.6 लाख रू का स्वीकृत पत्र एवं राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान, लखनऊ द्वारा नगर पंचायत बछरावां में आयोजित 4 दिवसीय मौन पालन का प्रशिक्षण प्राप्त किये गये। 40 कृषकों को प्रमाण पत्र एवं शहद उत्पादन हेतु 5-5 मधुमक्खी छत्ते एवं बी-कॉलोनी एवं विभागीय योजनान्तर्गत कृषकों का निःशुल्क सब्जी के बीज का वितरण किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मा0 उद्यान मंत्री ने कहा कि कुल धनराशि रू 972.15 लाख की लागत से जनपद रायबरेली में निर्मित हो रहा शहद उत्कृष्टता केन्द्र जनपद रायबरेली के कृषकों के लिए मील का पत्थर साबित होगा, स्थापना से जनपद में जहां शहद उत्पादन में वृद्धि होगी, जनपद के कृषक आसानी से प्रशिक्षण प्राप्त करके मौन पालन के क्षेत्र में अग्रणी होगें और उनकी आय में भी वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि मधुमक्खी पालन में परपरागण अन्य औद्यानिक फसलों के लिए भी हितकर होगी। डॉ0 अजीत कुमार शासनी निदेशक एन0बी0आर0आई ने कृषकों को मौन पालन की तकनीकी एवं शहद उत्पादन को बढावा दिये जाने के बारे में बताया गया। डॉ0 जय राम वर्मा जिला उद्यान अधिकारी रायबरेली ने कृषकों को बताया कि उद्यान विभाग द्वारा संचालित योजनान्तर्गत मौन पालन कार्यक्रम में परियोजना लागत धनराशि रू 3.20 लाख के सापेक्ष 40 प्रतिशत धनराशि रू 1.28 लाख का अनुदान देय है। कार्यक्रम में निदेशक एनबीआरआई संयुक्त निदेशक उद्यान, उप निदेशक उद्यान डॉ0 सौमित कुमार बोहरा, प्रधान वैज्ञानिक एनबीआरआई एवं प्रधान वैज्ञानिक एनबीआरआई डॉ दयाशंकर एवं अन्य वैज्ञानिकगण, उद्यान विभाग के कर्मचारी एवं लगभग 350 कृषक उपस्थित रहे।

# पेपर देकर वापस आ रहे भाई बहन समेत तीन को अनियंत्रित डम्फर ने कुचला मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। डलमऊ कोतवाली क्षेत्र अलग-अलग स्थानों पर हुए मार्गं दुर्घटना में भाई बहन समेत तीन लोगों की मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिये भेज दिया है डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पूरे कुंजन मजरे पखरौली निवासी अंकित यादव 28 वर्ष पुत्र रामसुमेर गुरुवार को सुबह के समय अपनी छोटी बहन सोनम 27 वर्ष पुत्री रामसुमेर को एमए का पेपर दिलाने भैरव मिश्र सोडासीं गया था पेपर सम्पन्न होने के बाद करीब दोपहर 1 बजे घर वापस आते समय से मुराई बाग गंग नहर के पास लालगंज की तरफ से तेज रफ्तार से आ रहे डम्फर चालक ने बाइक सवार भाई बहन को जोरदार टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

स्थानीय लोगों ने आनन-फानन दोनों घायलो को डलमऊ भर्ती कराया गया जहां पर चिकित्सक ने भाई व बहन को मृत घोषित किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिये भेज दिया है। वहीं घटना के बाद चालक फरार हो गया है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस को इस घटना से सम्बंधित कोई तहरीर नही मिली थी।

वही दूसरी घटना डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम घोरवारा और बहेरिया गांव के पास घटित हुई। जानकारी के मुताबिक डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सरिस्तापुर मजरे तेरखा गांव निवासी अजय कुमार 38 वर्ष पुत्र शिव बहादुर अपनी बाइक से चाचा राज बहादुर 45 वर्ष पुत्र शत्रोहन के साथ





अपने घर से डलमऊ सीएचसी इलाज कराने आ रहा था तभी घोरवारा और बहेरिया गांव के मध्य स्थित त्रिपुला पुल के पास पीछे आ रहे डम्फर चालक ने टक्कर मार कर फरार हो गया वहीं डम्फर की टक्कर से बाइक युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया वहीं पीछे बैठे चाचा को कही खरोच तक नहीं आई स्थानीय लोगों की मदद से गंभीर रूप से घायल युवक को आनन फानन डलमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां पर चिकित्सक मनीष सिह ने युवक को मृत घोषित किया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिये भेज दिया है।

## डलमऊ सरकारी अस्पताल इलाज कराने आ रहा था

युवक गुरुवार को दोपहर के समय सीने में दर्द होने पर अजय अपने चाचा राजबहादुर के साथ बाइक इलाज कराने के लिए सीएचसी आ रहा था इसी बीच घोरवारा और बहेरिया गांव के पास रायबरेली की तरफ से तेज रफ्तार से आ रहे डम्फर चालक ने बाइक सवार युवक को टक्कर मारकर फरार हो गया घटना मे बाइक सवार की मौत हो। वही मृतक के पिता शिव बहादुर की तहरीर पर पुलिस ने डम्फर चालक के मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू पड़ताल शूरू कर दिया है।

# सोलर रूफटॉप सिस्टम कानपुर नगर प्रदेश में तीसरे स्थान पर पहुंचा , ऊर्जा मंत्री ने दी बधाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा के नेतृत्व में ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश नित नए प्रतिमान स्थापित कर रहा है। इसी क्रम में कानपुर नगर में बिजली उत्पादन का स्वरूप तेजी से बदल रहा है।

प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत शहर की छतों पर स्थापित सोलर रूफटॉप सिस्टम से करीब 64 मेगावाट क्षमता की सौर बिजली तैयार हो रही है। अब तक जिले में 20,756 सोलर रूफटॉप सिस्टम लगाए जा चुके हैं, जिससे उत्तर प्रदेश नेडा के आंकड़ों के अनुसार सोलर रूफटॉप स्थापना के मामले में कानपुर नगर प्रदेश में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। शहर की छतें अब छोटे-छोटे पावर हाउस के रूप में उभर रही हैं। इस उपलब्धि पर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा ने जनपदवासियों को बधाई दी है। ऊर्जा विशेषज्ञों के अनुसार 64 मेगावाट सौर उत्पादन सालाना लगभग 9.6 करोड़ यूनिट स्वच्छ ऊर्जा के बराबर है। मौजूदा बाजार दरों के आधार पर इस बिजली का वार्षिक आर्थिक मूल्य करीब 34 से 38 करोड़ रुपये आंका जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि इतनी मात्रा में बिजली पारंपरिक स्रोतों से खरीदी जाए, तो सरकार, संस्थानों और उपभोक्ताओं को हर वर्ष इतनी बड़ी राशि खर्च करनी पड़ती। छतों पर सोलर संयत्र स्थापित करवाने वाले लोगों के बिजली के बिल भी कम आ रहे हैं।फरवरी 2024 से शुरू हुई प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत जिले में सोलर रूफटॉप स्थापना की रफ्तार लगातार बनी हुई है। वर्तमान में प्रतिदिन औसतन 80 से 90 नए सोलर सिस्टम लगाए जा रहे हैं। व्यक्तिगत आवासों के साथ-साथ बहुमंजिला भवनों और हाउसिंग सोसाइटियों के कॉमन एरिया में भी सोलर सिस्टम स्थापित किए जा रहे हैं, जिससे शहरी स्तर पर विकेंद्रीकृत बिजली उत्पादन का आधार मजबूत हो रहा है।ऊर्जा क्षेत्र के जानकारों के मुताबिक 64 मेगावाट सौर उत्पादन से सालाना करीब 80 हजार टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी आती है, जिसे पर्यावरणीय दृष्टि से लगभग 35 लाख पेड़ों के बराबर लाभ माना जा रहा है। इसके अलावा इतनी क्षमता से प्रतिदिन औसतन 30 से 35 हजार शहरी घरों की बिजली जरूरत पूरी की जा सकती है। कोयला आधारित बिजली की तुलना में सौर ऊर्जा को सस्ती, प्रदूषण-मुक्त और दीर्घकालिक समाधान माना जा रहा है।प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत प्रति किलोवाट सोलर रूफटॉप सिस्टम से रोजाना औसतन करीब 5 यूनिट बिजली का उत्पादन हो रहा है।


**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 05.02.2026 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 0032026 dated 14.01.2026 |
| 2 | निविदा संख्या | 31-Sr.DEN-IV-LKO/2025-26 |
| 3 | कार्य का नामः वरि0 मण्डल इंजीनियर–चतुर्थ–लखनऊ के तहत सुलतानपुर और सिंदुरवा यार्ड सुधार और लेआउट सुधार कार्य। | |
| 4 | अनुमानित लागत | Rs. 31115762.85 |
| 5 | धरोहर राशि | Rs. 305600.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से बारह माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारम्भ | 22.01.2026 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 05.02.2026 at 15:00 hrs. |
| 9 | वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोट :– निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 150/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# भोजपुरी समाज के पदाधिकारियों ने मनाया प्रभुनाथ राय का 64वां जन्मदिन

**प्रभुनाथ राय के भोजपुरी समाज के लिए किए गए कार्यों पर हुई चर्चा**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभुनाथ राय के 64 वें जन्मदिन पर अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के द्वारा समाज के सभी पदाधिकारिओं एवं सदस्यों ने होटल लैक व्यू ग्रीन में हजारों की संख्या लोग उपस्थित होकर भव्य तरीके से मनाया।

इस कार्यक्रम में लोक निर्माण विभाग के विभागाध्यक्ष अशोक कुमार दिवेदी तथा अमर नाथ उपाध्याय विशेष सचिव भी उपस्थित रहे। अखिल भारतीय भोजपुरीसमाज के पदाधिकारिओ में मनोज सिंह, के.डी. अग्रवाल, वेद प्रकाश राय, मनोज राय, आर.के.त्यागी, पी.एन. तिवारी, वी.एम. राय, लोक गायक सुरेश कुशवाहा, संजय सिंह, रामविलास यादव सहित हजारों लोग उपस्थित होकर प्रभुनाथ राय को जन्मदिन पर शुभकामनाये दीं और स्वास्थ्य, दीर्घायु के लिए इश्वर से कामना की। वेद प्रकाश राय ने अपने सम्बोधन में प्रभुनाथ राय के द्वारा भोजपुरी समाज के लिए किये गये अदभूत और ऐतिहासिक कार्यो की चर्चा करते हुए समाज के लिए अनुकरणीय है।

# अस्पतालों में व्यर्थ की चीजों पर न खर्च करें बजट : ब्रजेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। स्टेट ट्रांसफार्मेशन कमीशन उप्र की ओर से आयोजित मातृत्व सुरक्षा संकल्प कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि हमें योजनाओं को धरातल पर पहुंचाने की जरूरत है। मातृ एवं शिशु दर को कम करने में हम भले ही कुछ काम कर सके हैं, लेकिन जरूरत है कि हर गर्भवती को समय से बेहतर इलाज मिल सके। सवाल किया कि विभाग के अफसर निजी अस्पतालों के आंकड़ों को क्यों नहीं सहेज पाते हैं? जब हमने कोविड में हर निजी अस्पताल से इलाज करवाने वाले मरीजों और मृत लोगों की संख्या पोर्टल पर हासिल की तो फिर मातृ एवं शिशु दर के आंकड़ों को पूरी तरह से निजी अस्पतालों से क्यों नहीं पा सकते हैं। गोमती नगर के ताज होटल में हुए आयोजन में मुख्य अतिथि डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, कमीशन के सीईओ व पूर्व मुख्य सचिव मनोज सिंह, एसीएस अमित घोष, एनएचएम एमडी डॉ. पिंकी जोवल ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को आड़े हाथों लिया। डिप्टी सीएम ने परिवार कल्याण के डीजी डॉ. पवन कुमार अरुण से पूछा कि एक माह में कितने शिशु का जन्म होता है। उस आधार पर एक गर्भवती को कितनी आयरन की गोली दी जानी चाहिए। इस सवाल पर डॉ. पवन तुरंत गुणा भाग करने लगे। उन्होंने सवाल का जवाब दिया कि करीब 20 करोड़ आयरन की गोली की जरुरत पड़ती है। इस पर डिप्टी सीएम ने पूछा कि ड्रग कारपोरेशन के एमडी या अफसर बताएं कि इतनी गोली की आपूर्ति की जा रही है या नहीं। ड्रग कारपोरेशन से कोई अफसर नहीं मौजूद था। जमीनी स्तर पर काम करें अफसर डिप्टी सीएम ने स्वास्थ्य विभाग के अफसरों से कहा कि वह जमीनी स्तर पर काम करें, योजनाओं को लागू कराने में कोई कमी न छोड़ें। स्वास्थ्य विभाग के बजट में उन चीजों की कटौती करें, जो आवश्यकता के अनुरूप न हो। अस्पताल में मरीजों से जुड़ी चीजों पर खर्च करें। बिना जरुरत की चीजों पर बजट व्यर्थ में न खर्च करें। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 के बाद से अब तक उप्र ने संस्थागत प्रसवों में वृद्धि और मातृ एवं नवजात देखभाल सेवाओं को मजबूत करने के माध्यम से मातृ मृत्यु दर को कम करने में निरंतर प्रगति की है, लेकिन मातृ एवं नवजात मृत्यु और बच्चों में कुपोषण अब भी एक गंभीर स्वास्थ्य चुनौती बना हुआ है। एसीएस अमित घोष ने कहा कि 2000 के दशक की शुरुआत में प्रति एक लाख में 500 से ज्यादा नवजातों की मौत हो जाती थी। जागरुकता और संसाधनों के इस्तेमाल से अब मैटरनल मॉर्टलिटी रेशियो घटाकर एक लाख पर 141 पहुंच गई है। कार्यक्रम में लखनऊ मंडल के अपर निदेशक डॉ. जीपी गुप्ता, परिवार कल्याण डीजी डॉ. पवन कुमार अरुण, सीएमओ डॉ. एनबी सिंह समेत अन्य अफसर और डॉक्टर रहे।

## मरीजों के लिए निजी संस्थाएं आगे आएं: ब्रजेश

लखनऊ। मरीजों की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। जरूरतमंदों, बीमार और कमजोर लोगों की निस्वार्थ भाव से मदद करना चाहिए। इसमें सरकार के अलावा निजी संस्थाओं को भी आगे आने की जरूरत है। हरिओम सेवा संस्थान केजीएमयू में मरीजों की लंबे अर्से से मदद कर रहा है। दूसरी संस्थाएं भी नेक काम के लिए हाथ बढ़ाएं। यह अपील डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने की। गुरुवार को केजीएमयू के कलाम सेंटर में हरिओम सेवा संस्थान की ओर से खिचड़ी भोज आयोजित हुआ। इस मौके पर डिप्टी सीएम ने एम्बुलेंस हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। यह एंबुलेंस व्यवसायी प्रदीप अग्रवाल ने संस्था को दान की है। उन्होंने कहाकि एम्बुलेंस मरीजों एक से दूसरे स्थान तक ले जाने में मददगार साबित होगी। डिप्टी सीएम ने कहाकि केजीएमयू में प्रदेश भर से मरीज इलाज के लिए आ रहे हैं। यहां मरीजों का काफी दबाव है। मरीजों को बेहतर इलाज मुहैया कराने के लिए लगातार सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं। नई तकनीक से संस्थान को जोड़ा जा रहा है। मरीजों को सस्ती दर पर आधुनिक चिकित्सा मुहैया कराई जा रही है। डॉक्टर व कर्मचारियों की सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं। संस्था के जनरल सेक्रेटरी कमल खन्ना ने कहा कि हरिओम सेवा संस्थान केजीएमयू में जरूरतमंद मरीजों को मुफ्त दवा, भोजन और अन्य सेवाएं उपलब्ध करा रहा है। अब संस्था के पास दो एंबुलेंस हो गई हैं। जो पूरी तरह निःशुल्क सेवा के लिए होंगी। फ्री एंबुलेंस सेवा के लिए रेस्पिरेटरी विभाग स्थित हरिओम सेवा संस्थान में संपर्क किया जा सकता है।

# बीकेटी थाने से चंद कदम दूरी पर महिला सिपाही के घर हुई बड़ी चोरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बीकेटी, लखनऊ । बख़्शी का तालाब पुलिस थाने से चंद कदम दूरी पर स्थित पुलिस कांस्टेबल सविता सिंह पत्नी वीर पाल सिंह तोमर के घर में बीती रात लाखों के स्वर्ण आभूषण, नकदी, कपड़े व बर्तन चोरी हो गए।

भुक्तभोगी वीरपाल सिंह तोमर 'राहुल' ने बताया कि उसका घर बख्शी का तालाब पुलिस स्टेशन के समीप स्थित बालाजी विहार कॉलोनी में है। उसकी पत्नी सविता सिंह उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी है। वह पुलिस लाइन बलरामपुर में तैनात है। राहुल कल दोपहर बख्शी का तालाब से अपने बाल-बच्चों के पास बलरामपुर चला गया था। गुरुवार सुबह 9:30 बजे ठेकेदार उमेश मिश्रा ने फोन पर बताया कि आपके घर में चोरी की वारदात हो गयी है। यह सूचना पाकर प्रार्थी बलरामपुर से अपने घर आया। प्रार्थी के घर आने के पहले उमेश ने डायल 112 पुलिस को सूचित कर दिया था। पुलिस मौके पर छानबीन करने भी आयी थी।राहुल ने अपने घर आकर देखा कि चोरों ने उसके पूरे घर को तहस- नहस कर डाला है। चोरों ने उसकी माँ के कमरे में लकड़ी की अलमारी तोड़कर उनके कुछ आभूषण जैसे- एक जोड़ी चांदी के पायल, एक जोड़ी सोने के बाला व एक सोने की कील और करीब 3500 रुपये चुरा ले गये। इसी कमरे से एक अदद सैमसंग एलईडी टीवी भी चोर ले गए।जबकि उसके बेडरूम में रखी गोदरेज अलमारी तोड़कर एक अदद सोने का हार,एक जोड़ी सोने के झाला,एक सोने की चैन,चार सोने को अंगूठी और 50 हजार रुपये नगद चुरा लिये।इसके अलावा उसके कमरे का बेड और वहाँ रखी संदूक तोड़ कर कुछ कपड़े और बर्तन चुराए। चोरों ने उस बेडरूम में बने तहखाने को खोलकर वहां से भी कुछ शादी वाले बर्तन चुरा ले गये।बीकेटी पुलिस महिला सिपाही के घर घटित इस चोरी की जाँच कर रही है। इसके पहले भी थाना क्षेत्र में चोरी की अनेक घटनाएं घटित हो चुकी हैं। अभी कुछ दिन पहले हाइवे के किनारे पुलिस चौकी के पास तीन दुकानों में शटर तोड़कर चोरी हुई थी। चोरी की बढ़ती घटनाओं से नागरिकों में दहशत है।

# भक्ति और सेवा का अद्भुत संगम: आलदेव बाबा मंदिर में मकरसंक्रांति मेले का भव्य समापन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ । क्षेत्र के मोती का पुरवा गांव स्थित आलदेव बाबा मंदिर में मकरसंक्रांति के पावन अवसर पर आयोजित दो दिवसीय मेले का श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक सेवा के भाव के साथ भव्य समापन हुआ। मेले के दूसरे दिन मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहा। समापन समारोह में वरिष्ठ भाजपा नेता नागेश्वर द्विवेदी, क्षेत्रीय विधायक अमरेश रावत एवं जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज ने आलदेव बाबा के दर्शन-पूजन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके पश्चात अतिथियों द्वारा असहाय एवं जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरित कर मानव सेवा का संदेश दिया गया। इस अवसर पर अपना दल (एस) के जिलाध्यक्ष हरिओम पटेल, व्यापार मंच जिलाध्यक्ष एवं भावी प्रत्याशी विकास पटेल, विनोद वर्मा, भावी प्रत्याशी नवीन मिश्रा, देवेंद्र सिंह, समेसी ग्राम प्रधान अशोक रावत, सूर्य कुमार द्विवेदी, बृजेश वर्मा, ललित सिंह , प्रधान विकास पटेल सहित अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## समेसी में रसूलपुर ग्रामीण क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-7 का शानदार आगाज़



**नगराम, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** समेसी क्षेत्र में रसूलपुर ग्रामीण क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 (सीजन-7) का गुरुवार को भव्य शुभारंभ उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि राजेश वर्मा एवं पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने किया साथ में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान अशोक कुमार रावत की गरिमामयी उपस्थिति रही। उद्घाटन मुकाबला कनकहा गढ़ी और नगराम टीम के बीच खेला गया, जिसमें खेल प्रेमियों की भारी भीड़ मौजूद रही। टूर्नामेंट के आयोजक अमित लोधी उर्फ चन्दन एवं हरिओम लोधी ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 16 टीमें भाग ले रही हैं, जिससे क्षेत्रीय युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। उद्घाटन मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए कनकहा गढ़ी की टीम 84 रन पर सिमट गई। लक्ष्य का पीछा करते हुए नगराम टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए आसान जीत दर्ज की। आयोजकों ने बताया कि आने वाले दिनों में टूर्नामेंट के मुकाबले और भी रोमांचक होंगे। वहीं दर्शकों में क्रिकेट को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

## मकर संक्रांति पर गोसाईगंज जमालपुर कुर्मियां में जरूरतमंदों को बांटे गए कंबल व जैकेट



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मकर संक्रांति के पावन पर्व के मौके पर गोसाईगंज के जमालपुर कुर्मियां में सैकड़ों जरूरतमंदों को कंबल और जैकेट वितरित किए गए ।यह काम राम कीर्तन वर्मा और पवन वर्मा की ओर से किया गया। यह आयोजन समाज में सहयोग और सद्भावना को बढ़ावा देने वाला है ।इस कार्यक्रम में आनंद वर्मा,दिवाकर वर्मा,राजकमल वर्मा,कमल राज वर्मा,मोनू वर्मा,रीता वर्मा,ऋचा पटेल,अंशिका पटेल,अरुणिमा वर्मा,आराध्या वर्मा,अनविका वर्मा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## मारपीट व जान से मारने की धमकी का आरोप

**नगराम, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगराम थाना क्षेत्र के ललईखेड़ा मजरा समेसी गांव में गुरुवार को आपसी विवाद के चलते मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता शिवदेवी पत्नी सतगुरु ने थाना नगराम में तहरीर देकर गांव निवासी रामचन्द्र पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता शिव देवी के अनुसार गुरुवार की दोपहर लगभग 2 बजे के आसपास आरोपी रामचन्द्र ने बिना किसी विवाद के उसके पुत्र सत्यम की गर्दन पकड़कर उसके साथ मारपीट की। बीच-बचाव करने पहुंची पीड़िता की देवरानी फूलमती के साथ भी मारपीट की गई। आरोप है कि आरोपी ने लाठी-डंडों से पीड़िता की पुत्री रमाकांती को भी घायल किया। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी गाली-गलौज करते हुए घर तक पहुंच गया और ईंट लेकर हमला करने दौड़ा, साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। घटना का वीडियो पीड़िता के पास उपलब्ध होने की बात कही गई है। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि गांव के ही कुछ लोग आरोपी को उकसाने का काम कर रहे हैं। मामले में नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि तहरीर के मुताबिक मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## मकर संक्रांति पर खिचड़ी भोज का आयोजन

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** दुबग्गा क्षेत्र के इटौली में मकर संक्रांति के अवसर पर खिचड़ी भोग का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम तुलसी राम यादव द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें ग्रामीणों को खिचड़ी प्रसाद वितरित किया गया। इस आयोजन में कई गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। इनमें मुख्य अतिथि के रूप में मोहनलालगंज से पूर्व संसद केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर , बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला शमिल होकर सभी को मकर संक्रांति की बधाई शुभकामनाएं दी एवं उपस्थित जनसमूह से लोकतंत्र को सशक्त बनाने हेतु मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जुड़वाने की अपील की, ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। कार्यक्रम में सतीश कुमार, आर.डी. पाल, संजय रावत, दयाराम यादव, निर्मल यादव, आदर्श मोहन मिश्रा, बबलू तिवारी, मधुर अवस्थी, मोहन, छबन सहित अनेक सम्मानित कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। जनसंपर्क, सहभागिता और लोकतांत्रिक जागरूकता से परिपूर्ण यह आयोजन अत्यंत प्रेरणादायी रहा। खिचड़ी भोग का यह आयोजन सुबह से शुरू होकर शाम 5 बजे तक चला। इसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# पुलिस ने एक घंटे में खोज निकाला खोया हुआ रिवाल्वर व अन्य महत्वपूर्ण कागजात



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । गोसाईगंज पुलिस ने खोए हुए रिवाल्वर और साथ में कुछ महत्वपूर्ण डाकूमेंट को खोज निकाला और उसके स्वामी को वापस लौटा दिया।एस एच ओ गोसाईगंज डीके सिंह की ओर से जारी प्रेस नोट के अनुसार श्रावस्ती जिले के डाक्टर भुवनेश्वर पान्डेय अपने मित्र से मिलने लखनऊ आए हुए थे। गोसाईगंज में उनका बैग कहीं गिर गया।उसी बैग में रिवाल्वर ,शस्त्र लाइसेंस,के अलावा कुछ अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे हुए थे।श्री पांडेय ने अपने बैग के खोने की जानकारी गोसाईगंज पुलिस चौकी पर मौजूद सिपाही लवकुश तिवारी को दी।इस सिपाही ने पूरा मामला प्रभारी निरीक्षक डीके सिंह को दी। पुलिस सक्रिय हो गई। सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए और एक घंटे के अंदर खोया हुआ बैग बरामद कर लिया गया। इंस्पेक्टर गोसाईगंज के अनुसार बरामद किया गया सामान उसके स्वामी लवकुश तिवारी को वापस कर दिया गया।

# गांव में दिख रही प्रगति की तस्वीर,ग्रामीणों में खुशी

**सरंई गुदौली में विकास की लिखी जा रही नई इबारत**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के गोसाईगंज ब्लॉक अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सरंई गुदौली इन दिनों तेजी से विकास की राह पर अग्रसर है। पंचायत क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था, तालाब सौंदर्यीकरण, बोटिंग सुविधा एवं सड़क निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विकास कार्य व्यापक स्तर पर कराए जा रहे हैं, जिससे पूरे गांव में बदलाव साफ नजर आ रहा है और ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है। ग्राम प्रधान अर्चना वर्मा के नेतृत्व में पंचायत में विकास कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जा रहा है। वहीं ब्लॉक प्रमुख विनय वर्मा उर्फ डिम्पल के सहयोग से पंचायत को विकास की नई दिशा मिली है। ग्रामीणों का कहना है कि आज तक ग्राम पंचायत सरंई गुदौली में इतना व्यापक, सुनियोजित और प्रभावशाली विकास कार्य कभी नहीं हुआ। पहले जहां बरसात के मौसम में जलभराव एक बड़ी समस्या थी, वहीं अब सुदृढ़ जल निकासी व्यवस्था से लोगों को बड़ी राहत मिली है। तालाबों के सौंदर्यीकरण से न केवल गांव की सुंदरता में इजाफा हुआ है, बल्कि तालाब में बोटिंग की सुविधा शुरू होने से आसपास के क्षेत्रों से भी लोग यहां घूमने आ रहे हैं। इतना ही नहीं, पंचायत क्षेत्र में स्थित लगभग 300 वर्ष पुराने ऐतिहासिक सूर्य कुण्ड का भी जीर्णोद्धार कराया गया है, जिसमें गौघाट का निर्माण भी शामिल है। ग्रामीणों ने बताया कि कार्तिक माह में यहां भव्य मेले का आयोजन होता है, जिसमें दूर-दराज से श्रद्धालु पहुंचते हैं। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान एवं ब्लॉक प्रमुख के प्रयासों की सराहना करते हुए आभार जताया और कहा कि यदि इसी तरह विकास कार्य लगातार चलते रहे तो सरंई गुदौली जल्द ही क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बना लेगी।

# धूमधाम से मनाया गया उत्तरायणी त्यार, मंच पर वही सभ्यता और संस्कृति की बयार

कनावज टाइम्स सवाददाता



लखनऊ। मकर संक्रांति के अवसर पर बृहस्पतिवार को पंतनगर सांस्कृतिक समिति उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड सरकार के सहयोग से उत्तरायणी त्यार खिचड़ी भोज और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मंच पर पर्वतीय समाज से जुड़ी संस्कृति एवं सभ्यता को जीवंत बनाए रखने के लिए कई सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए इस दौरान मंच पर प्रदर्शित हुए छोहलिया नृत्य ने पूरे समाज को मन मुग्ध एवं आनंदित करते हुए संस्कृति एवं सभ्यता का परिचय दिया।बीते कई सालों से मकर संक्रान्ति के शुभ अवसर पर ''उत्तरायणी त्यार कार्यक्रम का आयोजन बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। इस वर्ष भी समिति के कार्यालय मंच पर इसकी प्रस्तुति और खास हो गई, जब उत्तर प्रदेश सरकार और उत्तराखंड सरकार के संस्कृति विभाग से सहयोग मिला, मंच पर छोटे बड़े सभी कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रोग्राम की प्रस्तुति दी, वहीं उत्तराखंड सरकार के द्वारा भेजे गए पर्वतीय समाज की संस्कृति और सभ्यता को जीवंत बनाए रखने के लिए छोलिया नित्य के कलाकारों ने चार चांद लगा दिए,मंच के सामने बैठे नेता गणमान्य और पर्वतीय समाज के लोगों को पौराणिक सभ्यता और संस्कृति का परिचय मिला ।समिति के अध्यक्ष उमेश चंद्र सनवाल ने उत्तरायणी त्यार''को उत्तराखंड का एक प्रमुख त्योहार बताते हुए सभी लोगो को मकर संक्रान्ति व उत्तरायणी त्यार की शुभकामनाएं अर्पित की और उत्तराखण्ड की लोक संस्कृति को जन-जन तक पहुंचाने के लिए समिति के समस्त पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा हमारी संस्कृति प्राचीन सभ्यता को जीवित रखने के लिए सभी समाज को एकजुट और त्योहारों के महत्व के बारे में एक संदेश देने का मेरा एक मात्र प्रयास है। जिस समाज के सभी लोग मिलकर पूरा करेंगे, पूरन सिंह नयाल ने बताया इसे घुघुतिया त्यार भी कहते हैं, जिसमें आटे-गुड़ से बने घुघुते कौवों को खिलाए जाते है, नदियों में स्नान और लोक संगीत-नृत्य के साथ प्रकृति और संस्कृति का जश्न मनाया जाता है।मंच पर उत्तराखण्ड से कलाकारों ने अपनी पारम्परिक लोक संस्कृति की सुन्दर प्रस्तुति दी गई कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छोलिया नृत्य रहा,कार्यक्रम के दौरान सभी ने खिचड़ी भोज का आनंद लिया। इस दौरान भाजपा नेता संतोष सिंह, व्यापार मंडल के पदाधिकारी पर्वतीय समाज के वरिष्ठ कार्यकर्ता पदाधिकारी और कलाकार मौजूद रहे।

# स्थापना दिवस पर रामलीला के कलाकारों को किया गया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज, लखनऊ । मोहनलालगंज नगर पंचायत के मऊ गांव में श्री बंशी बाबा रामलीला व दशहरा मेला समिति का 57वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया स्थापना दिवस के अवसर पर मंचन कर रहे कलाकारों को समिति द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया ।

श्री बंशी बाबा रामलीला एवं दशहरा मेला समिति का 57वाँ स्थापना दिवस बुद्धवार को धूमधाम से मनाया गया।इस मौके पर समिति के प्रबंधक अरविंद कुमार मिश्रा उर्फ काका जी के द्वारा समिति के सदस्यों समेत रामलीला के कलाकारो को स्मृति चिंह भेंट कर उनको सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर प्रीतभोज का आयोजन किया गया। श्री बंशी बाबा रामलीला व दशहरा मेला समिति का 57वाँ स्थापना दिवस पूर्व प्रधान स्व0 कैलाश नाथ मिश्र की स्मृति में मनाया गया । इस अवसर पर प्रबंधक अरविंद कुमार मिश्र उर्फ काका जी एवं उनकी पत्नी द्वारा श्री बंशी बाबा मंदिर पर हवन पूजन किया गया तत्पश्चात दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रबंधक सहित पदाधिकारियो द्वारा उत्कृष्ट कार्यो को देखकर समिति के सदस्यो व रामलीला के कलाकारो को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया।समिति के कोषाध्यक्ष आशीष द्विवेदी व मनीष तिवारी द्वारा बीते वर्ष हुए कार्यक्रमो में आय - व्यय का व्यौरा प्रस्तुत किया गया। वहीँ चौकी प्रभारी मोहनलालगंज अतुल सिंह सिपाही विकास सिंह को समिति द्वारा अंग वस्त्र भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया प्रबंधक अरविंद कुमार मिश्रा ने आए हुए सभी आगंतुकों का आभार प्रकट किया । इस मौके पर चेयरमैन प्रतिनिधि सत्यम पांडे अरुणेश प्रताप सिंह दल्लू शिवअटल सिंह, डायरेक्टर रंजीत यादव गुड्डू , अतुल तिवारी, सतीश अवस्थी, , टाइगर सिक्योरटी के चेयरमैन सूबेदार सिंह टाइगर पत्रकार धीरेन्द्र बहादुर सिंह, शिव बालक गौतम ,मोनू यादव जय शरण तिवारी हिमांशु सिंह अरुण यादव , राहुल सिंह, शशांक मिश्रा विपिन यादव नितुल शर्मा दीपक शर्मा समेत समिति के सभी सदस्य, कलाकार व सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# वित्त मंत्री ने जरूरतमंदों को बांटें कम्बल व स्वेटर

**हरिकिशन त्यागी की पुण्यतिथि में हुआ कम्बल व स्वेटर वितरण कार्यक्रम का आयोजन**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। समाजसेवी हरिकिशन त्यागी की 37वीं पुण्यतिथि पर हरि कौशल त्यागी जनकल्याण समिति औरर भारतीय युवा चेतना मंच ने हरिकौशल त्यागी पब्लिक स्कूल रोजा में कम्बल व स्वेटर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने जरूरतमंदों को कम्बल व स्वेटर बांटे। उन्होंने कहा कि समाज में सभी एक सामान नहीं होते हैं, कुछ लोग शारारिक, आर्थिक और मानसिक रूप अधिक सक्षम हैं और कुछ लोग अधिक कमजोर होते हैं। सक्षम और सामर्थवान लोगों को जरूरतमन्दों की मदद करनी चाहिंए। कहा कि माता-पिता और बड़े बुजुर्गों के नाम पर सेवा करना अत्यंत पुनीत कार्य है। हरिकिशन त्यागी की पुण्यतिथि पर उनके परिवार द्वारा प्रत्येक वर्ष कम्बल वितरण किया जाना सराहनीय है। इससे जरूरतमंदों की दुआएं दिल से निकलती हैं। इन दुआओं में बहुत असर होता है। कार्यक्रम संयोजक नरेंद्र त्यागी ने बताया कि वो हरवर्ष पिता की पुण्यतिथि पर कम्बल वितरण करते हैं। आज लगभग 380 कम्बल और 450 स्वेटर वितरित किए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदीप मिश्रा, योगेंद्र किशन त्यागी, कुलदीप त्यागी, अर्जुन त्यागी, रामशंकर, सुनील तिवारी, प्रणव त्यागी, चिन्मय त्यागी, रविन्द्र त्यागी, मयंक मिश्रा, अरविंद राजपाल, दीपक सक्सेना, अरविंद शर्मा, आदित्य शुक्ला, विद्यासागर, रामरक्ष पाल, अनिल सिंह, मिथलेश यादव आदि कई लोग मौजूद रहे।

# सकल हिन्दू समाज आयोजक समिति के तत्वाधान में हिंदू सम्मेलन का किया गया भव्य आयोजन

**हिन्दू सम्मेलन सनातन संस्कृति एवं धार्मिक संस्कारों के प्रति जन जन को जागरूक करने में मील का पत्थर साबित हो रहा है: मंहत राजू दास**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बिसवा, सीतापुर। सकल हिन्दू समाज आयोजक समिति के तत्वाधान में राधा कृष्ण बस्ती के अन्तर्गत कानपुर बिसवा ट्रांसपोर्ट प्रांगण में हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महंत हनुमान गढ़ी अयोध्या महाराज राजू दास,मुख्य वक्ता बौद्धिक प्रमुख मिथलेश एवं विशिष्ट अतिथि मातृ शक्ति समाज सेविका डॉ रितु भारद्वाज रही।

मुख्य अतिथि महंत महाराज राजू दास ने कहा कि हिन्दू सम्मेलन सनातन संस्कृति एवं धार्मिक संस्कारों के प्रति जन जन को जागरूक करने में मील का पत्थर साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि समाज के विभिन्न वर्गों द्वारा मिलकर हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है,जिसका परिणाम यह है कि समाज के सभी लोग बिना किसी भेदभाव के एकजुट होकर कार्यक्रम को सफल बना रहे हैं। उन्होंने ने कहा कि समाज के समस्त अंगों में आपस में भाईचारा को बढ़ावा मिल रहा है। छोटे छोटे मतभेद भी समाप्त हो रहे हैं एवं विशेष रूप से युवाओं को हिंदू सनातन संस्कृति के संस्कारों से अवगत होने का सौभाग्य मिलेगा। मुख्य वक्ता बौद्धिक प्रमुख मिथलेश ने कहा है कि हिन्दू सम्मेलनों के आयोजन का उद्देश्य सनातन संस्कृति, सनातन धर्म एवं सामाजिक एकता को मज़बूत करना है, आज जिसकी प्राप्ति होती हुई भी दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि भारत का आज संपूर्ण विश्व में डंका बज रहा है।विश्व के काफ़ी संख्या में देशों के साथ भारत के सम्बंध व्यावहारिक हो रहे हैं,जिसके चलते भारत काफ़ी शक्तिशाली देश बनता जा रहा है।

वशिष्ट अतिथि समाजसेविका डॉ.रितु भारद्वाज ने कहा कि हिन्दू समाज अपनी शक्ति को पहचान चुका है, बस आज जरूरत है उसे सही दिशा एवं उचित मार्गदर्शन की।हिन्दू सम्मेलन के आयोजकों को मुझे आमंत्रित करने के लिए साधुवाद एवं शुभकामनाएं देती हूं।कार्यक्रम का सफल संचालन साहित्यकार आनन्द खत्री ने किया। इस अवसर पर काफ़ी संख्या में हिंदू जन एकत्र हुए ।

# सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव के सिधौली आगमन पर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत

**समाजवादी पार्टी हमेशा जनता की आवाज उठाती रही है और आने वाले समय में संगठन को और अधिक मजबूत किया जाएगा: शिवपाल यादव**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

महमूदाबाद, सीतापुर । चौराहे पर सपा के प्रदेश सचिव रामपाल भार्गव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उनका गर्मजोशी से अभिनंदन किया। इसके बाद नगर के विभिन्न स्थानों पर भी उनका स्वागत किया गया।इस अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

स्वागत कार्यक्रम में शिवमोहन यादव, देवेंद्र यादव, अनुराग यादव, कैलाश यादव, आबिद नेता, सिराज अहमद, अंकित यादव, बादल, शिवा त्रिपाठी, विकास गौतम, विमलेश यादव, विशाल रावत, शाहिद सहित अनेक लोग शामिल रहे।शिवपाल सिंह यादव लहरपुर में विधायक अनिल वर्मा के बड़े भाई स्व हरगोविंद वर्मा की श्रद्धांजलि सभा में पहुंचेंगे इसके पश्चात भिठौली में सपा नेता अशोक यादव द्वारा आयोजित खिचड़ी भोज कार्यक्रम में शामिल होंगे। सिधौली में उन्होंने कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठन की मजबूती पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा जनता की आवाज उठाती रही है और आने वाले समय में संगठन को और अधिक मजबूत किया जाएगा।उनके आगमन से स्थानीय कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

## मोबाइल छीनने वाले दो आरोपी गिरफ्तार 5 मोबाइल व स्कूटी बरामद

शाहजहांपुर। थाना रोजा पुलिस ने मोबाइल छीनने की घटना का खुलासा करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से पुलिस टीम ने चोरी के पांच मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त स्कूटी बरामद की है।मंगलवार को थाना रोजा क्षेत्र के गांव जमुही निवासी सुरजीत सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि जमुही मोड़ पर स्कूटी सवार अज्ञात चोरों ने उसका मैट्रोला कम्पनी का स्मार्ट मोबाइल फोन छीन लिया और भाग गए। तहरीर के आधार पर रोजा पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। सीओ सदर ने घटना को गम्भीरता से लेते हुए टीम गठित की। इसी क्रम में सर्विलांस सेल की मदद से रोजा पुलिस ने अटसलिया अंडरपास से दो युवकों को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से पुलिस टीम ने चोरी के पांच मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त स्कूटी बरामद किए। पकड़े गए अभियुक्त थाना कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हयातपुरा निवासी अजमल पुत्र अमीर अहमद और मोहल्ला बाबूजई निवासी फैजान पुत्र अबरार हैं।

# मकर संक्रांति पर पुलिस लाइन में हुआ खिचड़ी वितरण

**पुलिस अधीक्षक समेत समस्त अधिकारियों ने वितरित किया खिचडी़ का प्रसाद**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। मकर संक्रांति पर पुलिस लाइन मंदिर में खिचड़ी प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण भंवरे दीक्षा, अपर पुलिस अधीक्षक नगर देवेन्द्र कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर पंकज पंत, क्षेत्राधिकारी सदर प्रयांक जैन, क्षेत्राधिकारी तिलहर ज्योति यादव सहित पुलिस लाइन में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों ने खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया। वहीं, पुलिसकर्मियों एवं स्टाफ ने अनुशासित व सौहार्दपूर्ण वातावरण में प्रसाद ग्रहण किया। एसपी ने समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं और पर्वों के माध्यम से आपसी सौहार्द, समरसता एवं सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ावा देने के महत्व पर बल देते हुए कहा कि पुलिस बल का प्रत्येक सदस्य जनसेवा एवं कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारियों को निभाते हुए भी सामाजिक व सांस्कृतिक मूल्यों से जुड़ा रहता है, जो संगठन की एकजुटता और प्रेरणा का महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने सभी को समाज में शांति, सुरक्षा एवं सहयोग की भावना को और अधिक सुदृढ़ करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस लाइन परिसर में उत्साह, भाईचारे एवं उल्लास का वातावरण बना रहा।

# कुंए में डूबने से 8 वर्षीय आयुषी की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



ईसानगर खीरी। ईसानगर थाना क्षेत्र के बीरसिंहपुर गांव में मंगलवार को उस समय हृदयविदारक दृश्य देखने को मिला, जब गांव के कुंए में डूबने से 8 वर्षीय बालिका आयुषी की दर्दनाक मौत हो गई। मासूम की मौत की खबर फैलते ही पूरे गांव में मातम छा गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।बताया जा रहा है कि खेलते समय आयुषी अचानक कुंए के पास पहुंच गई और असावधानीवश उसमें गिर गई।

काफी देर तक जब बच्ची नजर नहीं आई तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान कुंए में बच्ची के गिरने की आशंका हुई, जिसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी।सूचना मिलते ही ईसानगर थानाध्यक्ष निर्मल तिवारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से कुंए में उतारकर बच्ची को बाहर निकलवाया गया। जब आयुषी को कुंए से बाहर निकाला गया, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मासूम का निष्प्राण शरीर देखकर मौके पर मौजूद हर शख्स की आंखें नम हो गईं।इस दुखद घड़ी में थानाध्यक्ष निर्मल तिवारी ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए बच्ची के शव को स्वयं अपने हाथों में उठाकर परिजनों को सौंपा। उनका यह मानवीय व्यवहार देखकर परिजन भावुक हो उठे और मौके पर मौजूद लोगों ने भी पुलिस अधिकारी की इस संवेदनशील पहल की सराहना की।पुलिस ने आवश्यक पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से खुले कुंओं की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की दर्दनाक घटनाओं से मासूमों की जान न जाए।

# लेखपाल पर कंबल गायब करने का आरोप बार अध्यक्ष ने पकड़ा 5 गांठ कंबल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पलिया खीरी। पलिया तहसील में गरीबों को वितरित किए जाने वाले कंबलों को रातों-रात गायब करने की सनसनीखेज कोशिश का मामला सामने आया है। आरोप है कि तहसील प्रशासन से कंबलों की पांच गांठ चोरी-छिपे हटाई जा रही थीं, जिसे समय रहते बार संगठन के अध्यक्ष प्रदीप मुनरो ने पकड़ लिया। इस मामले में लेखपाल रजनीश पर कंबल गायब करने का गंभीर आरोप लगा है।जानकारी के अनुसार, गरीबों और जरूरतमंदों के लिए शासन द्वारा भेजे गए कंबलों का वितरण पलिया तहसील के माध्यम से किया जाना था। आरोप है कि लेखपाल रजनीश द्वारा जानबूझकर कंबल वितरण रजिस्टर में पांच गांठ कंबलों की एंट्री नहीं की गई, ताकि उन्हें गुपचुप तरीके से बाहर निकाला जा सके। इसी बीच तहसील परिसर से कंबलों को हटाने की कोशिश की जा रही थी।मामले की भनक लगते ही बार संगठन अध्यक्ष प्रदीप मुनरो मौके पर पहुंचे और कंबलों की पांच गांठ अपने कब्जे में लेकर पूरे प्रकरण को उजागर कर दिया। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद तहसील प्रशासन में हड़कंप मच गया है।सूत्रों का दावा है कि आरोपी लेखपाल रजनीश को जिले के एक अधिकारी की सिफारिश पर मोहम्मदी से पलिया तहसील भेजा गया था, जिसके बाद से ही उसकी कार्यशैली को लेकर सवाल उठते रहे हैं। अब गरीबों के हक पर डाका डालने जैसे आरोप लगने से प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े हो गए हैं।घटना के सामने आने के बाद तहसील परिसर में चर्चाओं का बाजार गर्म है। अधिवक्ताओं और सामाजिक संगठनों ने मामले की उच्चस्तरीय जांच और दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## मिश्रिख में मकर संक्रांति पर समरसता खिचड़ी भोज का हुआ भव्य आयोजन



**मिश्रिख, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** मकर संक्रांति के पावन पर्व के अवसर पर मिश्रिख स्थित बालाजी मैरिज लॉन में आज समरसता खिचड़ी भोज का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन के संयोजक अनुराग मिश्रा(पवन पातोंजा) रहे, जो वरिष्ठ भाजपा नेता, ग्राम प्रधान, सभासद तथा ब्राह्मण एकता संघ के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।कार्यक्रम में क्षेत्र के हजारों संभ्रांत नागरिकों के साथ भाजपा के वरिष्ठ एवं स्थानीय नेता, ग्राम प्रधान, जनप्रतिनिधि, पत्रकार बंधु एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने एक साथ बैठकर खिचड़ी भोज ग्रहण कर सामाजिक समरसता और भाईचारे का संदेश दिया।इस अवसर पर आयोजकों ने कहा कि मकर संक्रांति का पर्व आपसी मेल–मिलाप, समानता और सामाजिक एकता का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से समाज में सद्भावना बढ़ती है और सभी वर्गों के लोगों को एक मंच पर आने का अवसर मिलता है।पूरे आयोजन में अनुशासन और सुव्यवस्था देखने को मिली। उपस्थित लोगों ने समरसता खिचड़ी भोज के सफल आयोजन के लिए आयोजकों की सराहना करते हुए इसे सामाजिक एकता को मजबूत करने वाला प्रयास बताया।

## नीम के पेड़ से लटकता मिला युवक का शव, क्षेत्र में मचा हड़कंप

**महमूदाबाद , सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** थाना महमूदाबाद क्षेत्र के गुलौली व देवकलिया गांव की सीमा के बीच स्थित खरझा क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया, जब नीम के पेड़ से एक युवक का शव लटकता हुआ मिला। सुबह शौच के लिए निकले ग्रामीणों की नजर पेड़ से लटकते शव पर पड़ी, जिसके बाद इसकी सूचना आसपास के गांवों में तेजी से फैल गई।जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ एकत्र हो गई। बाद में मृतक की पहचान घुसे पुरवा गांव निवासी युवक के रूप में हुई। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने तत्काल पुलिस को घटना की जानकारी दी।पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान अरविन्द पुत्र कमलेश, उम्र करीब 20 वर्ष, निवासी ग्राम धुसे पुरवा मजरा गुलौली, थाना महमूदाबाद, जनपद सीतापुर के रूप में हुई है।सूचना मिलने पर मौके पर क्षेत्राधिकारी महमूदाबाद वेद प्रकाश श्रीवास्तव, कोतवाली प्रभारी अनिल कुमार सिंह तथा फॉरेंसिक टीम पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई शुरू की।फिलहाल परिजनों की ओर से पुलिस को सूचना देकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की गई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के कारणों की स्पष्ट जानकारी हो सकेगी, मामले की जांच की जा रही है।

## किशोरी के अपहरण व दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार



**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** थाना सदर बाजार पुलिस ने किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने तथा उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।बीती 27 दिसम्बर 2025 को थाना सदर बाजार क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर दी कि क्षेत्र के मोहल्ला शांतिपुरम कालोनी का रहने वाला मोहम्मद शहजेव पुत्र अजीम उसकी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की और पीड़ित की नाबालिग पुत्री और आरोपी की तलाश शुरू की। इसी क्रम में पुलिस ने अपह्रत किशोरी को बरामद किया और उसका मेडिकल कराया। पुलिस ने किशोरी की मेडिकल रिपोर्ट, उसके बयान और उसके शैक्षिक प्रमाण पत्र आदि के आधार पर आरोपी शहजेव के खिलाफ दर्ज मुकदमे में दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट की धाराओं में बढ़ोत्तरी की। आज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शहवाजनगर रोड पर निर्माणाधीन पुल के पास से अभियुक्त मोहम्मद शहजेव को गिरफ्तार किया। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से पुलिस अभिरक्षा में उसे जेल भेज दिया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना सदर बाजार के निरीक्षकध इंचार्ज विनोद कुमार यादव के साथ उपनिरीक्षक कुलदीप कुमार, का. बिट्टू कुमार मौजूद रहे।

# नैमिषारण्य गोमती घाट पर खिचड़ी दान के साथ लगी आस्था की डुबकी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

ततरोई, नैमिषारण्य। नैमिषारण कड़ाके की ठंड और कोहरे के बावजूद नैमिषारण्य में सुबह से गोमती नदी घाट पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी . सूर्य आज उत्तरायण हुए, ऋतु परिवर्तन शुरू. गंगा स्नान कर तिल-खिचड़ी दान से पुण्य की प्राप्ति के लिए श्रद्धालुओं ने गोमती नदी में स्नान के बाद खिचड़ी दान किया और फल प्राप्ति के लिए सूर्य देव को जल दिया वही देखा जाय तो चक्र तीर्थ में। श्रद्धालुओं ने स्नान किया और दान पुण्य किया ऐसे में लोकल स्थानीय पवन सक्सेना का कहना है कि पहले से ठंड जायदा होने के कारण अबकी बार श्रद्धालुओं की भीड़ नहीं देखने को मिली हैश्रद्धालुओं का कहना है कि आज के दिन गंगा स्नान करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है और हमारे पितरों को भी शांति मिलती है. हिंदू धर्म में इस पर्व का बहुत ही महत्व माना जाता है, इसलिए हम नैमिष धाम गोमती गंगा स्नान करने आए हैं. कड़ाके की ठंड और कोहरे में साल के पहले मकर संक्रांति स्नान पर सुबह से ही श्रद्धालु मां गंगा में आस्था की डुबकी लगा रहे हैं. जैसे-जैसे दिन बढ़ता जाएगा, वैसे-वैसे श्रद्धालुओं की संख्या में भी बढ़ोतरी होती जाएगी।

# पलिया पुलिस ने 22 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पलिया खीरी। पुलिस अधीक्षक खीरी संकल्प शर्मा के निर्देश पर जनपद में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पलिया पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना पलिया पुलिस ने 22 ग्राम अवैध मादक पदार्थ (ब्राउन शुगर) बरामद करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।

थाना पलिया के थानाध्यक्ष के नेतृत्व में आज दिनांक 15 जनवरी 2026 को की गई कार्रवाई में पुलिस टीम ने कस्बा पलिया क्षेत्र से अभियुक्त संजय उर्फ मक्खन सिंह पुत्र तेजीलाल, निवासी मोहल्ला रंगरेजान द्वितीय, कस्बा व थाना पलिया, जनपद खीरी, उम्र करीब 30 वर्ष को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से कुल 22 ग्राम ब्राउन शुगर (स्मैक) बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 60 हजार रुपये बताई जा रही है।इसके साथ ही पुलिस ने अभियुक्त के पास से नशे की बिक्री से प्राप्त 1500 रुपये भारतीय मुद्रा, 1600 रुपये नेपाली मुद्रा तथा एक की-पैड मोबाइल फोन भी बरामद किया है। प्रारंभिक पूछताछ में अभियुक्त द्वारा नशे की तस्करी में संलिप्त होने की बात सामने आई है।उक्त बरामदगी और गिरफ्तारी के आधार पर थाना पलिया पर मु0अ0सं0 0016/2026, धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। पुलिस द्वारा अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की कार्रवाई की जा रही है।इस कार्रवाई में शामिल पुलिस टीम मेंव0उ0नि0 रामजीत यादव, म0उ0नि0 निशा शुक्ला, हेड कांस्टेबल जितेन्द्र कुमार, हेड कांस्टेबल घनश्याम शर्मा, कांस्टेबल अनुज कुमार, कांस्टेबल अमन राय, कांस्टेबल कृष्ण मुरारी एवं कांस्टेबल सुनील रावत शामिल रहे।पुलिस अधीक्षक खीरी ने टीम की सराहना करते हुए कहा कि जनपद में नशे के अवैध कारोबार को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे तत्वों के खिलाफ लगातार कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

# मकर संक्रान्ति पर आबिद रजा, फात्मा रज़ा ने कराया भोज, जरूरतमंदों को बांटे कंबल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूं। नगर पालिका में मकर संक्रान्ति के पावन पर्व पर नगर में सामाजिक समरसता और सेवा भाव का अनुपम उदाहरण देखने को मिला। पूर्व मंत्री आबिद रजा और पालिकाध्यक्ष फात्मा रज़ा के नेतृत्व में समरसता भोज एवं कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर खिचड़ी भोज कराकर सभी वर्गों के लोगों ने एक साथ बैठकर भोजन किया, जिससे आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया गया। पूर्व मंत्री आबिद रजा ने कहा कि मकर संक्रान्ति जैसे पर्व पर खिचड़ी भोज और जरूरतमंदों को कंबल वितरण करना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। पूर्व मंत्री ने कहा कि खिचड़ी भोज के माध्यम से समाज में व्याप्त ऊंच-नीच और छुआछूत जैसी कुरीतियों को समाप्त करने का संदेश दिया जाता है। उन्होंने जोर दिया कि जब समाज के सभी वर्ग एकजुट होंगे, तभी देश प्रगति के पथ पर आगे बढ़ेगा।पालिकाध्यक्ष फात्मा रज़ा ने कहा कि कड़ाके की ठंड में गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों की सहायता करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने समाजसेवियों और सक्षम नागरिकों से आगे आकर सेवा कार्यों में सहयोग करने की अपील की। समरसता भोज में बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता रही। वक्ताओं ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को एकता के सूत्र में बांधने का कार्य करते हैं और जाति-भेद व सामाजिक कुरीतियों को दूर करने में सहायक होते हैं। उन्होंने आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया।कार्यक्रम के दौरान जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए, जिसे पाकर उनके चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। ठंड से राहत मिलने पर लाभार्थियों ने पूर्व मंत्री और पालिकाध्यक्ष का आभार जताया। कहा कि भविष्य में भी सेवा, सहयोग और सामाजिक समरसता से जुड़े ऐसे कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सहायता पहुंचाई जा सके। इस अवसर पर सभासद अनवर खां, ग्रीश शुक्ला, रवि कुमार, नवैद, प्रेमलता सिंह, मनोज कश्यप, श्याम बाबू साहू, मनोज चन्देल, श्याम पाल, ममता, कमाल उद्दीन, जया साहू, भूरे पीर, एडवोकेट सीएल गौतम, सलमान, कार्यालय अधीक्षक सूर्य प्रकाश सक्सेना, कर निर्धारण अधिकारी चन्द्र भूषण सिंह, राजेन्द्र सिंह, लवी सिंह, केशव गंगवार, परवेज, लिपिक सचिन सक्सेना, नवैद इकबाल गनी, विक्की,साहिर, मुशाहिद, सुरेन्द्र, आसिफ खां, जीशान, जितेन्द्र, मनोज, राकेश सोनकर, मनोज सोनकर, गजेन्द्र, इमरान, परवेज इकबाल आदि मौजूद रहे।

# पेट्रोल पंप मैनेजर को गोली मारने में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। भाजपा जिला उपाध्यक्ष व ब्लॉक प्रमुख सुभाष गुप्ता के पेट्रोल पंप के मैनेजर के गोली लगने से घायल होने के मामले में पीड़ित के पिता की ओर से अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। इधर, घायल का मेडीकल कॉलेज में उपचार चल रहा है। जिला संभल के जुनावई थाना क्षेत्र के गांव दुबारी कलां निवासी राम निवास शर्मा ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि उनका पुत्र राजीव शर्मा ब्लॉक प्रमुख सुभाष गुप्ता के अली पेट्रोल पंप पर काम करते हैं। मंगलवार को वह पंप से पहले एक ढाबे के सामने खेत में घायल अवस्था में पड़ा हुआ था। अपराह्न करीब एक बजे सुभाष गुप्ता के पुत्र नमित गुप्ता ने फोन पर बताया कि उनके पुत्र को गोली लगी है। इसके बाद वह अपने पोते अंशुल के साथ सहसवान आए। उनके घायल पुत्र के पास तमंचा भी पड़ा मिला था। उनका कहना है कि अज्ञात ने गोली मारकर उनके पुत्र को घायल कर दिया है। पुलिस ने शिकायती पत्र के आधार पर



अज्ञात हमलावर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। कोतवाल धनंजय सिंह ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ दर्ज कर जांच शुरु कर दी गई है। घायल मैनेजर का मेडिकल कॉलेज में उपचार चल रहा है।

# सभासद मोहित सक्सेना ने किया खिचड़ी एवं वस्त्र वितरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूँ। मकर संक्रांति के अवसर पर नगर पालिका सभासद मोहित सक्सेना की ओर से शहवाजपुर चौराहे पर खिचड़ी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने खिचड़ी प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के तहत सभासद मोहित सक्सेना द्वारा जरूरतमंदों को वस्त्र भी वितरित किए गए, जिससे ठंड के मौसम में उन्हें राहत मिल सके। आयोजन का उद्देश्य पर्व के अवसर पर सेवा एवं सहयोग की भावना को बढ़ावा देना रहा। मोहित सक्सेना ने कहा कि ह्लमकर संक्रांति सेवा, दान और सामाजिक समरसता का पर्व है। जरूरतमंदों की सहायता करना ही इस पर्व की सच्ची भावना है। उन्होंने आगे भी इस तरह के जनकल्याणकारी कार्य करते रहने की बात कही। खिचड़ी एवं वस्त्र वितरण कार्यक्रम में स्थानीय लोगों और समर्थकों की उपस्थिति रही। लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।

# आयुष्मान योजना: मुरादाबाद में 11.90 लाख लोगों को मिला 'सुरक्षा कवच'

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा गरीबों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के संकल्प का असर अब जमीन पर दिखने लगा है। मुरादाबाद जिले में आयुष्मान भारत योजना न केवल बीमारों का सहारा बनी है, बल्कि हजारों परिवारों के लिए 'जीवनदायिनी' साबित हो रही है। जिले में अब तक 11 लाख 90 हजार से अधिक लोग इस योजना के तहत अपना कार्ड बनवा चुके हैं, जिससे उन्हें सालाना 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की गारंटी मिली है। योजना की सफलता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जिले के 102 निजी अस्पतालों और 29 सरकारी अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड धारकों का प्राथमिकता के आधार पर इलाज किया जा रहा है। आंकड़ों के मुताबिक, अब तक 1,90,488 लोगों ने निजी अस्पतालों में अपनी गंभीर बीमारियों का इलाज कराया है, जबकि 17,084 मरीजों ने सरकारी अस्पतालों में इस योजना का लाभ उठाया है। माइनर सर्जरी, हड्डियों के ऑपरेशन और गाइनी (स्त्री रोग) से जुड़ी समस्याओं के लिए जिले में ही विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध हैं। एक समय था जब मुरादाबाद और आसपास के क्षेत्रों के लोग पैसों की तंगी के चलते अपने परिजनों का इलाज सही समय पर नहीं करा पाते थे। लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'आरोग्य' विजन ने इस तस्वीर को बदल दिया है। अब जिले के मरीज सिर्फ स्थानीय स्तर पर ही नहीं, बल्कि कैंसर और हार्ट ट्रांसप्लांट जैसी गंभीर बीमारियों के लिए दिल्ली, लखनऊ और चेन्नई के बड़े सूचीबद्ध अस्पतालों में भी मुफ्त इलाज पा रहे हैं। लाभार्थियों का कहना है कि सरकार की इस योजना ने उनके परिजनों को नया जीवन दिया है। प्रशासन ने जिले में 13 लाख 62 हजार 878 आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य रखा था, जिसके सापेक्ष अब तक 11 लाख 90 हजार 927 कार्ड बनाए जा चुके हैं। जो लोग अभी भी इस सुविधा से वंचित हैं, उनके लिए विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं।

## फंदे पर लटका मिला युवक का शव, परिजन लग रहे हत्या का आरोप

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता। दातागंज कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला बसेला निवासी पुरुषोत्तम (22) का शव नीम के पेड़ से फंदे पर लटका मिला, परिजनों ने प्रेम प्रसंग के चलते गला दबाकर हत्या कर शव को फंदे पर लटकाने का आरोप लगाया है, अपनी ही जाति की युवती से युवक का प्रेम प्रसंग चल रहा था, कई बार युवती उसके घर भी आ चुकी थी, जिस पर गांव में पंचायत हुई थी, पुलिस जाँच में जुट गई है। आपको बता दें कि पूरा मामला दातागंज कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला बसेला बृहस्पतिवार की सुबह पुरुषोत्तम (22) का शव नीम के पेड़ सें फंदे पर लटका मिला, वही परिजन प्रेम प्रसंग के चलते हत्या करने का आरोप लग रहे हैं। वही अभी खुलासा हुआ है कि यह अपने फूफा के यहां रह रहा था, और इसकी शादी तय हो चुकी थी, जिसको लेकर यह डिप्रेशन में था, वही दातागंज इंस्पेक्टर वेदपाल सिंह ने बताया कि शव को पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेजा है, पीएम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एनएसएस ने निकाली सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता। उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा अभियान के तहत जनपद बदायूं के राजकीय महाविद्यालय, आवास विकास में गुरुवार को एक भव्य जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। सड़क सुरक्षा माह जनवरी 2026 के उपलक्ष्य में निकाली गई इस रैली का नेतृत्व प्राचार्य डॉ. श्रद्धा गुप्ता, एनएसएस के जिला नोडल अधिकारी डॉ राकेश कुमार जयसवाल, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ज्योति बिश्नोई एवं डॉ. संजय कुमार ने किया। रैली कॉलेज परिसर के मुख्य द्वार से प्रारंभ होकर आवास विकास कॉलोनी, गौरी शंकर मंदिर होते हुए डीएम रोड तक पहुंची और वापस लौटकर महाविद्यालय परिसर में समाप्त हुई। एनएसएस, एनसीसी, रोवर–रेंजर तथा स्काउट गाइड के विद्यार्थियों ने रैली में भाग लिया तथा सड़क सुरक्षा के नियमों—जैसे हेलमेट अनिवार्यता, सीट बेल्ट बांधना, तेज गति से बचाव, पैदल यात्री की सुरक्षा, नशे से परहेज आदि पर जोरदार नारेबाजी की। परीक्षा सत्र को ध्यान में रखते हुए रैली का मार्ग सीमित रखा गया था। रैली के समापन पर छात्र छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन करने की शपथ दिलाई गई। डॉ. श्रद्धा गुप्ता ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सामूहिक जागरूकता आवश्यक है तथा सभी शैक्षणिक संस्थानों को इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। इस आयोजन से विद्यार्थियों में सड़क सुरक्षा के प्रति उत्साह जागा।

## जनगणना–2027 की तैयारियों हेतु जिला स्तरीय जनगणना समन्वय समिति का गठन

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी/प्रमुख जनगणना अधिकारी अवनीश राय ने जानकारी देते हुए बताया कि मा0 मुख्य सचिव उ0प्र0 के द्वारा दिए निर्देशों के अनुपालन में जिला स्तरीय जनगणना समन्वय समिति का गठन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किया गया है, जिसमें मुख्य विकास अधिकारी,बेसिक शिक्षा अधिकारी/अपर जिला जनगणना अधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी/ अपर जिला जनगणना अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी /अपर जिला जनगणना अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी/अपर जिला जनगणना अधिकारी, सहायक निदेशक सूचना को सदस्य तथा अपर जिलाधिकारी वि0 एवं रा0/जिला जनगणना अधिकारी को संयोजक नामित किया गया है। उन्होंने बताया कि समिति के मुख्य दायित्व जनगणना–2027 की प्रारम्भिक तैयारियां प्रशिक्षण, मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना, जिला जनगणना हस्तपुस्तिका, जनसंख्या की गगना, वित एवं उपयोगिता प्रमाण पत्र, आंकडों के प्रकाशन एवं सारणीकरण आदि कार्यों को निर्धारित समय में पूर्ण कराये जाने हेतु इस समिति का कार्यकाल 01 जनवरी 2026 से 30 जून 2027 तक होगा।

## 18 जनवरी को विधानसभा निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के निर्देश

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) /उप जिला निर्वाचन अधिकारी डा0 वैभव शर्मा ने नगर मजिस्ट्रेट बदायूँ निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, समस्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को निर्देशित करते हुए बताया कि कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी उ0प्र0 लखनऊ के पत्र के द्वारा अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रमाव पुनरीक्षण 18 जनवरी 2026 (रविवार) को आलेख्य निर्वाचक नामावली के पढे जाने के संबंध में निर्देश प्रदान किये गये है। पत्र में दिये गये निर्देशों के अनुसार समस्त कार्यवाही समय से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

## 22 फरवरी को आयोजित मेगा विधिक सहायता शिविर हेतु प्रशासनिक समिति गठित

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि जिलाधिकारी के आदेश के द्वारा 22 फरवरी 2026 को मेगा/वृहद विधिक सहायता शिविर के आयोजन को सफल बनाये जाने के दृष्टिगत समस्त विभागों से समन्वय स्थापित किये जाने हेतु उनको नोडल अधिकारी नामित किया गया है, साथ ही निर्देश दिये गये हैं कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बदायूँ को समस्त विभागों से समन्वय स्थापित किये जाने हेतु प्रशासनिक अधिकारियों की एक कमेटी गठित कर अपर जनपद न्यायाधीश/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बदायूँ को अवगत करायें। उन्होंने बताया कि इसके क्रम में विभिन्न प्रशासनिक अधिकारियों की समिति का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि यह समिति 22 फरवरी 2026 को जनपद में आयोजित होने वाले मेगा/ वृहद विधिक सहायता शिविर के सम्बन्ध में अपने–अपने विभाग की लाभकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार–प्रसार कराना सुनिश्चित करेगी तथा अपने–अपने विभागों की कल्याणकारी योजनाओं के लाभान्वित होने वाले पात्र व्यक्तियों की सूची एक सप्ताह के अन्दर तैयार कर उनके कार्यालय में उपलब्ध करायें।

## आज होगा एसएसपी कार्यालय के नए भवन का उद्घाटन

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिले के पुलिस कप्तान का कार्यालय का कार्य पूर्ण हो चुका है, जिसको लेकर आज पुलिस कप्तान डॉ बृजेश कुमार सिंह दोपहर एक बजे अपने नए भवन का उद्घाटन करेंगे। वही आज से एसएसपी पीड़ितो शिकायत का निस्तारण अपने नए भवन में बैठकर करेंगे। वही जिसमें एसएसपी के पीआरओ का चैंबर होगा। जिसमें सुरक्षा को लेकर मजबूत इंतजाम किए गए हैं।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मकर संक्रांति उत्सव में हजारों लोगों ने खायी खिचड़ी

बलिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा गुरुवार को मकर संक्रांति उत्सव व सहभोज का आयोजन कृषि मण्डी परिखरा में हुआ। मुख्य अतिथि प्रांत बौद्धिक शिक्षण प्रमुख डा. अरविंद सिंह, विभाग संघ चालक रामप्रताप सिंह व नगर संघचालक परमेश्वरन श्री ने भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया।
कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रान्त बौद्धिक शिक्षण प्रमुख डा. अरविंद सिंह ने कहा कि मकर संक्रांति सामाजिक समरसता का प्रतीक है। मकर संक्रांति कार्यक्रम कोई नया नहीं है ना राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लिए नया है और ना पूरे देश और दुनिया के अंदर रहने वाले संपूर्ण हिंदू समाज के लिए नया है। जैसे हिंदुत्व सदा सनातन है। भगवान भास्कर सदा सनातनी हैं।

# हिंदू धर्म कोई संकीर्ण पूजा पद्धति नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक समग्र कला है : गुणवंत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चन्दौसी । सीता आश्रम स्थित पं हनुमान सिंह ग्राउंड में आयोजित हिंदू सम्मेलन में समाज,संस्कृति, पर्यावरण और राष्ट्र निर्माण से जुड़े विषयों पर गहन विचार-विमर्श हुआ। सम्मेलन का उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित कर समरस, स्वाभिमानी और कर्तव्यनिष्ठ भारत के निर्माण की दिशा में प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के विभिन्न वर्गों की सहभागिता रही। भारतमाता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ववलन एवम गणेश वंदना के बाद विभिन्न सांस्कृतिक एवं देशभक्ति के कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए।

मुख्य वक्ता संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य गुणवंत जी ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि हिंदू धर्म कोई संकीर्ण पूजा पद्धति नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक समग्र कला है। उन्होंने कहा कि विश्व शांति और मानव कल्याण के लिए भारत में हिंदू समाज का एकजुट रहना आज नितांत आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि भारत एक शरीर है तो हिंदू उसकी आत्मा हैं और यह संबंध सनातन काल से चला आ रहा है। सामाजिक समरसता पर विचार रखते हुए कहा कि एक पनघट और एक मरघट पर सभी भेद समाप्त हो जाते हैं, यही समरसता का वास्तविक स्वरूप है। उन्होंने कहा कि भारत में जन्म लेना हमारा सौभाग्य है और प्रत्येक परिवार को वर्ष में कम से कम एक बार धार्मिक स्थलों की यात्रा अवश्य करनी चाहिए। उन्होंने मातृशक्ति की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि परिवार को एकजुट रखने और धार्मिक-सांस्कृतिक संस्कार देने में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कुटुंब प्रबोधन पर बल देते हुए मुख्य अतिथि ज्ञानेश्वर स्वरूप ब्रह्मचारी जी महाराज ने कहा कि प्रत्येक घर में ? और स्वस्तिक जैसे सांस्कृतिक प्रतीकों का सम्मान, तुलसी का पौधा, स्वदेशी परिधान और मातृभाषा में संवाद होना चाहिए। उन्होंने भोजन के समय मोबाइल के स्थान पर पारिवारिक संवाद को प्राथमिकता देने, परिवार के साथ धार्मिक यात्राएँ करने और प्रातःकाल धरती माता के चरण स्पर्श जैसे संस्कारों को जीवन में अपनाने का आग्रह किया।उन्होंने कहा संगठित हिंदू समाज ही समर्थ भारत की नींव है। उन्होंने स्पष्ट किया कि हिंदुत्वन किसी जाति तक सीमित नही है और न ही केवल पूजा पद्धति तक, बल्कि यह एक जीवन पद्धति है, जिसका मूल सूत्र ह्लसर्वे भवन्तु सुखिनः और ह्लवसुधैव कुटुम्बक है। उन्होंने कहा कि भारत ने कोरोना काल में पूरी दुनिया को निःशुल्क दवाइयाँ उपलब्ध कराकर मानवता का उदाहरण प्रस्तुत किया।उन्होंने इतिहास के विभिन्न प्रसंगों का उल्लेख करते हुए कहा कि समय के साथ चुनौतियों और शक्तियों का स्वरूप बदलता रहता है, लेकिन हिंदू चेतना सनातन बनी रहती है। उन्होंने प्रकृति के दोहन को केवल आवश्यकता तक सीमित रखने पर बल देते हुए कहा कि हिंदू विचारधारा मूलतः वैज्ञानिक और संतुलित है। डॉ. हेडगेवार के विचारों का उल्लेख करते हुए विभाग कार्यवाह छत्रपाल जी ने कहा कि भारत के गुलाम होने के मुख्य कारण समाज की आत्मविस्मृति, संगठन और अनुशासन का अभाव तथा स्वाभिमान की कमी रहे हैं। उन्होंने आह्वान किया कि आज आवश्यकता है स्वदेशी अपनाने की, अपनी भाषा और संस्कृति पर गर्व करने की तथा राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों को समझने की। संघ ने उपेक्षा, विरोध और संघर्ष के अनेक दौर देखे हैं, फिर भी वह निरंतर समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण के मार्ग पर आगे बढ़ता रहा है। भविष्य के भारत के निर्माण के लिए पंच परिवर्तन को आधार बनाकर कार्य करने का आह्वान किया गया। कथाव्यास ऋतुपर्ण शर्मा ने कहा हिंदुत्व मानवता, करुणा, प्रकृति संरक्षण और विश्व कल्याण पर आधारित एक सनातन विचारधारा है। संगठित, स्वाभिमानी और संस्कारयुक्त समाज ही भारत को पुनः विश्वगुरु बनाने की दिशा में अग्रसर कर सकता है।

### नेत्र आई सेंटर में मकर संक्रांति पर खिचड़ी वितरण उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

चंदौसी। नगर के बदायूं चुंगी स्थित नेत्र आई सेंटर आंखों के अस्पताल परिसर में मकर संक्रांति के पावन पर्व के अवसर पर खिचड़ी वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से आए सैकड़ों लोगों ने श्रद्धा भाव से प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के दौरान पूरे परिसर में धार्मिक व सामाजिक समरसता का वातावरण देखने को मिला। आयोजकों द्वारा खिचड़ी प्रसाद की उत्तम व्यवस्था की गई, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। प्रसाद वितरण के दौरान लोगों में खासा उत्साह नजर आया। इस पुनीत आयोजन को सफल बनाने में पुष्पेंद्र सिंह, सुबोध कुमार सिंह, सिदर सरदार,आर्य प्रताप, लोकेश शर्मा, हरिओम सिंह, गागा सरदार, मोहित डूडेजा, भूरे प्रधान, कृष्ण कुमार लाला सहित अन्य सहयोगियों का विशेष योगदान रहा।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में खाद्य सुरक्षा रिक्त दुकान की समीक्षा बैठक का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल ( बहजोई ) । आज कलक्ट्रेट सभागार बहजोई में जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में खाद्य सुरक्षा, रिक्त दुकान की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम राशन की रिक्त लंबित दुकानों को लेकर विकासखंड वार चर्चा की गयी एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने समस्त खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वह ब्लॉक को लीड करें। निलंबित राशन की दुकानें तथा मॉडल शॉप पर भी चर्चा की गयी। जिन स्थानों पर मॉडल शॉप का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है उसके विषय में जानकारी प्राप्त की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि मॉडल शॉप ग्राम के निकट ही हों। अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी राशन कार्डों के विषय में भी जानकारी प्राप्त की एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।राशनकार्ड की सत्यापन रिपोर्ट पर भी चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने कहा की पात्र लाभार्थी का ही राशन कार्ड जारी किया जाए इसको प्रत्येक दशा में देख लें और जिलाधिकारी ने कहा कि एक अभियान चलाकर पात्र लाभार्थियों का भी सत्यापन करना सुनिश्चित करें। इसके उपरांत पशुपालन विभाग की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें जिलाधिकारी ने विस्तार पूर्वक जानकारी प्राप्त की और संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देशित किया। हरा चारा को लेकर जिलाधिकारी ने कहा कि पशुओं को हरा चारा खिलाया जाए और उन्होंने कहा कि सर्दी के दृष्टिगत पशुओं को आवश्यक उपचार भी दिए जाएं। जिलाधिकारी ने जनपद में कुत्ते द्वारा काटने से संबंधित घटना को लेकर समस्त संबंधित अधिकारियों के निर्देशित करते हुए कहा कि कुत्तों का रेस्क्यू किया जाए और उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटना को प्रत्येक दशा में संज्ञान ले लापरवाही किसी प्रकार की ना हो। जिलाधिकारी ने कहा की गौशाला एवं चारागाह की भूमि को मैपिंग किया जाए जिससे गौशाला में समय से हरा चारा उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, जिला विकास अधिकारी राम आशीष, जिला खाद्य विपणन अधिकारी संजीव कुमार राय मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ शैलेन्द्र सिंह ,जिला पूर्ति अधिकारी शिवि गर्ग, तथा समस्त पूर्ति निरीक्षक, एवं समस्त खंड विकास अधिकारी एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# छेड़खानी से आहत किशोरी ने छत से लगाई छलांग, हालत गंभीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बदायूं। उसावां क्षेत्र में खेत पर गई किशोरी से युवक ने छेड़खानी कर दुष्कर्म का प्रयास किया। शोर मचाने पर ग्रामीणों ने उसे बचाया। पीड़ित किशोरी ने घर आकर छत से छलांग लगा दी, जिससे गंभीर रूप से घायल हो गई। आपको बता दे कि पूरा मामला उसावां थाना क्षेत्र का है। एक युवक ने किशोरी से छेड़खानी और दुष्कर्म करने की कोशिश की। इससे आहत किशोरी ने छत से छलांग लगा दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने बृहस्पतिवार को आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। उसावां थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण ने बताया कि वह अपनी पत्नी का इलाज कराने 10 जनवरी को बरेली गया हुआ था। इसी दौरान उनकी पुत्री आलू के खेत में लहसुन की पत्तियां तोड़ने गई थी। आरोप है कि गांव निवासी रोहित उसे जबरन सरसों के खेत में ले गया और उसके साथ छेड़खानी की। शोर सुनकर आसपास के लोगों ने किशोरी को बचाया। इस पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। युवक ने की दुष्कर्म की कोशिश छेड़खानी से आहत किशोरी ने घर आकर छत से छलांग लगा दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। ग्रामीण जब पत्नी के साथ घर लौटा तब उसे जानकारी हुई। ग्रामीण के मुताबिक बेटी ने बताया कि उसके साथ युवक ने दुष्कर्म का प्रयास किया और छेड़खानी की। यही वजह रही कि बेटी ने आत्महत्या करने का प्रयास किया। इंस्पेक्टर वीरपाल सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। आरोपी की तलाश की जा रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# इटियाथोक में मनरेगा योजना के मस्टररोल में ऑनलाइन हाजिरी में चल रहा खेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । सरकार गांव में ही ग्रामीणों को रोजगार की गारंटी देने के उद्देश्य से चलाई गयी मनरेगा योजना इटियाथोक ब्लॉक में भ्रष्टाचार की भेट चढ़ गयी है। धांधली का आलम यह है की ऑन लाइन उपस्थिति दर्ज करने और जीपीएस फो टोग्राफी का भी तोड़ निकाल लिया गया है।रोज गार सेवकों और पंचायत सचिव हर महीने सैंक ड़ों श्रम दिवस का घोटाला करके मलाई काट रहे हैं।ताजा मामला इटियाथोक ब्लॉक की ग्राम सभा अयाह, कर्मडीहकला, निसारुपुर, रुदापुर सिसई बहलोलपुर और विजयगढवा का है। ऐसे ही अयाह में 14 जनवरी को मस्टर रोल संख्या 2826 में पांच महिला श्रमिक और पांच पुरुष श्रमिकों के नाम से मस्टर रोल में उपस्थित दि खा ई जा रही है लेकिन जो फोटो मनरेगा के साइट पर अपलोड हो रही है उसमें सिर्फ पुरुष ही नजर आ रहे हैं ऐसे ही 2827, 2828, 28 29,2830 और 2831के मस्टर रोल में एक ही लोगो की हाजिरी लगी है और फोटो भी लगी है जबकि उसी दिन मस्टररोल संख्या ऐसे ही कई गाँवो में श्रमिकों की हाजिरी दिखाई गयी और फोटो अपलोड की गयी।और अधिकतर मास्टर रोल में एक ही फोटो दिख रही है।ऐसा ही खेल लगभग हर दिन इटियाथोक की ग्राम पंचायत में चल रहा है।सूत्रों के मुताबिक बताया जा रहा है कि इटियाथोक के ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचाय त में ब्लॉक के अधिकारियों के मिलीभीगत से कमीशन का खेल चल रहा है इसलिए ऐसा कि या जा रहा है।ऐसे ही सिसई बहलोलपुर और वि जयग ढवा में भी हाजिरी दर्ज की गयी है। परन्तु कुछ मजदूर सभी मास्टररोल में फोटो में दिख रहे हैं, जबकि हाजिरी में दर्ज पुरुष महि लाओं की सं ख्या भी बेमेल है।यह तो उदाहरण मात्र है।ऐसा ही खेल ज्यादातर ग्राम सभाओं में धड़ल्ले से च ल रहा है। खंड विकास अधिकारी इटियाथोक ने पूछने पर बताया कि इस तरह का काम हो र हा तो हम चेक करवाते हैं लेकिन अभी तक किसी भी ग्राम पंचायत में लगाम न हीं लग पाई है और फर्जीवाड़ा धड़ल्ले से चल रहा है।ऐसे में भ्रष्टाचार पर कार्रवाई होगी या हिस्सा लेकर लीपापोती की जाएगी इसको ले कर जिले में चर्चा गर्म है।

# खिचड़ी खिला कर सूर्य के मकर राशि में प्रवेश का बुंदेलों ने किया स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महोबा । सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने का स्वागत करते हुए बुंदेलों के द्वारा मकर संक्रांति के पर्व पर गोरखगिरि पर्वत पर स्थित सिद्ध बाबा मंदिर में खिचड़ी पर्व मनाया गया। सभी श्रद्धालुओं को चावल और दाल की खिचड़ी बनाकर प्रसाद स्वरूप वितरित की गई और साथ ही उनको गुड़ और तिल के बने लड्डू खिलाए गए हैं। बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर बुंदेलखंडी ने गुरुवार को बताया कि गोरखपुर की गोरक्षधाम पीठ की तरह ही जनपद मुख्यालय में स्थित गुरू गोरखनाथ की तपोभूमि गोरखगिरि पर्वत पर भी हर वर्ष मकर संक्रांति को खिचड़ी पर्व मनाया जाता है और नाथ संप्रदाय के प्रणेता को याद किया जाता है। बताया कि त्रेतायुग में हिमाचल प्रदेश की सिद्ध ज्वाला देवी के भंडारे में पहुंचे गुरू गोरखनाथ भिक्षा में मिलने वाले चावल व दाल को ग्रहण करने की इच्छा व्यक्त की और भिक्षा मांगने निकल पड़े और गोरखपुर में राप्ती नदी तक आ पहुंचे। वे भूल गए कि वहां मां ज्वाला देवी ने खिचड़ी के लिए पानी गर्म करने को रख दिया। दान में मिले चावल-दाल को जब उन्होंने पकाया, उसी दिन मकर संक्रांति थी। फिर उन्होंने खिचड़ी सबको खिलाई। तभी से खिचड़ी बनाने और खिलाने का चलन जारी है। बताया कि जनश्रुति के अनुसार ज्वाला देवी में एक ऐसा कुंड है जहां आज भी पानी उबल रहा है और माता गुरू गोरखनाथ का इंतजार कर रही हैं। खिचड़ी पर्व के मौके पर गोरखगिरि पर्वत पर अवधेश गुप्ता, डा. देवेन्द्र, नीरज, अन्नू पुरवार, मनीष जैदका, दिलीप जैन, उपेन्द्र सुल्लेरे, कुक्कू शिवहरे, गया प्रसाद, मंटू, पवन सोनी, प्रेम व प्रवीण चौरसिया समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे हैं।

# सरयू में श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिले में मकर संक्रांति का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है जिले के करनैलगंज और पस का घाट पर सरयू नदी में लाखों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई है।सुबह चार बजे से ही घाटों पर भारी भीड़ उमड़नी शुरू हो गई थी, अब तक लाखो से अधिक लोग इस धार्मिक अ नुष्ठान में शामिल हो चुके हैं।श्रद्धालु सूर्य देवता की पूजा-अर्चना कर पुण्य लाभ के लिए स्नान कर रहे हैं।दूर-दूर से लोग इन घाटों पर पहुंचे। श्रद्धालुओं का मानना है कि मकर संक्रांति पर सरयू में स्नान करने से जीवन की परेशानियां दूर होती हैं और पुण्य मिलता है। हिंदू धर्म में इस दिन का विशेष महत्व है क्योंकि इसे सूर्य के मकर राशि में प्रवेश का दिन माना जाता है। इस आयोजन के सफल और सुरक्षित संचालन के लिए प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की है।एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमों को नदी के किनारे तैनात किया गया है ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके। पुलिस और स्थानीय प्रशासन की टीमें भी घाटों पर लगातार चौकस हैं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए नदियों के किनारे विशेष रैंप और मार्ग बनाए गए हैं।घाटों पर साफ-सफाई की व्यव स्था भी सुनिश्चित की गई है।जिला प्रशासन ने यह सुनिश्चित करने के लिए पूरी व्यवस्था की है कि इस धार्मिक अवसर पर कोई अप्रिय घटना न घटे और श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो।

# परसपुर क्षेत्र में बढ़ीं चोरी की घटनाएं, खुलासा नहीं कर सकी पुलिस

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा। परसपुर थाना क्षेत्र में चोरी की कई बड़ी घटनाएं हुई जिनमें से एक भी वारदात का खु लासा पुलिस नहीं कर सकी।इससे न सिर्फ पु लिस को कार्यशैली पर सवाल उठाए जा रहे हैं बल्कि आमजन खुद को असुरक्षित महसूस क र रहा है।परसपुर थाना क्षेत्र में स्थित देशी शरा ब की दुकानमें दो जनवरी की रात में चोर अंदर घुस गया और दुकान के अंदर गल्ले में रखें रूप ये बत्तीस से चौतीस हजार रुपए नगदी के साथ ही 315 पौव्वा नगीना,40 पौव्वा रम राज योग बंटी ब्बली 10 पौव्वा चोरी कर ले गया इस संबं ध में दुकान के ठेकेदार मोहित सिंह निवासी ग्रा म आटा बैशनपुरवा थाना परसपुर द्वारा अज्ञात चोर के खिलाफ तहरीर दी गयी जिस पर परस पुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उपनिरीक्षक र वि प्रकाश यादव को विवेचना सौंप दी गयी है। चोरी की इस बड़ी घटना के पंद्रह दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं,जबकि वारदात सीसी टीवी कैमरे में कैद है।उससे चोर की पहचान हो सकती है।वहीं दूसरी तरफ,बताया जाता है कि पुलिस द्वारा रात्रि गश्त का भी दावा किया जा ता है। ऐसे में इला काई पुलिस के दावे पर भी सवाल खड़ा किया जा रहा है,बताते चलें कि इ स घटना के पहले भी परसपुर थानाक्षेत्र में चोरी की कई वारदातें हो चुकी हैं लेकिन पुलिस एक भी घटना खुलासा नहीं कर सकी है। जुलाई माह 16/17 परसपुर रियासत के राजाटोला वार्ड छह में अति प्राचीन राजमंदिर से बुधवार की रात मंदिर के गर्भगृह से राम-लक्ष्मण की अष्टधातु की मूर्ति चोरी हुई थी जिसका वजन करीब प्रत्येक मूर्ति पंद्रह किलो व लंबाई डेढ़ फिट है व एक लड्डू गोपाल की छोटी मूर्ति और एक छोटा सिंहासन चोरी हो गया था।उसी सुब ह करीब तीन बजे नीलम सिंह पत्नी कुंवर नरेंद्र बहादुर सिंह पूजा करने जब मंदिर में आईं तो देखा ताला टूटा पड़ा है और मंदिर का दरवाजा खुला हुआ है।इसके बाद चोरी की जानकारी हुई।जबकि मंदिर में अन्य देवी देवताओं की मूर्तियां सुरक्षित हैं।चोरों ने मूर्तियों के ऊपर लगे चांदी के छत्र को भी नहीं छुआ।घटना की जान कारी मंदिर के सर्वराकार कुंवर विजय बहादुर सिंह बच्चा साहब ने पुलिस को दी।मौके पर पर सपुर थाने की पुलिस,सीओ करनैलगंज,फील्ड युनिट की टीम व एसओजी टीम पहुंच कर जां च पड़ताल कर रही थी,मूर्ति चोरी की यह घटना भी सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई थी। इसके बाद भी पुलिस गुनहगार तक नहीं पहुंच सकी।सात महीने बीत जाने के बाद मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया।इन घटनाओं के अलावा भी क ई चोरी की वारदातें हुईं, जो दब गयीं या दबा दी गयीं।ऐसे में परसपुर थाना क्षेत्र के लोगों में दह शत है।क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि पुलिस घ टनाओं का मुकदमा दर्ज करने में हीलाहवाली करती है।

### क्या कहते हैं सीओ करनैलगंज

इस संबंध में सीओ करनैलगंज ने बताया कि देशी शराब की दुकान में हुई चोरी के खुलासे के लिए टीमें लगाई गयी हैं।शीघ्र ही राजफाश कर चोर को दबोच लिया जाएगा।कहा कि अप राध और अपराधियों के खिलाफ पुलिस अधी क्षक विनीत जायसवाल के निर्देशन में लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है।

# जिले में सरकारी कर्मचारी यदि रिश्वत मांगे तो करें शिकायत

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा । जिले में अगर कोई अधिकारी,सरकारी कर्मचारी या फिर किसी सरकारी कार्य को करा ने के बदले आपसे रिश्वत की मांग करता है,तो आपको घबराने की जरूरत नहीं है।उत्तर प्रदेश का कोई भी नागरिक किसी भी अधिकारी या कर्म चारी के विरुद्ध एंटी करप्शन पोर्टल के मा ध्यम से या फोन करके 84 67 91 94 87 इस नम्बर पर शिकायत दर्ज कर सकता है। जिसके पश्चात ऐसे भ्रष्ट अधिकारी या कर्मचारी के विरु द्ध जांच की जाएगी।यदि वह दोषी पाए गए,तो उनके विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए गी।सूचना देने या शिकायत करने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।भ्रष्टाचार को रोकने के लिए लोगों का जागरूक होना बेहद जरूरी है। यही नहीं योगी सरकार ने भ्रष्टाचार पर नकेल कसने के लिए एंटी करप्शन पोर्टल की शुरुआत की है प्रदेश का कोई भी नागरिक रिश्वत मांगने वाले अधिकारी,कर्मचारी का आडियो,वीडियो को पो र्टल के माध्यम से अपलोड कर शिकायत दर्ज करा सकता है।

# खिचड़ी महापर्व : गोरखनाथ मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब, सीएम योगी ने महायोगी गोरखनाथ जी को चढ़ाई आस्था की पवित्र खिचड़ी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर । मकर संक्रांति के पावन पर्व पर गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार ब्रह्म मुहूर्त में चार बजे शिवावतार महायोगी गुरु गोरखनाथ को नाथपंथ की विशिष्ट परंपरा के अनुसार आस्था की पवित्र खिचड़ी चढ़ाई और लोकमंगल की कामना की। सीएम योगी के बाद नाथ योगियों, साधु संतों ने भी बाबा गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाकर पूजा अर्चना की। इसके साथ मंदिर के गर्भगृह कपाट को आमजन के लिए खोल दिया गया। खिचड़ी चढ़ाने के लिए मंदिर में आस्था का सैलाब नजर आया। गोरखनाथ मंदिर में लाखों की संख्या में श्रद्धालु महायोगी गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाने के लिए पहुंचे। लोक मान्यता के अनुसार त्रेतायुग से बाबा गोरखनाथ का खप्पर भरने की परंपरा का अनुसरण करते हुए श्रद्धा की अंजुरी में आस्था की खिचड़ी लेकर श्रद्धालु नतमस्तक रहे। महायोगी गोरखनाथ को नेपाल राजपरिवार की तरफ से भेजी गई खिचड़ी भी श्रद्धापूर्वक अर्पित की गई। खिचड़ी चढ़ाने के बाद श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में लगे विशाल मेले का भ्रमण कर आनंद उठाया। मनोरंजन के साथ जरूरी वस्तुओं की जमकर खरीदारी की। मकर संक्रांति पर गुरुवार को भोर में गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने नाथपंथ की परंपरा के अनुसार गोरखनाथ मंदिर के गर्भगृह में जमीन पर बैठ कर, सीटी बजाकर गुरु गोरखनाथ को प्रणाम कर आदेश लिया। फिर विधिविधान से पूजन कर गोरक्षपीठ की ओर से श्रीनाथ जी को खिचड़ी (चावल, दाल, तिल, सब्जी, हल्दी, नमक आदि) चढ़ाई। इसके बाद उन्होंने मुख्य मंदिर में स्थापित अन्य देव विग्रहों की पूजा की। फिर योगिराज बाबा गंभीरनाथ, अपने दादागुरु महंत दिग्विजयनाथ, गुरुदेव महंत अवेद्यनाथ, नौमीनाथ व अन्य नाथ योगियों की प्रतिमाओं समक्ष शीश नवाकर खिचड़ी भोग अर्पित किया। सीएम योगी द्वारा बाबा गोरखनाथ को खिचड़ी भोग अर्पित करने के बाद सुख समृद्धि की मंगलकामना लेकर उत्तर प्रदेश, बिहार, दिल्ली समेत अन्य राज्यों और पड़ोसी देश नेपाल से आए श्रद्धालुओं ने भी कतारबद्ध होकर महायोगी गोरखनाथ को श्रद्धा की खिचड़ी चढ़ाई। लगातार चलता रहा खिचड़ी चढ़ाने का सिलसिला महायोगी गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाने का सिलसिला लगातार चलता रहा। पूरे दिन भक्तों की कतार नहीं टूटी। दोपहर बाद तक गोरखनाथ मंदिर आने वाले सभी रास्तों पर श्रद्धालुओं का रेला दिख रहा था। खिचड़ी चढ़ाने के बाद श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में स्थित सभी देवी देवताओं के विग्रहों का पूजन कर ब्रह्मलीन महंत बाबा गंभीरनाथ, ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ एवं ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि पर माथा टेक आशीर्वाद भी लिया। पूरा दिन मंदिर परिसर गुरु गोरखनाथ की जय जयकार से गूंजता रहा।

## दो शातिर चोर गिरफ्तार,चोरी का माल बरामद

गोण्डा कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना देहात कोतवाली पुलिस ने घरों में चोरी करने वाले दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है।उनके पास से पुलिस ने चोरी का सा मान बरामद किए है।13 जनवरी को बुधई पुत्र चौधरी निवासी मुगलजोत देहात कोतवाली में सूचना दी थी कि उनके घर में कुछ अज्ञात चोरों द्वारा घर में घुसकर दो बक्सा जिसमे एक जोडी पायल और पैतीस सौ रूपये नकद रखा हुआ था वह उठा ले गये हैं। कोतवाली देहात पुलिस द्वारा प्राप्त लिखित तहरीर के आधार पर सुसंग त धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है। 15 जनवरी को देहात कोतवाली पुलिस द्वारा क्षेत्र भ्रमण व विवेचना के दौरान आरोपी शिव कुमार शाहू उर्फ पंचौनी निवासी मीरनटोला कोतवाली देहात,सलमान पुत्र अरमान को जमु नियाबाग से फिरोजपुर मोड़ को जाने वाली रा स्ते से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की एक जोड़ी पायल सफ़ेद धातु व रुपये दो हजार तीन सौ पैतालिस रूपये नगद बरामद किये गये गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध कोतवाली देहात पुलिस के द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही कर न्यायालय रवाना किया गया ।

## आडिटोरियम में 17 जनवरी को आयोजित होगा व्यापारी संवाद कार्यक्रम

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता । उपायुक्त (प्रशासन) राज्य कर सी.के. गौतम ने बताया कि जनपद में व्यापारिक गतिविधियों के प्रोत्साहन, पंजीयन बेस एवं राजस्व वृद्धि तथा स्थानीय स्तर पर जीएसटी-2.0 सुधारों के प्रति जागरूकता हेतु उद्यमियों, करदाताओं एवं अन्य स्टेक होल्डर्स के साथ संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में कपूरथला परिसर स्थित मल्टीपर्पज़ आडिटोरियम में 17 जनवरी 2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से ''व्यापारी संवाद कार्यक्रम'' का आयोजन किया गया है।

## सत्यापन के दौरान बीएलओ को आधार के अंतिम 04 अंक उपलब्ध कराएं मतदाता

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। राज्य निर्वाचन आयोग उ.प्र. द्वारा संभावित डुप्लीकेट मतदाताओं के सत्यापन के सम्बन्ध में दिये गये निर्देश के क्रम में मुख्य राजस्व अधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) देवेन्द्र पाल सिंह द्वारा जनपद के पंचायत निर्वाचक मतदाता सूची में दर्ज मतदाताओं से अपेक्षा की गई है कि बूथ लेबिल अधिकारी द्वारा डुप्लीकेट वोटर के सत्यापन के दौरान प्रमाणीकरण स्वरूप आधार के अंतिम 4 अंक अवश्य उपलब्ध करायें।

राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पंचायत निर्वाचक नामावली के अनन्तिम प्रकाशन के उपरान्त, जनपद की ग्राम पंचायतों में यदि किसी मतदाता का नाम, सम्बन्धी का नाम एवं लिग एक से अधिक स्थानों पर समान रूप से प्रदर्शित हो रहे हैं तो ऐसी दशा में निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण के समय सत्यापनोपरान्त, सामान्य रूप से निवास करने वाले ग्राम पंचायत में उस मतदाता का नाम रखते हुए अन्य ग्राम पंचायत से नियमानुसार विलोपित किया जाना है।

सीआरओ श्री सिंह ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायत निर्वाचक नामावली के अनन्तिम प्रकाशन के बाद जनपद के अन्तर्गत आने वाली समस्त ग्राम पंचायतों के सम्भावित डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम चिह्नित किये गये हैं। जनपद स्तर पर सम्भावित डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची ग्राम पंचायतों के बी. एल.ओ. को उपलब्ध करायी गई है ताकि निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण के समय बी.एल.ओ. द्वारा उनका सत्यापन किया जा सके।

आयोग द्वारा सत्यापन हेतु निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार यदि ग्राम पंचायत की मतदाता सूची में किसी ऐसे व्यक्ति जिनका नाम, पिता/पति/माता का नाम एवं लिंग समान है तथा वे सत्यापन उपरान्त सही पाये गये हैं तो प्रमाणीकरण स्वरूप उनके आधार के अंतिम 04 अंक बी.एल.ओ. द्वारा अंकित किया जायेगा ताकि डी-डुप्लीकेशन प्रक्रिया में उनका नाम अपमार्जित (डिलीट) न हो। सीआरओ ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा सम्बन्धित विकास खण्ड के खण्ड विकास अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

# मेडिकल कॉलेज में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ आपदा प्रबंधन मॉक ड्रिल एवं प्रशिक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बहराइच । महाराजा सुहेल देव स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं महर्षि बालार्क चिकित्सालय बहराइच में आपादा की स्थिति में बचाव एवं नियंत्रण की तैयारियों का आकलन करने के उद्देश्य से आपदा मॉक ड्रिल/प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। एनडीआरएफ (आपदा नियंत्रण केंद्र) की टीम के सदस्यों अभिजीत यादव, गगन, पिंटू कुमार, विजय बहादुर, सर्वेश यादव द्वारा चिकित्सकों तथा पैरा मेडिकल स्टाफ को आपदा प्रबन्धन हेतु प्रशिक्षण दिया गया। मॉक ड्रिल का उद्देश्य वास्तविक आपदा की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता को परखना एवं चिकित्सक/कर्मचारियों को प्रशिक्षित करना था। प्रशिक्षण के दौरान अस्पताल कर्मियों द्वारा सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया गया।

प्राचार्य डॉ. संजय खत्री ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन का समय-समय पर होते रहना अत्यंत आवश्यक है ताकि आपदा की स्थिति में किसी प्रकार की जान-माल की हानि न हो। अस्पताल प्रशासन ने भविष्य में भी इस प्रकार के मॉक ड्रिल जारी रखने का संकल्प लिया। मॉक ड्रिल के माध्यम से मेडिकल कॉलेज बहराइच द्वारा यह संदेश दिया गया है कि वह हर आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस अवसर पर मेडिकल कालेज के प्राचार्य डॉ. संजय खत्री, सीएमएस डॉ. एम.एम.एम. त्रिपाठी, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अनूप, संकाय सदस्य, अस्पताल प्रबंधक रिज़वान सहित अन्य चिकित्सक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सरस्वती शिशु मन्दिर अमृतपुर में हुआ खिचड़ी भोज

फर्रुखाबाद। फर्रुखाबाद जिले में मकर संक्रांति के पावन अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर अमृतपुर में खिचड़ी भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संघ पदाधिकारियों के साथ क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत संघ की शाखा के साथ हुई। इस दौरान खंड संघ चालक विजय वर्मा ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि गर्व से कहो हम हिंदू हैं। हमें एक मंच और एक दायरे में रहकर राष्ट्र के लिए सोचने की आवश्यकता है। समाज और राष्ट्र को मजबूत करने के लिए निरंतर जागरूक रहना होगा। कार्यक्रम में जिला कार्यवाह श्याम मोहन मिश्रा, रामदुलारे अवस्थी अध्यक्ष , प्रधानाचार्य मनोज कुमार अवस्थी, महेशचंद्र अवस्थी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। वहीं भाजपा से जुड़े मनोज मिश्रा, नीरज अवस्थी, करुणेश सिंह एवं अन्य कार्यकर्ता भी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन प्रमोद पाठक द्वारा किया गया।

# सपा नेता राजकुमार राजू ने बड़े ही धूमधाम से मनाया सपा सांसद का जन्मदिन

## मकर संक्रांति के उपलक्ष्य पर आयोजित किया विशाल खिचड़ी भोज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। मकर संक्रांति के पावन अवसर एवं सपा सांसद डिंपल यादव का 48 वे जन्मदिन के उपलक्ष्य में घूंघचिहाई में समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एव समाजवादी पार्टी पूरनपुर के वरिष्ठ नेता राजकुमार ''राजू'' द्वारा आयोजित खिचड़ी भोज कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह 'जग्गा' विशेष रूप से उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय नागरिकों ने सहभागिता कर कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप दिया। कार्यक्रम की समस्त व्यवस्थाएं प्रशांत अवस्थी द्वारा कुशलतापूर्वक संभाली गईं, जिसकी उपस्थित जनसमूह ने प्रशंसा की है।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह 'जग्गा' ने कहा कि मकर संक्रांति एव डिंपल यादव के जन्मदिन पर आयोजित यह खिचड़ी भोज सामाजिक समरसता और जनसेवा का प्रतीक है। ऐसे आयोजन समाजवादी पार्टी की उस विचारधारा को मजबूत करते हैं, जो गरीब, वंचित और आम जनता के सम्मान के लिए समर्पित है।

कार्यक्रम के आयोजक राजकुमार 'राजू', राष्ट्रीय उपाध्यक्ष समाजवादी युवजन सभा ने कहा कि ''यह आयोजन सेवा, सद्भाव और सामाजिक भाईचारे की भावना के साथ किया गया। उन्होंने पार्टी नेतृत्व, कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों का कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया कार्यक्रम के व्यवस्थापक युवा सपा नेता प्रशांत अवस्थी रहें इस दौरान प्रमुख रूप से वरिष्ठ सपा नेता ओम शर्मा,महिला नेत्री पुष्पा जी,भगवान दीन वर्मा,रजनीश यादव, दिनेश वर्मा,जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि ओमकार भारती,विक्रांत,सुनील आदि बड़ी संख्या मे सपाई उपस्तिथ रहें।

# मकर संक्रांति पर चेयरमैन की ओर से भव्य भंडारे का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।मकर संक्रांति के पावन अवसर पर नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल की ओर से भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। चुंगी माल गोदाम, बरेली दरवाजा स्थित सिटी पोस्ट ऑफिस के बाहर आयोजित इस भंडारे में हजारों की संख्या में राहगीरों, व्यापारियों एवं आगंतुकों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया।

भंडारे का शुभारंभ सुबह 11 बजे भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह एवं नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर मकर संक्रांति के पारंपरिक प्रसाद रेवड़ी एवं गजक का भी वितरण किया गया। आयोजन स्थल पर दिनभर श्रद्धालुओं और नागरिकों की भीड़ लगी रही।इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक दुष्यंत कुमार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य, पूर्व विधायक किशन लाल राजपूत, सभासद साकेत सक्सेना, वतनदीप मिश्रा, विपिन राजू फौजी, विकास बाबू, निर्मल सिंह टीटू, राशिद हुसैन, मोहम्मद शरीफ, दिनेश पटेल, अनिल महेंद्रु, छेंवी पातशाही गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष बिल्लू सिंह, साहब सिंह, राजेंद्र भारती, अवतार सिंह मोनू, आशीर्वाद अग्रवाल, विनोद भारती, विपिन मिश्रा, मनोज शर्मा, रोहित राय, अंशु सोनी, नन्नू बाल्मीकि, पंकज तिवारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका संजीव कुमार, हर्षल सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने सभी नागरिकों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आपसी सद्भाव, सहयोग और सेवा भावना को मजबूत करते हैं।

# जनता दर्शन में भी न्याय को तरसता अनुसूचित समाज

## 40 दिन बाद भी एफआईआर विचाराधीन

## आयुक्त के आश्वासन से आगे बढ़ेगा या फाइलों में ही दम तोड़ेगा न्याय

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। अयोध्या मण्डल के आयुक्त राजेश कुमार के एकदिवसीय दौरे पर जनता दर्शन में पहुँचे रविन्द्र कोरी (अनुसूचित जाति) निवासी ग्राम सैफुल्लागंज उम्मीद लेकर आए थे पर मिले फिर वही आश्वासन। आरोप है कि ऐनुल हक पुत्र मो0 वहीद समेत कुछ सरहंग व अपराधी किस्म के लोग सरकारी चैम्बर व नाली पर मिट्टी डालकर जबरन कब्जा कर रहे हैं और पड़ोस के अनुसूचित जाति के परिवारों को प्रताड़ित कर रहे हैं।

प्रश्न यह नहीं कि अपराध हुआ या नहीं। प्रश्न यह है कि 04.12.2025 से चला आ रहा प्रकरण आज तक थ्प्त के दरवाज़े तक क्यों नहीं पहुँच पाया? स्थानीय पुलिस को प्रार्थना पत्र दिए जाने के बावजूद प्रथम सूचना अब तक फाइलों की चौखट पर ही अटकी है। क्या कानून की गाड़ी के पहिए दलदल में फँस गए हैं या फिर पीड़ित की जाति देखकर न्याय का ट्रैफिक सिग्नल लाल हो जाता है। रविन्द्र कोरी ने प्रार्थना पत्र में स्पष्ट लिखा है कि जान-माल को खतरा है ऊपर से साजिश रची जा रही है पर पुलिस की कलम में स्याही सूख गई है। जनता दर्शन में आयुक्त महोदय ने थ्प्त दर्ज कराने का आश्वासन दिया और वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश भी दिए। पर सवाल वही पुराना आदेश कागज़ पर या ज़मीन पर। यह मामला सिर्फ कब्जे का नहीं प्रशासनिक संवेदनहीनता का आईना है। जब अनुसूचित समाज को न्याय के लिए आयुक्त के दर तक दौड़ लगानी पड़े, तो नीचे की व्यवस्था किसके भरोसे? क्या पुलिस का काम शिकायत दर्ज करना नहीं या पहले अनुकूल माहौल बनाना ज़रूरी है। रविन्द्र कोरी की गुहार सीधी है थ्प्त दर्ज हो, सुरक्षा मिले, कब्जा हटे। शासन से अपेक्षा है कि वह आश्वासन को आदेश और आदेश को कार्रवाई में बदले। वरना जनता दर्शन भी जन-आश्वासन बनकर रह जाएगा और न्याय हमेशा की तरह लाइन में खड़ा रहेगा।

# बाल विवाह रोकने के लिए विधायक विवेक वर्मा ने दिलाई शपथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। विधानसभा बीसलपुर के भाजपा विधायक विवेक वर्मा ने बाल विवाह रोकने के लिए अपनी विधानसभा क्षेत्र वासियों को शपथ दिलाई है। इस शपथ के माध्यम से लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। और उन्हें इस सामाजिक बुराई को जड़ से खत्म करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।इस अभियान का उद्देश्य बाल विवाह को रोकना और लड़कियों को शिक्षा और स्वास्थ्य के अवसर प्रदान करना है। विधायक विवेक वर्मा ने लोगों से अपील की है कि वे बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई को खत्म करने में सहयोग करें और लड़कियों के अधिकारों की रक्षा करें। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी सहित दर्जनों ग्रामीण ग्राम प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्य ग्राम पंचायत सदस्य उपस्थित रहे हैं।

# मकर संक्रांति पर 20 हजार श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। सुल्तानपुर जिले में मकर संक्रांति पर्व पर आदि गंगा गोमती के तट पर स्थित सीताकुंड घाट पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। बृहस्पतिवार को सुबह 5 बजे से ही हजारों श्रद्धालुओं ने गोमती नदी में डुबकी लगाई और दान-पुण्य किया। इस दौरान लोगों ने परिवार के साथ पूजा-अर्चना भी की। श्रद्धालुओं ने जरूरतमंदों को खिचड़ी दान की। शहर के परशुराम चौराहे पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जहां राहगीरों में खिचड़ी और तिल बांटे गए। इसके अतिरिक्त, शहर के विभिन्न स्थानों पर खिचड़ी भोज का आयोजन हुआ, जिसमें लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। बाबा तिलक धारी दास ने मकर संक्रांति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, ल्यह वह समय है जब संक्रांति बदलती है और सभी शुभ कार्यों की शुरुआत होती है। इस दिन गंगा या पवित्र नदियों में स्नान और दान का विशेष महत्व है। 'स्नान-

## सीताकुंड धाम पर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध

दान' करने से मनुष्य को बहुत लाभ और पुण्य मिलता है, इसीलिए सभी लोग आज श्रद्धा के साथ डुबकी लगाते हैं। मान्यता है कि मकर संक्रांति के दिन किया गया दान और पवित्र स्नान जीवन में सुख-समृद्धि लाता है। सुल्तानपुर के स्थानीय निवासियों ने भी परंपरा के अनुसार खिचड़ी का आनंद लिया और तिल-गुड़ का दान किया। गोमती मित्र मंडल के प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता मदन सिंह ने बताया कि संस्था ने घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया और श्रद्धालुओं के लिए अलाव की व्यवस्था की। उन्होंने जानकारी दी कि लगभग बीस हजार लोगों ने आज सीताकुंड घाट पर डुबकी लगाई। अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से घाट पर व्यापक प्रबंध किए गए थे। इसमें 4 एसएचओ, 35 सिपाही और 20 महिला कांस्टेबल तैनात किए गए थे ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## जनपद में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई मकर संक्रांति



पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद में मकर संक्रांति का त्योहार बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जगह-जगह लोगों ने खिचड़ी भोग कर आनंद लिया। वरुण गांधी टीम ने भव्य खिचड़ी भोग भंडारे का आयोजन किया, जिसमें गरीब और बेसहारा बुजुर्ग महिलाओं को कंबलों का वितरण भी किया गया हैं।मकर संक्रांति के अवसर पर नारी शक्ति क्लब ने भी खिचड़ी का भंडारा किया। इस दिन लोगों ने दही-चूड़ा, तिल और गुड़ से बने व्यंजनों का आनंद लिया।इस अवसर पर सचिव राजेश कुमार गौतम ने भी अपने परिजनों के साथ राहगीरों को खिचड़ी वितरण कर मकर संक्रांति का त्यौहार बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया है।मकर संक्रांति का त्योहार पूरे भारत में अलग-अलग नामों से मनाया जाता है, जैसे कि पोंगल, माघी, और उत्तरायण भी कहा जाता हैं।

## अवैध तमंचा और कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना फुरसतगंज पुलिस ने एक तमंचा व दो जिन्दा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना फुरसतगंज पुलिस द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान ताज मोहम्मद उर्फ ननकू पुत्र मो0 हबीब निवासी पूरे तुराब मजरे बसौनी थाना फुरसतगंज को एक तमंचा और दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बंध में थाना फुरसतगंज के प्रभारी निरीक्षक पुलिस द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## धनाराघाट रामनगरिया मेले में शारदा नदी पर दूसरे दिन भी श्रद्धालुओं का स्नान जारी

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। हजारा थाना क्षेत्र के धनाराघाट स्थित शारदा नदी पर आयोजित रामनगरिया मेले में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर दूसरे दिन भी शारदा नदी में पवित्र स्नान का सिलसिला जारी रहा। गुरुवार सुबह तड़के से ही दूर-दराज क्षेत्रों से आए श्रद्धालु घाटों पर पहुंचने लगे और विधि-विधान से स्नान कर दान-पुण्य किया। मेले के चलते पूरे क्षेत्र में धार्मिक और आध्यात्मिक माहौल बना हुआ है। श्रद्धालु स्नान के बाद पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं। गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे मिली जानकारी के अनुसार 15 जनवरी को भी मकर संक्रांति पर्व को लेकर स्नान लगातार चल रहा है। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से निपटने के लिए पुलिस और तहसील प्रशासन सुबह से ही मौके पर मुस्तैद है।सुरक्षा व्यवस्था के तहत घाटों पर पुलिस बल तैनात किया गया है, प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि वे स्नान के दौरान सावधानी बरतें और निर्धारित घाटों का ही उपयोग करें।रामनगरिया मेले में श्रद्धालुओं की आस्था और उत्साह देखने को मिल रही है।

## ठंड से राहत दिलाने के लिए समाजसेवी के पुत्रों ने वितरण की चाय जलाए अलाव

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिले में भयंकर शीत लहर व कोहरे में लोगों को ढुढरता देखकर वरिष्ठ समाजसेवी मो. जैगम रजा खां के पुत्र अरमान खान व बाबर खान ने धनाराघाट रोड पर निकल रहे राहगीरों को व शेरपुर नवदिया व आदि गांव में अलाव जलाकर उनको आग से तपाया गया व उसके साथ ही गरम चाय पिलाकर लोगों की सेवा की है। राहगीरों ने इन छोटे बच्चों के कार्य को देखते हुए बहुत सराहना की समाजसेवी जैगम खान के बच्चे पूरे वर्ष सामाजिक कार्य करते हैं।इस मौके पर सुधीर मिश्रा, मनोज कुमार, अखलाक मंसूरी, राजीव जाटव, बातून शाह आदि लोग सेवा को सुचारू रूप से संचालित कर रहे हैं।

## नेपाल से आए हाथियों का आतंक, फसलें रौंदे जाने से किसान परेशान मुआवजे की मांग

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। हजारा थाना क्षेत्र के गांव सिंघाड़ा उर्फ टाटर गंज में नेपाल से निकलकर आ रहे जंगली हाथियों के झुंड ने किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। आए दिन हाथियों का झुंड गांव के आसपास खेतों में घुसकर गेहूं और गन्ने की खड़ी फसलों को रौंद रहा है। इससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, हाथियों के डर से रात में खेतों की रखवाली करना भी जोखिम भरा हो गया है। कई बार भगाने की कोशिश करने पर हाथी उग्र हो जाते हैं, जिससे जान-माल का खतरा बना रहता है। गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे पीड़ित किसानों ने हाथियों द्वारा फसल नुकसान का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया और प्रशासन से मदद की गुहार लगाई। किसानों ने वन विभाग और जिला प्रशासन से फसल क्षति का मुआवजा दिलाने के साथ-साथ हाथियों की आवाजाही रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की है।

## मकर संक्रांति पर समाजसेवी ने सैकड़ों लोगों के साथ किया संगम में स्नान

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। मकर संक्रांति के पावन पर्व पर विधान सभा क्षेत्र अमेठी के गोवर्धनपुर दुआरा निवासी संतोष सिंह ने क्षेत्र के सैकड़ों लोगों के साथ प्रयागराज में संगम स्नान किया। श्री सिंह ने बुधवार को आधा दर्जन बसों और दर्जनों चार पहिया वाहनों में ने पांच सौ से अधिक लोगों को अमेठी से प्रयागराज ले जाकर पवित्र त्रिवेणी में स्नान कराया। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं के भोजन व रास्ते में जलपान की व्यवस्था भी किया था। समाज सेवी संतोष सिंह ने बताया कि उन्होंने तमाम लोगों को यह कहते सुना कि व्यवस्था और कोई ले जाने वाला नहीं है नहीं तो मैं भी संगम स्नान करता। अनेक महिलाओं को भी यह मन में रहता था और वे व्यवस्था और सहयोगी के अभाव के कारण स्नान और दर्शन नहीं कर पाती थी। इसी को देखते हुए मेरे मन में भी विचार आया कि क्यों न ऐसे लोगों को स्नान कराया जाए और उनके साथ प्रयागराज में संगम स्नान किया जाय। गौरतलब है कि दिसम्बर में संतोष सिंह ने कई बसों से लोगों को चित्रकूट धाम में स्नान, परिक्रमा और दर्शन कराने का पूरा खर्च उठाया था।

## सड़क हादसे में 70 वर्षीय ग्रामीण की मौत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । घुंघचिहाई थाना क्षेत्र के जनकापुर में बुधवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में 70 वर्षीय ग्रामीण की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बंडा थाना क्षेत्र के गांव जमुनिया नवदिया निवासी जगदीश कुमार (70) गांव के ही पालू के साथ किसी कार्य से पूरनपुर आए थे। काम निपटाने के बाद दोनों बुधवार शाम करीब 6:40 बजे बाइक से अपने घर लौट रहे थे।जैसे ही वे घुंघचिहाई थाना क्षेत्र के जनकापुर के पास बंडा हाईवे पर पहुंचे, तभी अचानक बाइक फिसल गई। इससे दोनों सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गए।

# खिचड़ी, तिल का भोग लगा मनाई मकर

## संक्रांति क्षेत्रवासियों और राहगीरों ने लिया आनंद शामिल हुए विधायक चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।मकर संक्रांति पर बृहस्पतिवार को कार्यक्रमों का आयोजन किया गया गरीबों को खिचड़ी भोज कराया घरों, मंदिरों में पूजा कर गजक, तिल चढ़ाया तो कई लोगों ने 14 तरह की चीजों का दान किया कई गंगा स्नान करने के लिए रामनगरिया धनाराघाट गए सूर्य के मकर राशि पर संक्रमण करने के दिन को मकर संक्रांति पर्व के रूप में मनाए जाने की परंपरा है मकर संक्रांति से देवताओं का दिन आरंभ होता है जो कि आषाढ़ मास तक रहता है? इस अवधि में विवाह सहित सभी मांगलिक कार्य और देव अनुष्ठान संपन्न किए जाते हैं मकर संक्रांति पर खिचड़ी और तिल के पदार्थ खाने और दान देने की विशेष मान्यता है नगर के पकड़िया चौराहे पर लक्ष्मी नारायण मंदिर मे खिचड़ी वितरण किया इस मौके पर विधायक बाबूराम पासवान, चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता, चेयरमैन धर्मपत्नी कल्पना गुप्ता,आदि मौजूद थीं स्टेशन रोड पर व्यापारियों ने खिचड़ी वितरण किया इस मौके पर विजय पाल सिंह विक्की,आदि मौजूद रहे समाजसेवी ने खिचड़ी वितरण किया नगर के स्टेशन रोड पर भी खिचड़ी भोज कराया वहीं कई मंदिर पर विशाल भंडारा का आयोजन किया गया इस भोज में ग्रामीण, क्षेत्रवासी और राहगीरों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इसका आनंद लिया इस दौरान कड़ाके की ठंड के बावजूद बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे अपने नेता को देखकर बाजार और कार्यक्रम स्थल पर मौजूद लोगों में भारी उत्साह दिखा। लोगों ने विधायक और चेयरमैन का जोरदार स्वागत किया उपस्थित लोगों ने विधायक और चेयरमैन की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे हमेशा क्षेत्र के लोगों के सुख-दुख में साथ खड़े रहते हैं खिचड़ी भोग मे उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह, तहसीलदार आशीष गुप्ता अधिवक्ता संजय सक्सेना सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# विधायक ने किया नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन का उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



जयसिंहपुर/सुल्तानपुर। जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के मधुवन गांव में गुरुवार को अन्नपूर्णा भवन का उद्घाटन किया गया। यह भवन 10 लाख 26 हजार रुपये से अधिक की लागत से निर्मित हुआ है। भाजपा विधायक विनोद सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में फीता काटकर इसका उद्घाटन किया। यह भवन ग्रामीणों को सरकारी राशन खरीदने की सुविधा प्रदान करेगा। उद्घाटन समारोह में विधायक विनोद सिंह ने अपने संबोधन में योगी सरकार की सराहना की। उन्होंने अपने चार साल के कार्यकाल में विधानसभा क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों का उल्लेख किया। इनमें टेढुई ओवर ब्रिज, गोमती पुल, कटका मायंग सड़क मार्ग और बल्दीराय तहसील के 57 गांवों को सदर तहसील में शामिल कराना शामिल है। विधायक ने ग्राम प्रधान बजरंग बहादुर सिंह द्वारा निर्मित अन्नपूर्णा भवन की गुणवत्ता की भी प्रशंसा की। जयसिंहपुर ब्लॉक प्रमुख राहुल चंद्रशेखर शुक्ला ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने सदर विधायक द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए अन्नपूर्णा भवन से ग्रामीणों को होने वाले लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। यह अन्नपूर्णा भवन मनरेगा, केंद्रीय वित्त और राज्य वित्त योजनाओं के तहत लगभग 10 लाख 26 हजार रुपये से अधिक की लागत से बनकर तैयार हुआ है। इसके बनने से अब ग्रामीणों को सरकारी राशन की खरीद समय पर उपलब्ध हो सकेगी। कार्यक्रम के समापन पर ग्राम प्रधान बजरंग बहादुर सिंह ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन प्रधान रमेश शर्मा ने किया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान राम किशोर शुक्ला, प्रधान प्रतिनिधि अशोक, ओम प्रकाश सिंह, जिला पंचायत सदस्य नंदन चतुर्वेदी, वंश बहादुर, प्रधान प्रतिनिधि अजय सिंह, एडीओ पंचायत, सेक्रेटरी और पूर्ति अधिकारी सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# हरियाणा का भूजल-संकट

निस्संदेह, हरियाणा ने कृषि की उन्नति में नये मानक स्थापित किए हैं। देश की खाद्य सुरक्षा में इस राज्य के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। कृषि क्षेत्र में कारगर रणनीतियों व आधुनिक तकनीकों ने हरियाणा के किसानों के जीवन में बड़ा बदलाव किया है। लेकिन इससे इतर एक चिंताजनक स्थिति यह है कि राज्य में भूजल संकट एक खतरनाक स्तर को पार कर रहा है। बताया जा रहा है कि राज्य के तीस फीसदी से अधिक गांव भूजल संकट के खतरे की जद में हैं। विडंबना यह है कि इन क्षेत्रों में भूजल का दोहन पुनर्भरण से कहीं अधिक है। जो राज्य में चेतावनी के संकेत स्पष्ट कर रहे हैं। दरअसल, ग्लोबल वार्मिंग संकट के चलते बारिश के पैटर्न में व्यापक बदलाव आया है। जिस अनियमित बारिश को कभी मौसमी समस्या माना जाता था, वह अब एक संरचनात्मक संकट में बदल गयी है। निश्चित रूप से मानसून व बारिश की आवृत्ति में अनिश्चितता के चलते कृषि, पेयजल सुरक्षा व दार्घकालिक आर्थिक स्थिरता के लिये खतरा पैदा हो गया। बारिश की कमी की पूर्ति भूजल के अंधाधुंध दोहन से की जाती है। वैसे इस संकट के मूल में समस्या की वजह पानी की अत्यधिक खपत करने वाला विकास मॉडल भी है। पिछले दशकों में धान व गेहूं की उत्पादकता पर किसानों की निर्भरता अत्यधिक बढ़ी है। जिसमें बहुत सिंचाई की जरूरत होती है। वहीं दूसरी ओर राजनीतिक समीकरणों के चलते किसानों को लुभाने के लिये मुफ्त या रियायती बिजली का चलन भी बढ़ा है। जिससे भूजल के अंधाधुंध दोहन को बढ़ावा ही मिला है। विडंबना यह है जैसे-जैसे भूजल का स्तर गिरता है, ट्यूबवेल हर साल और गहरे खोदे जाते रहे हैं। कोशिश होती रही है कि इससे जल संकट बढ़ने से पानी की कमी पर पर्दा पड़ा रहे। यही वजह है कि इसका नकारात्मक असर आज मध्य और दक्षिण हरियाणा के बड़े क्षेत्र में दिखायी दे रहा है। जहां जलस्तर खतरनाक स्तर तक गिरता नजर आ रहा है। वहीं दूसरी ओर हरियाणा में तेजी से बढ़ रहे शहरीकरण ने जल संकट को और गहरा कर दिया है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बहुत तेजी से हुए शहरीकरण ने भूजल का दोहन उसकी स्थायी सीमा से बहुत अधिक हद तक बढ़ाया है। इस बेलगाम भूजल दोहन पर नियामक संस्थाओं की निगरानी ना के बराबर है। वहीं एक चिंताजनक पहलू यह भी है कि तेजी से बढ़ते कंक्रीटीकरण और आर्द्र भूमि के क्षरण से भूजल का प्राकृतिक पुनर्भरण बाधित हुआ है। दूसरी ओर जलवायु परिवर्तनशीलता, अनियमित मानसून और घटते वर्षा दिवसों ने भूजल पुनर्भरण को और अधिक कम कर दिया है। जिसके चलते जलभंडारों के पुनर्जीवित होने की संभावनाएं लगभग क्षीण हो गई हैं। भूजल स्तर में गिरावट का खमियाजा किसानों को भी उठाना पड़ रहा है। खेतों के लिये सिंचाई जल उपलब्ध कराने की लागत में भी लगातार वृद्धि हो रही है। दरअसल गहरे बोरवेल के लिये अधिक बिजली और अधिक निवेश की आवश्यकता होती है। यही वजह है कि ग्रामीण पेयजल योजनाएं स्थिति से निपटने के लिये संघर्ष कर रही हैं। दूसरी ओर कम गुणवत्ता वाले जलभंडारों तक जल-दोहन की स्थिति पहुंचने से प्रदूषण का खतरा बढ़ा है। निस्संदेह, इस संकट को गंभीरता से लेने की जरूरत है। यदि इस सकंट की अनदेखी करके स्थिति को अनियंत्रित छोड़ दिया जाएगा तो इसके व्यापक नकारात्मक प्रभाव हो सकते हैं। इससे जहां एक ओर आजीविका का संकट बढ़ेगा, वहीं फसलों को लेकर अस्थिरता होगी और कालांतर जल को लेकर सामाजिक संघर्ष उत्पन्न हो सकता है। हालांकि, इस संकट के समाधान को लेकर नीतिगत उपाय मौजूद हैं, लेकिन उन्हें गंभीरता से लेने की जरूरत है। फसल विविधीकरण योजनाएं और पुनर्भरण परियोजनाएं सही दिशा में उठाये गए कदम हैं, लेकिन उनका पैमाना और कार्यान्वयन चुनौती के अनुरूप नहीं है। भूजल प्रबंधन, मांग में कमी की तुलना में आपूर्ति बढ़ाने पर अधिक केंद्रित रहा है।

# ईरान की उथल-पुथल एवं अमेरिका से टकराव गंभीर चुनौती

**ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ता टकराव केवल द्विपक्षीय तनाव नहीं है, बल्कि इसके दुष्प्रभाव पूरी दुनिया पर पड़ सकते हैं। इस संघर्ष से पश्चिम एशिया में युद्ध का खतरा बढ़ता है, जिसका सीधा असर वैश्विक ऊर्ज़ा आपूर्ति और तेल की कीमतों पर पड़ सकता है। होर्मुज जलडमरूमध्य में किसी भी तरह की अस्थिरता अंतरराष्ट्रीय व्यापार की धमनियों को बाधित कर सकती है, जिससे महंगाई और आर्थिक मंदी का खतरा बढ़ेगा। इसके साथ ही यह टकराव क्षेत्रीय देशों को प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से युद्ध में खींच सकता है, जिससे शरणार्थी संकट, आतंकवाद और साम्प्रदायिक तनाव गहराने की आशंका है। महाशक्तियों के परस्पर टकराव की स्थिति में विश्व राजनीति और अधिक ध्रुवीकृत होगी, अंतरराष्ट्रीय सहयोग कमजोर पड़ेगा और शांति की जगह अविश्वास व सैन्य प्रतिस्पर्धा का वातावरण बनेगा, जिसका खामियाजा अंततः पूरी मानवता को भुगतना पड़ सकता है।**

ईरान में बार-बार उभरती उथल-पुथल केवल किसी एक घटना, किसी एक फैसले या किसी एक पीढ़ी का आक्रोश नहीं है, बल्कि यह उस ऐतिहासिक, वैचारिक और भू-राजनीतिक संरचना की परिणति है, जिसने 1979 की इस्लामिक क्रांति के बाद से इस देश को आकार दिया है। आज जब सड़कों पर विरोध के दृश्य, सोशल मीडिया पर आक्रोश और पश्चिमी विश्लेषकों की ओर से सत्ता परिवर्तन की अटकलें तेज हैं, तब यह समझना जरूरी हो जाता है कि ईरान का संकट साधारण आंतरिक असंतोष नहीं, बल्कि वैश्विक शक्ति-संतुलन से गहराई से जुड़ा हुआ प्रश्न है। ईरान की आंतरिक उथल-पुथल एवं अस्थिरता के साथ-साथ उसका अमेरिका के साथ टकराव युद्ध की स्थितियों एवं वैश्विक असंतुलन का बड़ा कारण बन रहा है। ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ता टकराव केवल द्विपक्षीय तनाव नहीं है, बल्कि इसके दुष्प्रभाव पूरी दुनिया पर पड़ सकते हैं। इस संघर्ष से पश्चिम एशिया में युद्ध का खतरा बढ़ता है, जिसका सीधा असर वैश्विक ऊर्ज़ा आपूर्ति और तेल की कीमतों पर पड़ सकता है। होर्मुज जलडमरूमध्य में किसी भी तरह की अस्थिरता अंतरराष्ट्रीय व्यापार की धमनियों को बाधित कर सकती है, जिससे महंगाई और आर्थिक मंदी का खतरा बढ़ेगा। इसके साथ ही यह टकराव क्षेत्रीय देशों को प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से युद्ध में खींच सकता है, जिससे शरणार्थी संकट, आतंकवाद और साम्प्रदायिक तनाव गहराने की आशंका है। महाशक्तियों के परस्पर टकराव की स्थिति में विश्व राजनीति और अधिक धूरवीकृत होगी, अंतरराष्ट्रीय सहयोग कमजोर पड़ेगा और शांति की जगह अविश्वास व सैन्य प्रतिस्पर्धा का वातावरण बनेगा, जिसका खामियाजा अंततः पूरी मानवता को भुगतना पड़ सकता है। 1979 की इस्लामिक क्रांति ने ईरान में केवल शाह मोहम्मद रज़ा पहलवी को सत्ता से हटाकर एक नई सरकार स्थापित नहीं की थी, बल्कि एक ऐसी वैचारिक-राजनीतिक संरचना रची थी, जिसमें धर्म, राजनीति और सुरक्षा-तंत्र एक-दूसरे में घुलमिल गए। 'विलायत-ए-फकीह' की अवधारणा के तहत सर्वोच्च धार्मिक नेतृत्व को अंतिम राजनीतिक अधिकार सौंपा गया। इसी व्यवस्था के संरक्षण और विस्तार के लिए इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर यानी आईआरजीसी को खड़ा किया गया, जो समय के साथ केवल सैन्य शक्ति नहीं, बल्कि आर्थिक, राजनीतिक और वैचारिक ताकत का भी केंद्र बन गया। यही कारण है कि ईरान की व्यवस्था को केवल सरकार या शासन कहकर नहीं समझा जा सकता; यह एक संपूर्ण तंत्र है, जिसे हटाने के लिए केवल विरोध-प्रदर्शन पर्याप्त नहीं होते। ईरान ने पिछले चार दशकों में कई बड़े जनांदोलन देखे हैं। 2009 का ग्रीन मूवमेंट, 2017-18 की आर्थिक असंतोष की लहर, 2019 में ईंधन मूल्य वृद्धि के खिलाफ उग्र प्रदर्शन और 2022 में सामाजिक स्वतंत्रताओं को लेकर उठी आवाजेंकृहर बार यह माना गया कि शायद अब व्यवस्था डगमगाएगी। लेकिन हर बार वही सत्ता, वही ढांचा और वही शक्ति-संतुलन कायम रहा। इसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि ईरान में सुरक्षा-तंत्र राज्य से अलग नहीं, बल्कि राज्य का ही विस्तार है। अरब स्प्रिंग के दौरान मिस्त्र या तुर्किए में सेनाओं ने अंततः राष्ट्र-राज्य को बचाने का रास्ता चुना, लेकिन ईरान में आईआरजीसी खुद को क्रांति और इस्लामिक रिपब्लिक का संरक्षक मानती है, न कि केवल सीमाओं की रक्षा करने वाली संस्था। फिर भी यह कहना गलत होगा कि ईरान की व्यवस्था पर कोई दबाव नहीं है। वास्तव में, आज का दबाव पहले से कहीं अधिक जटिल और गहरा है। इसका सबसे बड़ा कारण है पीढ़ीगत बदलाव। ईरान की आबादी का बड़ा हिस्सा युवा है, जिसने 1979 की क्रांति न देखी है और न ही उससे भावनात्मक रूप से जुड़ा है। उनके लिए क्रांति कोई जीवित स्मृति नहीं, बल्कि इतिहास की किताबों का अध्याय है। उनकी आकांक्षाएं इंटरनेट, वैश्विक संस्कृति, शिक्षा, रोजगार और व्यक्तिगत स्वतंत्रताओं से प्रेरित हैं। जब ये आकांक्षाएं एक सख्त सामाजिक-राजनीतिक व्यवस्था से टकराती हैं, तो असंतोष स्वाभाविक रूप से जन्म लेता है। इस असंतोष को और तीखा बनाया है दशकों से चले आ रहे अमेरिकी और पश्चिमी प्रतिबंधों ने। इन प्रतिबंधों ने ईरान की अर्थव्यवस्था को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। तेल निर्यात सीमित हुआ, विदेशी निवेश रुका, मुद्रा कमजोर पड़ी और महंगाई ने आम नागरिक की कमर तोड़ दी। विकास और आधुनिकीकरण की गति धीमी पड़ी, जिससे खासकर शहरी मध्यम वर्ग और युवा वर्ग में भविष्य को लेकर निराशा बढ़ी। आज ईरान के कई नागरिक यह सवाल पूछ रहे हैं कि क्या अमेरिका और इजराइल के साथ अंतहीन दुश्मनी का बोझ उन्हीं के कंधों पर डाला जाना जरूरी है। धीरे-धीरे यह वैचारिक टकराव राष्ट्रवादी गौरव से अधिक सामाजिक बोझ के रूप में देखा जाने लगा है। अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ता तनाव इस पूरे परिदृश्य को और खतरनाक बना देता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से ईरान से व्यापार करने वाले देशों पर अतिरिक्त टैरिफ लगाने के आदेश और सैन्य हस्तक्षेप के संकेतों ने पश्चिम एशिया को एक बार फिर युद्ध के मुहाने पर ला खड़ा किया है। ईरान आज 1979 के बाद से शायद सबसे गंभीर बाहरी दबाव का सामना कर रहा है। यह टकराव केवल दो देशों के बीच का संघर्ष नहीं है, बल्कि यह एक ऐसा भू-राजनीतिक खेल बन चुका है, जिसमें महाशक्तियां अपने-अपने हित साधना चाहती हैं। अकसर यह धारणा बनाई जाती है कि बाहरी हस्तक्षेप से ईरान में सत्ता परिवर्तन संभव है। लेकिन इतिहास बताता है कि ईरान में विदेशी दखलअंदाजी ने हमेशा उल्टा असर डाला है। 1953 में मोसादेग सरकार के तख्तापलट से लेकर आज तक, 'विदेशी साजिश' का कथानक ईरानी राष्ट्रवाद को मजबूत करता रहा है। बाहरी समर्थन से होने वाले आंदोलनों को जनता का व्यापक और स्थायी समर्थन नहीं मिल पाता। यही वजह है कि विपक्षी नेतृत्व, जो अक्सर देश से बाहर बैठा होता है, ईरान के भीतर विश्वसनीय विकल्प नहीं बन सका। इसके अलावा, ईरान वेनेजुएला नहीं है। यह एक बड़ा, संगठित और रणनीतिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण देश है, जिसकी पकड़ इराक, सीरिया, लेबनान और यमन तक फैली हुई है। यहां किसी भी प्रकार का सैन्य हस्तक्षेप पूरे पश्चिम एशिया को आग में झोंक सकता है। इजराइल, खाड़ी देश, अमेरिका और यूरोपीय शक्तियां-सब इसके प्रभाव में आएंगे। चीन और रूस भी एक अस्थिर ईरान नहीं चाहते, क्योंकि वह उनके क्षेत्रीय और वैश्विक हितों के खिलाफ होगा। यह बहुध्रूवीय संतुलन ईरान की व्यवस्था को एक अप्रत्यक्ष सुरक्षा कवच प्रदान करता है। ईरान के भीतर आम नागरिकों का गुस्सा अब केवल आर्थिक कुप्रबंधन या भ्रष्टाचार तक सीमित नहीं रह गया है। एक बड़ा वर्ग यह मानने लगा है कि शासन की प्राथमिकताएं आम लोगों की जरूरतों से कट चुकी हैं। जब नागरिक भोजन, रोजगार और सम्मानजनक जीवन की मांग कर रहे हों, तब बाहरी दुश्मनों के खिलाफ वैचारिक युद्ध और यहूदी-विरोधी राजनीति उन्हें खोखली प्रतीत होती है। कई ईरानी मानते हैं कि इसी नीति ने देश को अंतरराष्ट्रीय अलगाव में धकेला और आर्थिक बर्बादी को जन्म दिया। यदि ईरान में बाहरी मदद से सत्ता परिवर्तन की कोशिश होती है, तो इसके परिणाम केवल ईरान तक सीमित नहीं रहेंगे। मध्य पूर्व में शक्ति-संतुलन बुरी तरह बिगड़ सकता है। शिया-सुन्नी तनाव, इजराइल-ईरान संघर्ष और वैश्विक ऊर्ज़ा बाजार-सब पर इसका गहरा असर पड़ेगा। भारत के लिए यह स्थिति विशेष रूप से चुनौतीपूर्ण होगी। भारत के ईरान के साथ ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और रणनीतिक संबंध रहे हैं। चाबहार बंदरगाह से लेकर ऊर्ज़ा सुरक्षा तक, ईरान भारत की विदेश नीति में अहम स्थान रखता है। ऐसे में भारत को अत्यंत सावधानी के साथ अपने रणनीतिक संतुलन को बनाए रखना होगा, ताकि वह किसी एक ध्रूव का मोहरा बनने के बजाय अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा कर सके। अंततः, ईरान की वर्तमान उथल-पुथल यह संकेत देती है कि व्यवस्था पर दबाव वास्तविक है, लेकिन तात्कालिक पतन की भविष्यवाणियां अक्सर जल्दबाजी साबित होती हैं। यह संघर्ष केवल सत्ता परिवर्तन का नहीं, बल्कि पहचान, वैचारिक दिशा और भविष्य की कल्पना का संघर्ष है। ईरान का भविष्य संभवतः न तो अचानक क्रांति से बदलेगा और न ही केवल दमन से स्थिर रहेगा। यह एक लंबी, जटिल और अंतर्द्वंद्वों से भरी प्रक्रिया होगी, जिसके परिणाम न केवल ईरान, बल्कि पूरी दुनिया की राजनीति को प्रभावित करेंगे। **-ललित गर्ग**



# ईरान, ट्रंप और प्रतिरोध की राजनीति

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

अंतरराष्ट्रीय राजनीति में कुछ संघर्ष केवल सीमाओं या संसाधनों तक सीमित नहीं होते, वे विचारधाराओं, सत्ता-संतुलन और नैतिकता की भी परीक्षा लेते हैं। ईरान और अमेरिका के बीच दशकों से चला आ रहा टकराव ऐसा ही एक संघर्ष है, जो समय-समय पर नए रूपों में सामने आता रहा है। डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति कार्यकाल के दौरान यह टकराव जिस तीव्रता और आक्रामकता के साथ उभरा, उसने वैश्विक राजनीति को एक बार फिर शीतयुद्धोत्तर दौर की अस्थिरता की याद दिला दी। 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद से ही ईरान अमेरिका की रणनीतिक और वैचारिक राजनीति का लक्ष्य रहा है। अमेरिका ने ईरान को केवल एक राष्ट्र-राज्य के रूप में नहीं, बल्कि एक वैकल्पिक राजनीतिक मॉडल के रूप में देखा- ऐसा मॉडल जो पश्चिमी प्रभुत्व, इज़राइल-केन्द्रित पश्चिम एशिया नीति और अमेरिकी साम्राज्यवादी सोच को चुनौती देता है। यही कारण है कि ईरान पर आर्थिक प्रतिबंध, कूटनीतिक अलगाव और सैन्य दबाव लंबे समय से अमेरिकी विदेश नीति का हिस्सा रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप के शासनकाल में यह नीति और अधिक कठोर, असंवेदनशील और टकरावपूर्ण हो गई। 2015 में ईरान और विश्व शक्तियों के बीच हुए परमाणु समझौते (JCPOA) से अमेरिका का एकतरफा हटना न केवल कूटनीतिक असंतुलन का उदाहरण था, बल्कि यह भी दर्शाता था कि ट्रंप प्रशासन अंतरराष्ट्रीय सहमति और बहुपक्षीयता को किस हद तक नज़रअंदाज़ करने को तैयार था। इसके बाद ईरान पर अधिकतम दबाव नीति लागू की गई, जिसका उद्देश्य ईरानी अर्थव्यवस्था को घुटनों पर लाना और शासन को आंतरिक विद्रोह की ओर धकेलना था। इतिहास साक्षी है कि दबाव हमेशा झुकाव पैदा नहीं करता। कई बार वह प्रतिरोध को जन्म देता है। ईरान के मामले में भी यही हुआ। आर्थिक कठिनाइयों, प्रतिबंधों और अंतरराष्ट्रीय अलगाव के बावजूद ईरान ने अपने राजनीतिक अस्तित्व, संप्रभुता और वैचारिक पहचान को बनाए रखा। यहाँ यह समझना ज़रूरी है कि ईरान का विरोध केवल अमेरिका की नीतियों से नहीं है, बल्कि उस वैश्विक व्यवस्था से है जिसमें कुछ गिने-चुने देश स्वयं को न्यायाधीश और शेष दुनिया को अभियुक्त मान लेते हैं। जैसी करनी वैसी भरनी का सिद्धांत केवल नैतिक कहावत नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति में भी गहराई से लागू होता है। पश्चिम एशिया में दशकों तक किए गए अमेरिकी हस्तक्षेप–इराक, अफगानिस्तान, लीबिया और सीरिया- ने क्षेत्र को स्थिरता नहीं, बल्कि अराजकता दी। लोकतंत्र के नाम पर सत्ता परिवर्तन, मानवाधिकारों के नाम पर सैन्य आक्रमण और आतंकवाद के विरुद्ध युद्ध के नाम पर निर्दोष नागरिकों की हत्या- इन सबने अमेरिका की नैतिक साख को गहरा नुकसान पहुँचाया। ऐसे में जब ईरान अमेरिकी प्रभुत्व को चुनौती देता है तो वह केवल अपनी रक्षा नहीं कर रहा, बल्कि उस व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न लगा रहा है, जो ताकत को ही न्याय मानती है। ट्रंप की विदेश नीति का एक और खतरनाक पहलू उसका व्यक्तिवादी और आवेगपूर्ण स्वभाव था। कूटनीति संवाद और धैर्य से चलती है, जबकि ट्रंप की राजनीति ट्वीट, धमकी और शक्ति-प्रदर्शन पर आधारित थी। ईरानी जनरल क़ासिम सुलेमानी की हत्या इसी मानसिकता का परिणाम थी। यह घटना न केवल अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन थी, बल्कि इसने पूरे पश्चिम एशिया को युद्ध के मुहाने पर खड़ा कर दिया। इसके बाद ईरान की प्रतिक्रिया ने यह स्पष्ट कर दिया कि अब वह केवल सहने की नीति पर नहीं चल रहा। ईरान की राजनीति को अक्सर पश्चिमी मीडिया में कट्टर, दमनकारी और पिछड़ा बताकर प्रस्तुत किया जाता है। लेकिन यह चित्रण अधूरा और एकांगी है। ईरान की जनता ने बार-बार यह साबित किया है कि वे बाहरी हस्तक्षेप को स्वीकार नहीं करेंगे, चाहे वह कितनी भी आकर्षक शब्दावली में क्यों न लपेटा गया हो। ईरान में सरकार की आलोचना होती है, विरोध होते हैं, लेकिन जब बात राष्ट्रीय संप्रभुता की आती है, तो जनता और सत्ता एकजुट दिखाई देते हैं। यही वह तत्व है जिसे पश्चिमी रणनीतिकार अक्सर समझने में चूक जाते हैं। भारत जैसे देशों के लिए यह पूरा परिदृश्य एक गंभीर चेतावनी भी है और अवसर भी। ईरान भारत का पारंपरिक मित्र रहा है-ऊर्ज़ा सुरक्षा, क्षेत्रीय संपर्क (चाबहार बंदरगाह) और मध्य एशिया तक पहुँच के लिहाज़ से ईरान का महत्व असंदिग्ध है। लेकिन अमेरिका के दबाव में भारत का ईरान से दूरी बनाना उसकी स्वतंत्र विदेश नीति पर प्रश्न खड़े करता है। किसी भी संप्रभु राष्ट्र के लिए यह आवश्यक है कि वह अपने राष्ट्रीय हितों को किसी तीसरे देश की नाराज़गी के डर से गिरवी न रखे। आज वैश्विक राजनीति एक संक्रमण काल से गुजर रही है। एकध्रुवीय विश्व व्यवस्था की पकड़ ढीली पड़ रही है और बहुध्रुवीयता का उदय हो रहा है।

## सेहत मंत्र

# पेट पर जमा चर्बी मस्तिष्क को पहुंचा सकती है नुकसान

चिकित्सकों का कहना है कि पेट की अतिरिक्त चर्बी आपके मस्तिष्क में ग्रे मैटर की मात्रा को कम कर सकती है और अतिरिक्त वजन मस्तिष्क के विशिष्ट क्षेत्रों में सिकुड़न से जुड़ा होता है। इसके साथ ही मोटापे के रोगियों में हृदय रोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और डिस्लिपिडेमिया का भी खतरा बढ़ जाता है। हार्टकेयर फाउंडेशन (एचसीएफआई) के अध्यक्ष डॉ. के.के. अग्रवाल ने कहा, सामान्य वजन का मोटापा हमारे देश में एक नई महामारी है। इसका एक प्रमुख कारण आज की जीवनशैली है। ऑन-द-गो और तेज-रफ्तार जीवन का मतलब है कि लोग नाश्ते को छोड़ देते हैं और बाकी पूरा दिन अस्वास्थ्यकर, क्विक फिक्स रिफाइंड कार्ब्स वाला भोजन खाते हैं। पेट के चारों ओर एक इंच अतिरिक्त वसा हृदय रोग की संभावना को 1.5 गुना बढ़ा सकती है। उन्होंने कहा, पुरुषों में 90 सेमी और महिलाओं में 80 सेंटीमीटर से अधिक का उदर रोग एक संकेत है कि व्यक्ति भविष्य में दिल के दौरे की चपेट में आ सकता है। पुरुषों में 20 वर्ष की आयु के बाद और महिलाओं में 18 वर्ष की आयु के बाद पांच किलोग्राम से अधिक वजन नहीं बढ़ना चाहिए। 50 वर्ष की आयु के बाद किसी के वजन की निगरानी करना और उसे उचित रूप से कम करना भी अनिवार्य है। डॉ. अग्रवाल ने कहा, एक बार जब किसी व्यक्ति का कद बढ़ना बंद हो जाता है, तो उसके अंगों का बढ़ना बंद हो जाता है और केवल मांसपेशियां ही एक हद तक निर्माण कर पाती हैं। वसा का जमाव एकमात्र कारण है जो उस चरण के बाद शरीर के वजन को बढ़ाता है। उन्होंने कहा, जो लोग मोटे हैं, उन्हें परिष्कृत कार्बोहाइड्रेट के सेवन को सीमित करने का लक्ष्य रखना चाहिए क्योंकि वे रक्त शर्करा के स्तर और इंसुलिन के उत्पादन को बढ़ाते हैं। इंसुलिन प्रतिरोध वाले लोगों में, इस वृद्धि से आगे वजन बढ़ सकता है। इसके अलावा, हर दिन लगभग 30 से 45 मिनट शारीरिक गतिविधि करने का लक्ष्य रखें, सप्ताह में पांच बार। डॉ. अग्रवाल ने कुछ सुझाव देते हुए कहा, हर दिन व्यायाम करें और स्वस्थ आहार का सेवन करें, सभी सात रंगों और छह स्वादों का मिश्रण भोजन में शामिल करें। किसी भी रूप में रिफाइंड चीनी का सेवन न करें, क्योंकि यह रक्त प्रवाह में अधिक आसानी से अवशोषित हो सकती है और आगे की जटिलताओं का कारण बन सकती है। ध्यान और योग जैसी गतिविधियों के माध्यम से तनाव को कम करें।

## धर्म मंत्र

# हनुमानजी ने जब पहली बार लंका को देखा तो उसकी सुंदरता देखते ही रह गये थे

श्री हनुमान जी ने सिंहिका राक्षसी का वध कर डाला। इस विषय पर हम पिछले अंक में विस्तार से विवेचना कर चुके हैं। सच कहें तो महापुरुषों का लक्ष्य किसी का वध करना कभी भी नहीं होता है। कारण कि वे किसी से शत्रुता ही नहीं रखते, तो भला वे किसी का वध क्यों कर करेंगे। अगर किसी को ऐसा प्रतीत होता है, कि नहीं-नहीं! ऐसा कैसे हो सकता है, कि महापुरुषों को किसी से वैर नहीं। अगर वैर नहीं, तो क्यों सिंहिका राक्षसी का वध कर डाला। भला बिना किसी लाग लपेट के भी कोई किसी को मारता है क्या? आरंभिक स्तर पर तो हमें यह समस्त तर्क सही प्रतीत होते हैं। लेकिन जिस समय हम इन विषयों पर तात्विक चिंतन करते हैं। तो हम अवगत होते हैं, कि महापुरुषों का तो डांटना भी कल्याणप्रद है, और स्नेह करना भी। श्रीराम मारीच का वध करते हैं, तो बाहरी दृष्टि से हमें सर्वप्रथम, यह कोई अबल पे सबल का प्रहार ही प्रतीत हो। लेकिन वास्तविक्ता में तो श्रीराम मारीच को अपना परमपद् ही प्रदान करते हैं। भले ही क्यों न, मारीच सदा रावण की सेवा करता, उसकी आज्ञा मानता। लेकिन उसके द्वारा रावण की युगों तक भी की हुई सेवा, क्या मारीच का कल्याण कर सकती थी? बिल्कुल नहीं। और इस विभूषित तथ्य से मारीच भली भाँति अवगत था। तभी तो मारीच जब देखता है, कि श्रीराम उसके वध हेतु उसके पीछे-पीछे भाग रहे हैं, तो वह अपनी मृत्यु की अटल संभवना देख कर भी, अतिअंत प्रसन्न होता है।

## पर्यटन



# भारत का वो 'Secret' हिल स्टेशन जहां विदेशियों की है 'No Entry'

आमतौर पर भारत में एक ऐसा हिल स्टेशन है, जहां विदेशों नागरिक इस हिल स्टेशन में प्रवेश नहीं कर सकते हैं, यदि विदेशी पर्यटक यहां जाने का प्रयास करेंगे तो उन्हें पहले ही रोक दिया जाएगा। इस जगह की खास बात तो यह है कि ऊंचाई पर चढ़ने से पहले ही, बेरिगेटिंग लगी होती है, जहां आपकी आईडी भी देखी जा सकती है। बता दें कि, यह एक ऑफबीट हिल स्टेशन है, जिसका नाम चकराता है। इस जगह पर यदि किसी विदेशी नागरिक के साथ यहां घूमने का प्लान कर रही हैं, तो पहले ही रुक जाएं। हालांकि, कई लोग नहीं जानते है कि यहां ऐसा क्यों होता है? क्यों इस हिल स्टेशन पर विदेशी नागरिकों का आना मना है। यह हिल स्टेशन देश के उच्च सुरक्षा वाली जगह में से एक है। इधर आपको जगह-जगह आर्मी फोर्स भी देखने को मिलेंगी, क्योंकि यह उच्च सुरक्षा वाला सैन्य छावनी क्षेत्र (Cantonment Zone) में आता है। आपको बता दें कि, यहां पर भारतीय सेना की टीम राजनीतिक कार्य करती हैं और खुफिया एजेंसियां भी यहां मौजूद है। चकराता ऊंचाई पर स्थित है और भारत-चीन सीमा के करीब भी पड़ता है, इसलिए राष्ट्रीय सुरक्षा के हिसाब से यह संवेदनशील क्षेत्र भी माना जाता है। इसी कारण, यहां पर विदेशी नागरिकों का आना मना है। यदि कोई विदेशी नागरिक, खुफिया बनकर यहां आया, तो खतरनाक हो सकता है। सिर्फ गृह मंत्रालय की अनुमति के बाद यहां विदेशी नागरिक आ सकते हैं, वरना इसके अलावा गृह मंत्रालय की अनुमति नहीं हैं। चकराता एक ऐसी जगह है, जहां भारतीय नागरिकों को भी फोटो लेना प्रतिबंध है। कुछ जगहों पर बोर्ड लगे हैं, जहां फोटो वीडियो बनाना सख्त मना है। यदि आप इन बातों को ध्यान नहीं रखती हैं, तो हो सकता है कि आर्मी ऑफिसर को आप पर शक हो जाए। ऐसे में आपको पकड़कर पूछताछ भी हो सकती है और आपसे आईडी प्रूफ भी मांगा जा सकता है।

# सांसद डिंपल के जन्मोत्सव पर कद्दावरों का जमावड़ा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी।विधानसभा सदर स्थित नगर पंचायत देवां मे बाबा लाला दास कुटी (श्री वृन्दावन आश्रम) में समाजवादी पार्टी की सांसद श्रीमती डिंपल यादव जी (सांसद, मैनपुरी) के जन्मोत्सव पर आयोजित जन्मोत्सव कार्यक्रम में पूर्व सदस्य विधान परिषद राजेश यादव राजू द्वारा श्रीमती डिंपल यादव जी के जन्मदिन का केक काटकर सभी का मुंह मीठा कराते हुए,संत-महात्माओं को कंबल अंगवस्त्र एवं दक्षिणा भेंट कर डिंपल यादव जी को स्वास्थ्य दीर्घायु होने का आशीर्वाद प्रदान करने का निवेदन करते हुए कहा श्रीमती डिंपल यादव जी समाजवादी पार्टी की मजबूत स्तंभ हैं, जिन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण, ग्रामीण विकास एवं जनसेवा के क्षेत्र में निरंतर करती रहती हैं जो इनके सादगीपूर्ण व्यक्तित्व को दर्शाता है आज हम समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता पदाधिकारी श्रीमती डिंपल यादव जी को जन्मदिन की शुभकामनाएं बधाई देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना करता है।

इस मौके पर ज्ञान सिंह, यादव प्रदीप यादव बिंद्रा, सरबजीत यादव, अशोक प्रधान, सहजराम, वीरेंद्र कुमार, रामकिशोर, आशीष आदि पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने श्रीमती डिंपल यादव जी के जन्मदिन की बधाई शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की!!

# अमित व राहिल खान बने सांसद प्रतिनिधि, तनुज के प्रति जताया आभार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। लोकसभा सदस्य सांसद तनुज पुनिया द्वारा रामनगर विधानसभा क्षेत्र में विद्युत विभाग से संबंधित जनसमस्याओं के प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से कांग्रेस के जिला महासचिव अमित त्रिवेदी को विद्युत विभाग का सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार सांसद श्री पुनिया ने फतेहपुर तहसील के राहिल खान एडवोकेट एवं सभासद और नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष को विधानसभा क्षेत्र का विद्युत विभाग का सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है। नगर वासियों ने सांसद के प्रति धन्यवाद ज्ञापित कियाा है।

# मकर संक्रांति पर 151 जरूरतमंदों को मिले कंबल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कूरेभार/सुल्तानपुर। मकर संक्रांति के अवसर पर गुरुवार दोपहर एक बजे कूरेभार ब्लॉक के पुरखीपुर गांव स्थित इछुरी सागर तट पर एक सामाजिक सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। राज इंटर कॉलेज और राज पब्लिक स्कूल के प्रबंधक और पूर्व प्रधान रमेश वर्मा के नेतृत्व में 151 जरूरतमंदों को खिचड़ी भोज के साथ कंबल वितरित किए गए।इस कार्यक्रम में क्षेत्र के वरिष्ठ और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। खिचड़ी भोज में सभी वर्गों के लोगों ने भाग लिया, जिससे सामाजिक एकता और भाईचारे का संदेश प्रसारित हुआ। मुख्य अतिथि कूरेभार ब्लॉक प्रमुख ने जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए। उन्होंने कहा कि ऐसे जनसेवा के कार्य समाज में आपसी भाईचारे और समरसता को मजबूत करते हैं। ब्लॉक प्रमुख ने मकर संक्रांति जैसे पर्व पर ऐसे आयोजनों को सराहनीय बताया, जो समाज के कमजोर वर्गों के प्रति संवेदनशीलता दर्शाते हैं। कार्यक्रम के दौरान सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रहीं। जरूरतमंदों को सम्मानपूर्वक कंबल वितरित किए गए और सभी के लिए खिचड़ी प्रसाद की व्यवस्था की गई थी। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए आयोजकों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के अंत में आयोजक समाजसेवी रमेश वर्मा ने उपस्थित सभी अतिथियों, ग्रामीणों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि समाज के प्रति सेवा भाव ही जीवन का मूल उद्देश्य है और ऐसे आयोजन भविष्य में भी जारी रहेंगे। इस अवसर पर बी. इंडियन स्कूल के प्रबंधक कमल नयन वर्मा, ग्राम प्रधान राजेश सिंह, शिव कुमार दूबे, कमलेश वर्मा, चिंता राम वर्मा, राम नयन वर्मा, राम सहाय वर्मा, राम नेवाज, राम चन्द्र वर्मा, संदीप वर्मा, अरुण वर्मा, हरीश वर्मा, अविनाश कुमार और जगदीश कुमार सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# वैश्य समाज का भव्य समरसता खिचड़ी भोज आयोजन, गणमान्य भी हुए सम्मिलित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। वैश्य समाज द्वारा नागेश्वर नाथ मंदिर प्रांगण में मकर संक्रांति के अवसर पर समरसता खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया द्य इस आयोजन में शहर के गणमान्य व्यक्तियों के साथ गरीबों को भी खिचड़ी प्रसाद ग्रहण किया। एडवोकेट दिलीप गुप्ता, उत्तम कुमार गुप्ता, पवन जैन ,गोविंद अग्रवाल ,अनुज अग्रवाल सहित काफी संख्या में वैश्य समाज के लोगों ने खिचड़ी भोज में सेवा दी द्य खिचड़ी भोज कार्यक्रम में पूर्व सांसद उपेंद्र सिंह रावत,अरविंद सिंह गोप, एम एल सी अंगद सिंह,सदर विधायक धर्मराज सिंह, संदीप गुप्ता ,डॉक्टर विवेक वर्मा , समाजसेवी सुरेंद्र सूर्या,अनिल अग्रवाल,अजय वर्मा,अजय सिंह,सज्जनलाल गुप्ता, शशि गुप्ता,शशांक जायसवाल, डा. शशि जायसवाल सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे ''महादेवा में भी हुआ खिचड़ी भोज आयोजन''रामनगर प्रतिनिधि ने बताया कि प्रसिद्ध शिवतीर्थ महादेवा धाम में श्रीलोधेश्वर महादेव जी के प्रवेश द्वार पर मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर भक्त हरिनारायण गुप्ता द्वारा खिचड़ी भोज किया गया।जिसमे हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान लोधेश्वर महादेवजी के दर्शन के बाद प्रसाद ग्रहण किया।महादेवा में संक्रांति पर्व पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही।इस आयोजन में स्थानीय युवाओं व समाजसेवियों का सहयोग रहा।

# मंत्री सतीश ने विधानसभा वासियों को बांटे कंबल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। विधानसभा दरियाबाद क्षेत्र अंतर्गत लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज व विकास खण्ड पूरे डलई परिसर मे कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने असहाय, निराश्रित एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को शीतलहर से बचाव के लिए 2700कंबल वितरित किये।इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश सरकार की जन कलयाणकारी योजनाओं के बारे में बताया और अधिकारियों को निर्देश दिया कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकार की योजनाओं का लाभ पाने से वंचित न रहे।इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख रत्नेश कुमार सिंह, एसडीएम अनुराग सिंह,तहसीलदार शशांक नाथ उपाध्याय,नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी,नायब तहसीलदार सुधाकर पांडे एवं राजस्व टीम और क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

# सात दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी । तहसील क्षेत्र के सनौली ग्राम पंचायत में गुरुवार मकरसंक्रांति के दिन क्रिकेट मैदान पर आयोजित सात दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अमरनाथ वर्मा फीता काट कर किया।खेल के पहले दिन रानीमऊ और अमर इलेवन नरोखर कोटवा सड़क के बीच मुकाबला खेला गया।टॉस जीतकर रानीमऊ की टीम ने पहले फील्डिंग करने का फैसला लिया।पहले बल्लेबाजी करते हुए अमर इलेवन ने 12 ओवरों में 150 रन बनाए और रानीमऊ को जीत के लिए 151 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रानीमऊ की टीम लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकी और मुकाबले में अमर इलेवन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 1 विकेट से रोमांचक जीत दर्ज की।मैच में अमर इलेवन के निहाल ने बेहतरीन ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए 4 विकेट झटके और मात्र 18 गेंदों में 38 रनों की तेज पारी खेली, जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। वहीं गौरव अवस्थी ने 54 रनों की शानदार पारी खेलकर दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी। खिलाड़ियों के साथ साथ क्षेत्रीय दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला।

## बार काउंसिलउप्र, चुनावी समर में 3325 अधिवक्ता

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश बार कौंसिल आफ उत्तर प्रदेश के सदस्यों के चुनाव के लिए घोषित चुनाव कार्यक्रम के प्रथम चरण मे जनपद के तीन हजार तीन सौ पच्चीस अधिवक्ता चुनाव समर में जोर अजमाईश कर रहे तीन सौ तेतीस प्रत्याशियो के भाग्य का फैसला करेगे। विदित है कि इस बार उत्तर प्रदेश मे कुल दो लाख पचास हजार सी ओ पी धारक अधिवकता मतदाता है। जिनमे से जनपद मे मतदाताओ की संख्या कुल मतदाता की 1.33%है। इस बार अधिवक्तागण जनपद न्यायालय परिसर मे बने न्याय निलयम मे अपने मताधिकार का प्रयोग करेगे। मतदान की चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है। इस बार हो रहे चुनाव मे सदस्य पद के प्रत्याशियो मे श्रवण सिह, रीतेश मिश्रा, व वीरेंद्र श्रीवास्तव सहित कुल तीन प्रत्याशी स्थानीय स्तर के है। इन सबका अपना-अपना प्रभाव अधिवकताओ के बीच है। अन्य प्रत्याशियो मे गोंडा के अजय शंकर श्रीवास्तव, वीरेंद्र यादव, हरदोई के रोहित कुमार श्रीवास्तव, प्रदीप कुमार सिंह, परेश मिश्रा,गोविन्द कृष्ण श्रीवास्तव,प्रयाग राज के अनिल श्रीवास्तव, आगरा की राधा यादव, रायबरेली के यशपाल सिह जनपद की तहसील व जनपद की जिला बार एसोसिएशन व जिला टैक्स बार एसोसिएशन का अनेक बार दौरा कर अपने लिए समर्थन जुटा चुके है। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार वर्मा ने अधिवकताओ से पुराने प्रत्याशियो के स्थान पर नौजवान-युवा अधिवकताओ का समर्थन करने की अपील की है। देखना है ऊंट किस करवट बैठता है।

## कस्बा मसौली में बह रही है ज्ञान गंगा, भावविभोर जनमानस

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कस्बा मसौली में बाबा राम शरण दास भगवत दास कुटी हनुमान मंदिर पर चल रही विराट रूद्र महायज्ञ कार्यक्रम में यज्ञ सम्राट स्वामी प्रमोदानंद महराज जी ने प्रजापति दक्ष का प्रसंग सुनाया।महाराज जी ने कहा प्रजापति दक्ष ने यज्ञ में भगवान शंकर को निमंत्रण नहीं दिया तो सती को जाने से मना करने पर भगवान शंकर ने कहा आपके पिता मुझसे क्रोधित है। तब सती ने इस क्रोध का कारण पूछा तो शंकर जी कहा कि एक समय की बात है। जब प्रजापति दक्ष देवताओं की सभा के सभापति थें। देवताओं की सभा में जब प्रजापति दक्ष का आगमन हुआ तो सभी देवताओं ने खड़े होकर महाराज दक्ष का स्वागत किया लेकिन भगवान शंकर नहीं खड़े हुए।तब प्रजापति ने भगवान शंकर से कहा हे शंकर तो सभा से भग जा। तभी प्रजापति दक्ष ने एक प्रस्ताव जारी किया। की किसी भी पूजा पाठ में शंकर जी को नहीं बुलाया जाएगा। लेकिन बिना शंकर के कौन पूजा पाठ करे।

# हिंदू महासम्मेलन, तोगड़िया ने मांगा जन समर्थन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फतेहपुर बाराबंकी। स्थानीय ब्लॉक तिराहे के पास मैदान में अन्तरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा हिन्दू महासम्मेलन का आयोजन हुआ, जिसमें संगठन संस्थापक अध्यक्ष डॉ. प्रवीण तोगड़िया मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम का मुख्य फोकस भारत में जनसंख्या नियंत्रण कानून को लेकर रहा, जिसे लेकर डॉ.तोगड़िया ने जनता से खुलकर समर्थन मांगा। और कहा कि ''एक आवाज से लाखों हिंदू मंदिर बनाने के लिए अयोध्या आया था। हम वीरों के वंशज हैं, जो कायर थे वह हमें छोड़कर चले गए।'' उन्होंने सवाल उठाते हुए कहाकि अयोध्या, सोमनाथ, काशी और मथुरा क्यों टूटे, भारत क्यों टूटा, इसका कारण यह रहा कि एक आवाज पर लाखों गांवों के हिंदू कभी खड़े नहीं हो सके।

उन्होंने 1889 का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय आठ करोड़ हिंदू घरों से सवा रुपया लिया गया था और अयोध्या में राम मंदिर आठ करोड़ हिंदुओं के पसीने के सवा रुपये से बना है। डॉ. ने कहा कि इतिहास गवाह है कि जब-जब हिंदू बंटा, हिंदू कटा और हिंदू लुटा।

जनसंख्या नियंत्रण कानून को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए कहाकि कानून बनने के बाद जिस घर में दो से ज्यादा बच्चों का जन्म होगा, उस परिवार का सरकारी राशन बंद करवा देंगे। उनके बच्चों को सरकारी स्कूल में प्रवेश नहीं मिलेगा, सरकारी अस्पताल से दवाई, बैंकों से लोन नहीं मिलेगा, सरकारी नौकरी और ऐसे लोगों को हम वोट भी नहीं डालने देंगें कड़े प्रावधानों केबिना जनसंख्या नियंत्रण संभव नहीं है, इसके लिए कठोर कानून जरूरी है। आर्थिक मुद्दों पर बोलते हुए डॉ. तोगड़िया ने कहा कि देश में प्रति व्यक्ति औसत आय लगभग 22 हजार रुपये है, जबकि किसानों की आय मात्र 10 हजार रुपये है. जो बेहद कम है। किसानों की आय बढ़ाने पर विशेष जोर देते हुए कहाकि जब तक किसान मजबूत नहीं, देश मजबूत नहीं हो सकता। उन्होंने सुरक्षित हिन्दू, समृद्ध हिन्दू, सम्मानयुक्त हिंन्दू का नारा दिया।

सम्मेलन में वक्ताओं ने जनसंख्या नियंत्रण कानून को देशहित में बताते हुए कहा कि इसे लागू कराना समय की मांग है। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने नारेबाजी कर संगठन के विचारों का समर्थन कियाऔर जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की मांग को प्रमुखता से उठाया, डॉ. तोगड़िया का फूल-मालाओं और तलवार भेंटकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर जयशंकर जोशी,शुभम सोनी, धनीराम, गिरधर गोपाल, सर्वेश श्रीवास्तव सहित बहुत से लोग उपस्थित रहे।

## कोटेदारों को आयुष्मान कार्ड का दायित्व, प्रशिक्षण

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयुष्मान कार्ड बनाने की सुविधा अब कोटे की दुकानों से शुरू की जा रही है।स्थानीय ब्लॉक सभागार में आयुष्मान कार्ड निर्माण को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में उचितदर विक्रेताओं ने सहभागिता की। इस योजना के तहत विशेषरूप से 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में आपूर्ति निरीक्षक संजय कुमार के नेतृत्व में कोटेदारों को आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों नविता सिंह एवं सुधाकर ने कोटेदारों को तकनीकी रूप से आयुष्मान कार्ड बनाने का प्रशिक्षण दिया, ताकि पात्र लाभार्थियों को योजना से जोड़ा जा सके।आपूर्ति निरीक्षक ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को पांच लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज उपलब्ध कराया जाता है। शिविर में अंग्रेज सिंह,बृजेश सिंह, सुरेश वर्मा, ज्ञानेंद्रसिंह, पूनम गौतम, प्रभात सहित तमाम कोटेदार मौजूद रहे।

## इंटर कॉलेज में जरूरतमंद गरीबों को कंबल वितरित

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कड़ाके की ठंड से जूझ रहे गरीब, लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से कुर्सी क्षेत्र के ग्राम दादनपुर स्थित आशा मैरिज लॉन एवं क्षेत्र के आर.आर इंटर कॉलेज में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने स्वयं उपस्थित होकर लगभग एक हजार जरूरतमंद लाभार्थियों को कंबल वितरित किए। कार्यक्रम का संचालन अंशुमान मिश्रा ने किया। इस मौके पर एसडीएम कार्तिकेयसिंह,तहसीलदार वैशाली अहलावत, जिला महामंत्री शीलरतन मिहिर, वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव नयन तिवारी, मंडलअध्यक्ष करुणा शंकर शुक्ला, रंजीतलोधी, डॉ.रामकुमार गिरी, आशीष सिंह, रामचंद्र वर्मा, रिंकूवर्मा, विजयमौर्य, गणेश शंकर मिश्रा, अंकितजोशी, केशव राम सहित बड़ी संख्या में लाभार्थी एवं पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खाटू श्याम मंदिर में भजन संध्या का भव्य आयोजन

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। एकादशी पर बुधवार को नगर क्षेत्र के जार कबीर बाबा स्थित खाटूश्याम मंदिर मेंभव्य भजनसंध्या का आयोजन हुआ।शाम5 बजे से रात 8 बजे तक चले कार्यक्रम में तमाम श्रद्धालु शामिल हुए।बाबाश्याम केजय कारों से पूरा मंदिरपरिसर गूंज उठा और माहौल भक्तिमय हो गया।
कार्यक्रम के समापन पर बाबा श्याम की आरती पश्चात प्रसाद वितरण हुआ, पुजारी ने बतायाकि एकादशी पर हर माह ऐसे धार्मिक कार्यक्रमो का उद्देश्य क्षेत्र में धार्मिक चेतना और आपसी सद्भाव बनाए रखना है। भजन संध्या में श्रद्धालुओं ने आयोजन की सराहनाकरते हुए इसे आध्यात्मिक शांति प्रदान करने वाला बताया।

## बाइकों की भिड़ंत जख्मी युवक की मौत,एक नाज़ुक

निंदूरा बाराबंक कैनविज टाइम्स संवाददाता। सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हुई। बुधवार को लखनऊ-महमूदाबाद मार्ग पर दो बाइकों की आमने सामने हुई भिड़ंत में घायल बड्डूपुर थाना क्षेत्र के बुढना गांव निवासी मिन्हाज पुत्र वहाज़ुल 20 वर्ष की मृत्यु हुई। बताते हैं कि मिनहाज अपनी बाइक से कस्बा कुर्सी स्थित एक बैंक को आ रहा था। लखनऊ -महमूदाबाद मार्ग पर राजकीय इंटर कालेज निंदूरा के निकट एक तेज रफ्तार दूसरी बाइक से आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई ।हादसे में बाइक सवार मिन्हाज गंभीर रूप से घायल हो गया था। मिन्हाज तीन भाइयों में सबसे छोटा था।चौकी इंचार्ज श्रीकांत मिश्रा ने बताया कि दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत में बड्डूपुर के बुढना निवासी घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई।

## ननिहाल आया युवक की हादसे में दर्दनाक मौत

जैदपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना व नगर पंचायत जैदपुर स्थित नूर मोहम्मद इंटर कॉलेज के सामने जैदपुर सफदरगंज मार्ग पर गुरुवार करीब चार बजे सफदरगंज से जैदपुर की ओर से स्कूटी से जा रहे दो युवक दुग्ध वाहन को ओवरटेक करते समय सामने से आ रहे वाहन की चपेट में आ गये। दुग्ध वाहन का पहिया युवक के सिर पर चढ़ गया। जिससे युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हुई। वही दूसरा युवक घायल हो गया। मृतक की पहचान कानपुर जनपद के ढकना पुर निवासी फहद पुत्र अहमद अली के रूप में हुई। वहीं घायल जैदपुर के मोहल्ला नान पजान निवासी मोहम्मद दानिश पुत्र अमीर हसन के रूप मे हुई।जो करीब 4 दिन पहले छुट्टियां मनाने ननिहाल आया था। वही इस घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है।

## विद्युत उपकेंद्र का उद्घाटन आज

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बाबागंज क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र बाबागंज का उद्घाटन कल आहूत है। उद्घाटन विधायक कुर्सी विधान सभा साकेंद्र प्रताप वर्मा के करकमलों से संपन्न होगा। इस उपकेंद्र के शुरू होने से बाबागंज और आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति और अधिक मजबूत, स्थिर व निर्बाध होने की उम्मीद है। उपकेंद्र के चालू होने से लो-वोल्टेज, बार-बार ट्रिपिंग और बिजली कटौती जैसी समस्याओं से उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी।

## अधिवक्ताओं से मारपीट अभद्रता, अधिवक्ताओं मे भारी आक्रोश

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। हैदरगढ के गतौना टोल प्लाजा पर लखनऊ जा रहे अधिवक्ता रत्नेश शुक्ला व टोलपलाजा कर्मचारियो के बीच हुई मारपीट का वीडियो वाइरल होने के बाद अधिवकताओ मे गहरा रोष व्याप्त हो गया, जिससे आज मकर संक्रांति का अवकाश होने के बावजूद भारी संख्या मे अधिवकताओ का जमावड़ा रहा। लेकिन पुलिस द्वारा गिरफ्तार मुल्जिमो को कचहरी न लाकर सीधे जेल भेजे जाने की चर्चा अधिवकताओ मे दिन भर होती रही। इस प्रकरण मे जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार वर्मा ने कल जनपद न्यायाधीश से बात किए जाने का आश्वासन देकर अधिवकताओ को शान्त कराया। एक दूसरे घटनाक्रम मे स्थानीय पलहरी चौराहे पर आटो चालको द्वारा जिला बार एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रीतेश मिश्रा के जूनियर आसिफ के साथ मारपीट कर गंभीर रूप से घायल किए जाने के फलस्वरूप अधिवकताओ का हुजूम नगर कोतवाली पहुंच कर घायल अधिवक्ता की मेडिकल जांच करवाकर एफ आई आर दर्ज किए जाने की मांग पुलिस उपाधीक्षक से की। पुलिस उपाधीक्षक द्वारा सुसंगत धाराओ मे मुकदमा दर्ज कर मुल्जिमो को जेल भेजे जाने का आश्वासन दिया।

## सातवें इमाम हजरत की शहादत पर अमहट में निकला जुलूस

सुल्तानपुर। वृहस्पतिवार को सातवें इमाम हजरत इमाम मूसा काजिम अलैहिस्सलाम की शहादत के मौके पर खालिक अली की तरफ से सुबह 10बजे हुसैनिया नौतामीर गोराबारिक अमहट में एक मजलिस का आयोजन किया गया जिसमें पेश ख्वानी आबिस सुलतानपुरी, सज्जाद सुलतानपुरी अंसार सुलतानपुरी ने की और मजलिस मौलाना कम्बर अली रायबरेली ने पढ़ी उन्होंने कहा कि इमाम मूसा काजिम अलैहिस्सलाम के दौर में इराक का शासक मामूनरशीद था उसने इमाम मूसा काजिम अलैहिस्सलाम को 15साल तक हथकड़ी और बेड़ी में बगदाद की जेल में रखा और आज ही की तारीख में उन्हें जेल में जहर देकर शहीद कर दिया और शहादत के बाद लाश को बगदाद के पुल पर लाकर रख दिया जिसे दफन किया गया ।

# गुजरात जाइंट्स को फॉर्म में चल रहे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

एजेंसी

नवी मुंबई। हाल में मिली हार के सिलसिले को रोकने की कोशिश में जुटे गुजरात जाइंट्स के सामने महिला प्रीमियर लीग में शुक्रवार को यहां शीर्ष पर चल रहे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की मुश्किल चुनौती होगी।

छह टीम के टूर्नामेंट में कुछ समय तक शीर्ष पर रहने के बाद गुजरात जाइंट्स की टीम मंगलवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ हार के बाद तीसरे स्थान पर खिसक गई जबकि आरसीबी की पूर्व चैंपियन टीम लगातार जीत के साथ शीर्ष पर पहुंच गई। आरसीबी की टीम प्रत्येक मैच के साथ मजबूत हो रही है। उसने यूपी वारियर्स के खिलाफ 144 रन के लक्ष्य को 13 ओवर से भी कम समय में हासिल कर लिया। टीम के लिए सबसे सकारात्मक चीज कप्तान स्मृति मंधाना का फॉर्म में लौटना है। स्मृति ने धैर्य के साथ एक छोर संभाला जबकि उनकी सलामी जोड़ीदार



ग्रेस हैरिस ने तूफानी बल्लेबाजी की। गुजरात को आरसीबी के मजबूत बल्लेबाजी क्रम को रोकने का तरीका खोजना होगा जिसमें फॉर्म में चल रही नेदिन डि क्लर्क और खतरनाक ऋचा घोष भी शामिल हैं। गुजरात की टीम मुंबई इंडियंस के खिलाफ मिली हार से उबरने की कोशिश कर रही है। उस मैच में टीम का क्षेत्ररक्षण काफी खराब रहा जिसमें हरमनप्रीत कौर को तीन जीवनदान मिले और उन्होंने 43 गेंद में 71 रन बनाकर मुंबई को जीत दिलाई। गुजरात जाइंट्स के लिए सकारात्मक चीज अनुष्का शर्मा की चोट के बाद तीसरे नंबर पर कनिका आहूजा का अच्छा प्रदर्शन है। पहले मैच में बाहर रहने और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आठवें नंबर पर बल्लेबाजी के बाद कनिका ने मुंबई के खिलाफ तीसरे नंबर पर खेलते हुए 35 रन की पारी में चार चौके और दो छक्के जड़कर प्रभावित किया। आयुषी सोनी के रिटायर्ड आउट होने के बाद भारती फुलमाली ने भी कुछ अच्छे शॉट खेलकर अपनी क्षमता दिखाई। हालांकि अगर गुजरात को आरसीबी की बल्लेबाजी ताकत का मुकाबला करना है तो उन्हें सोफी डिवाइन, बेथ मूनी और कप्तान एशले गार्डनर जैसे स्थापित नामों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। टीम की गेंदबाजों को भी प्रदर्शन में सुधार करना होगा। रेणुका सिंह और काशवी गौतम दोनों मुंबई की शीर्ष क्रम की बल्लेबाजों के खिलाफ प्रभाव छोड़ने में असफल रही थी।

टीम इस प्रकार हैं: गुजरात जाइंट्स: एशले गार्डनर (कप्तान), बेथ मूनी, सोफी डिवाइन, रेणुका सिंह ठाकुर, भारती फुलमाली, तितास साधु, काशवी गौतम, कनिका आहूजा, तनुजा कंवर, जॉर्जिया वेयरहैम, अनुष्का शर्मा, हैप्पी कुमारी, किम गार्थ, यस्तिका भाटिया, शिवानी सिंह, डैनी वाट हॉज, राजेश्वरी गायकवाड़ और आयुषी सोनी।

# लेडेकी ने प्रो स्विम सीरीज़ में रचा इतिहास, 1500 मीटर फ्रीस्टाइल में दूसरा सबसे तेज़ समय

एजेंसी

लॉस एंजेलिस। नौ बार की ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अमेरिका की केटी लेडेकी ने एक बार फिर अपनी बादशाहत साबित करते हुए महिलाओं की 1500 मीटर फ्रीस्टाइल में इतिहास का दूसरा सबसे तेज़ समय दर्ज किया। उन्होंने टेक्सास के ऑस्टिन में आयोजित यूएस प्रो स्विम सीरीज़ में 15 मिनट 23.21 सेकंड का समय निकालकर शानदार जीत हासिल की। लेडेकी इस रेस में पूरी तरह हावी रहीं और 16 वर्षीय ब्रिंकलि हैनसन से एक मिनट से भी अधिक के अंतर से जीत दर्ज की। हैनसन ने 16:31.31 के समय के साथ दूसरा स्थान पाया, जबकि बेका मैन 16:35.09 के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। हालांकि लेडेकी अपने 2018 में बनाए गए विश्व रिकॉर्ड (15:20.48) को नहीं तोड़ सकीं, लेकिन उन्होंने अपने ही पिछले दूसरे सर्वश्रेष्ठ समय 15:24.51 में सुधार किया, जो उन्होंने पिछले साल फ्लोरिडा के फोर्ट लॉडरडेल में प्रो स्विम सीरीज़ के दौरान बनाया था। इसके बाद लेडेकी ने सिंगापुर में



आयोजित विश्व चैंपियनशिप में इस स्पर्धा में अपना छठा विश्व खिताब भी जीता। 1500 मीटर फ्रीस्टाइल को महिलाओं के लिए ओलंपिक स्पर्धा बनाए जाने के बाद से लेडेकी ने टोक्यो 2021 और पेरिस 2024 ओलंपिक में लगातार दो स्वर्ण पदक जीते हैं। 28 वर्षीय लेडेकी, जिन्होंने 2012 लंदन ओलंपिक में 800 मीटर फ्रीस्टाइल में अपना पहला ओलंपिक स्वर्ण जीता था, 2028 लॉस एंजेलिस ओलंपिक को देखते हुए भी शानदार फॉर्म में नजर आ रही हैं। लेडेकी अब तक 1500 मीटर फ्रीस्टाइल में 15:30 से कम का समय 10 बार निकालने वाली एकमात्र महिला हैं। उनके नाम इस स्पर्धा के अब तक के शीर्ष 12 समय और शीर्ष 25 में से 24 समय दर्ज हैं। इटली की सिमोना क्वाडरेला का 15:31.79 का समय, जो उन्होंने पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में लेडेकी के बाद दूसरा स्थान पाते हुए बनाया था, अब इतिहास का 13वां सबसे तेज़ समय है। पुरुषों की 1500 मीटर फ्रीस्टाइल में विश्व रिकॉर्ड धारक और लेडेकी के प्रशिक्षण साथी बॉबी फिंके ने 15:01.70 के समय के साथ जीत दर्ज की। आयरलैंड के 800 मीटर ओलंपिक चैंपियन डेनियल विफ़ेन 15:04.98 के साथ दूसरे स्थान पर रहे। अन्य स्पर्धाओं में, कनाडा की ओलंपिक स्टार समर मैकइंटोश और फ्रांस के लियोन मार्शां ने 200 मीटर व्यक्तिगत मेडले के फाइनल में जगह बनाई। मैकइंटोश ने सेमीफाइनल में 2:09.27 का समय निकालकर शीर्ष स्थान पाया। वहीं मार्शां ने पुरुष वर्ग में 2:00.10 के साथ सेमीफाइनल में सबसे तेज़ समय दर्ज किया। महिलाओं की 100 मीटर बैकस्ट्रोक में अमेरिका की विश्व रिकॉर्ड धारक रेगन स्मिथ ने 57.98 सेकंड में जीत दर्ज की, जबकि महिलाओं की 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में जर्मनी की मौजूदा विश्व चैंपियन अन्ना एलेंड्ट ने 1:06.91 के समय के साथ स्वर्ण जीता।

# न्यूजीलैंड इतनी आसानी से जीत गया, इस पर हैरानी हुई: गावस्कर

नयी दिल्ली। पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने कहा कि उन्हें इस बात पर काफी हैरानी हुई कि राजकोट में दूसरे एकदिवसीय में न्यूजीलैंड ने भारत को इतनी आसानी से कैसे हरा दिया। इसके साथ ही रविवार को तीसरे और आखिरी मैच में मेजबान टीम को अपने संयोजन के साथ प्रयोग करने की आजादी नहीं होगी। डेरिल मिचेल की नाबाद 131 रन की पारी से न्यूजीलैंड ने राजकोट में दूसरे एकदिवसीय में 285 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सात विकेट की जीत के साथ श्रृंखला 1-1 से बराबर कर दी। श्रृंखला का निर्णायक मैच इंदौर में खेला जाएगा। गावस्कर ने 'जियोहॉटस्टार' पर कहा, ''मुझे इस बात पर हैरानी हुई कि न्यूजीलैंड इतनी आसानी से जीत गया क्योंकि उनके बल्लेबाजी शुरू करने से पहले सभी को लगा था कि भारत पिच की धीमी गति का फायदा उठा पाएगा। उन्होंने कहा, ''सिर्फ स्पिनरों ने ही नहीं बल्कि उनके (न्यूजीलैंड के) सभी गेंदबाजों ने पिच की धीमी गति का अच्छी तरह से इस्तेमाल किया। ऐसा लगा कि भारत न्यूजीलैंड को लगभग 260 या 270 रन पर रोक पाएगा। मुझे लगा था कि यह भारत के लिए एक आसान जीत होगी। गावस्कर ने मिचेल की भी सराहना की जिन्होंने विल यंग (87) के साथ 162 रन की साझेदारी करके मेहमान टीम की जीत सुनिश्चित की। गावस्कर ने कहा कि श्रृंखला के निर्णायक मैच में भारत पर दबाव होगा और टीम के पास यशस्वी जायसवाल जैसे किसी खिलाड़ी को आजमाने की गुंजाइश नहीं है जिन्हें राजकोट में श्रृंखला जीतने की स्थिति में इंदौर में मौका दिया जा सकता था। उन्होंने कहा, ''अगर वे (भारत) यह मैच जीत जाते तो उन्हें थोड़ा प्रयोग करने की आजादी होती। शायद उन खिलाड़ियों को मौका देते जो अब तक नहीं खेले हैं।

# बीसीबी ने निदेशक को दिया नोटिस, खिलाड़ियों के बहिष्कार से नहीं हो सका बीपीएल का पहला मैच

एजेंसी

ढाका। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने बुधवार को अपने निदेशक एम. नजमुल इस्लाम को सार्वजनिक रूप से खिलाड़ियों पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणियों के मामले में कारण बताओ नोटिस जारी किया है। बीसीबी ने स्पष्ट किया है कि संबंधित बोर्ड सदस्य के खिलाफ औपचारिक अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। बीसीबी के आधिकारिक बयान में कहा गया कि बोर्ड ने संबंधित निदेशक के खिलाफ औपचारिक अनुशासनात्मक प्रक्रिया शुरू कर दी है। उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है और 48 घंटे के भीतर लिखित जवाब देने को कहा गया है। मामले का निपटारा तय प्रक्रिया के तहत किया जाएगा और जांच के नतीजों के आधार पर उचित



कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, बांग्लादेश क्रिकेटर्स वेलफ़ेयर एसोसिएशन (सीडबल्यूएबी) अपने रुख पर अड़ी हुई है और उसने नजमुल इस्लाम के इस्तीफ़े तक सभी तरह के क्रिकेट के बहिष्कार का आह्वान किया है। ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार बांग्लादेश प्रीमियर लीग (बीपीएल) के पहले मुकाबले में खेलने वाली चट्टोग्राम रॉयल्स और नोआखाली एक्सप्रेस की टीमें मैच शुरू होने तक मैदान पर नहीं पहुंचीं, जिसके चलते मुकाबला अनिश्चितकाल के लिए टाल दिया गया। इतना ही नहीं, गुरुवार को ढाका क्रिकेट लीग के चार प्रथम श्रेणी मुकाबले भी नहीं हो सके। सीडबल्यूएबी के नेताओं ने जल्द ही प्रेस कॉन्फ्रेंस करने की भी घोषणा की है। यह विवाद तब शुरू हुआ जब नजमुल इस्लाम ने अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारत दौरे से इनकार को दोहराते हुए खिलाड़ियों के पारिश्रमिक से जुड़ी चिंताओं को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा था कि यदि बांग्लादेश टूर्नामेंट से हटता है तो खिलाड़ियों को किसी तरह का मुआवजा नहीं दिया जाएगा, क्योंकि उन्होंने अब तक समर्थन को सही साबित नहीं किया है। बांग्लादेश ने भारत दौरे से सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए इनकार किया है। यह फैसला उस समय सामने आया जब तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को बीसीसीआई के निर्देश पर चारों ओर हो रहे घटनाक्रम का हवाला देते हुए आईपीएल से बाहर कर दिया गया था। इस बीच, आईसीसी के साथ भी बातचीत जारी है, क्योंकि विश्व संस्था भारत में होने वाले बांग्लादेश के चार मैचों को श्रीलंका स्थानांतरित करने के पक्ष में नहीं है।

# टी20 विश्व कप में अभी समय, ध्यान न्यूजीलैंड के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला पर: डोएशे

राजकोट। भारत के सहायक कोच रेयान टेन डोएशे का कहना है कि अगले महीने होने वाला टी20 विश्व कप अभी 'काफी दूर' है और टीम का ध्यान फिलहाल न्यूजीलैंड के खिलाफ चल रही एकदिवसीय श्रृंखला पर है जो मेहमान टीम के यहां दूसरा मैच जीतने के बाद 1-1 से बराबर है। गत चैंपियन भारत सात फरवरी से शुरू होने वाले 20 टीम के टी20 विश्व कप की सह मेजबानी करेगा। वे न्यूजीलैंड के साथ एक कड़ी एकदिवसीय श्रृंखला खेल रहे हैं जिसका निर्णायक मैच रविवार को इंदौर में होना है। भारत के दूसरा वनडे सात विकेट से हारने के बाद डोएशे कहा, ''इस बात की पूरी संभावना है कि आप विश्व कप पर इतना ध्यान दें कि आप सोचें कि इस हफ्ते के ये तीन मैच आएंगे और चले जाएंगे। इससे हम कुछ नहीं सीखते और हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाते।

# ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 पुरुष ड्रॉ: सेमीफाइनल में भिड़ सकते हैं सिनर-जोकोविच और अल्कराज-ज्वेरेव

एजेंसी

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 के पुरुष वर्ग का ड्रॉ गुरुवार को मेलबर्न में आयोजित ड्रॉ समारोह के दौरान जारी किया गया। दो बार के मौजूदा चैंपियन जैनिक सिनर और वर्ल्ड नंबर-1 कार्लोस अल्कराज ने अपने अभियान की शुरुआत अपेक्षाकृत आसान मुकाबलों से की है, हालांकि ड्रॉ के अनुसार टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में सिनर बनाम नोवाक जोकोविच और अल्कराज बनाम अलेक्जेंडर ज्वेरेव के बीच हाई-वोल्टेज मुकाबले देखने को मिल सकते हैं। दो बार के डिफेंडिंग चैंपियन सिनर पहले दौर में फ्रांस के ह्यूगो गैस्टन से भिड़ेंगे, जबकि शीर्ष वरीय कार्लोस अल्कराज का सामना ऑस्ट्रेलिया के स्थानीय खिलाड़ी एडम वॉल्टन से होगा। ड्रॉ समारोह के बाद सिनर ने कहा,ल्लड्रॉ बहुत मुश्किल है, इससे फर्क नहीं पड़ता कि आप किससे खेल रहे हैं। हम दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी हैं और यह सफर बहुत लंबा है। 38 वर्षीय सर्बियाई दिग्गज नोवाक जोकोविच रिकॉर्ड 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के लक्ष्य के साथ कोर्ट पर उतरेंगे। अपने करियर में 21वीं बार ऑस्ट्रेलियन ओपन खेल रहे जोकोविच पहले दौर में स्पेन के पेड्रो मार्टिनेज (वर्ल्ड नंबर 71) से मुकाबला करेंगे। जोकोविच की पहली बड़ी परीक्षा चौथे दौर में 16वीं वरीयता प्राप्त याकुब मेंसिक के खिलाफ हो सकती है, जिन्होंने पिछले साल मियामी ओपन के फाइनल में जोकोविच को हराया था। क्वार्टरफाइनल में उनका सामना पांचवीं वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेटी या नौवीं वरीय टेलर फ्रिट्ज से हो सकता है। तीसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव पहले दौर में कनाडा के गैब्रियल डियालो से खेलेंगे। दूसरे दौर में उनका संभावित मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के एलेक्सी पोपिरिन से हो सकता है। अगर ज्वेरेव शुरुआती दौर पार कर लेते हैं, तो चौथे दौर में आंद्रे रुबलेव और क्वार्टरफाइनल में फ़ेलिक्स ऑगर-अलियासिम से भिड़ने की संभावना है। कार्लोस अल्कराज के पास मेलबर्न में खिताब जीतकर करियर स्लैम पूरा करने का मौका होगा। क्वार्टरफाइनल में उनका संभावित मुकाबला छठी वरीयता प्राप्त ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी एलेक्स डी मिनॉर से हो सकता है। हालांकि डी मिनॉर का रास्ता आसान नहीं है, क्योंकि पहले दौर में उनका सामना बड़े सर्विसर इटली के माटेओ बेरेटिनी से होगा और चौथे दौर में अलेक्जेंडर बब्लिक से भिड़ंत संभव है। इस बीच, तीन बार के ग्रैंड स्लैम विजेता और 40 वर्षीय स्विस खिलाड़ी स्टैन वावरिंका अपना आखिरी ऑस्ट्रेलियन ओपन खेलने जा रहे हैं। 2014 के चैंपियन वावरिंका को वाइल्ड कार्ड मिला है और पहले दौर में उनका सामना सर्बिया के लास्लो जेर से होगा। ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 का आयोजन 18 जनवरी से 1 फरवरी तक किया जाएगा।

# भारत सरकार ने अब तक इंग्लैंड के स्पिनरों राशिद और अहमद को वीजा जारी नहीं किया: रिपोर्ट

लंदन। इंग्लैंड की टी20 विश्व कप की तैयारियों में रुकावट आई है क्योंकि भारत सरकार ने अब तक स्पिनरों आदिल राशिद और रेहान अहमद को वीजा जारी नहीं किया है। एक खबर में यह दावा किया गया है। 'द गार्जियन' की खबर के अनुसार इस देरी का मतलब है कि पाकिस्तानी मूल के ये दोनों खिलाड़ी छह सीमित ओवरों (तीन एकदिवसीय और तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय) के मैच के लिए इस सप्ताहांत बाकी टीम के साथ श्रीलंका की यात्रा नहीं कर पाएंगे। यह भी साफ नहीं है कि वे अपने साथियों के साथ कब जुड़ेंगे। राशिद अभी एसए20 में खेल रहे हैं जबकि अहमद बिग बैश लीग के लिए ऑस्ट्रेलिया में हैं और उम्मीद है कि एक बार वीजा मिलने के बाद वे टीम से जुड़ेंगे। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) को आश्वासन दिया गया है कि उनके आवेदनों पर कोई आपत्ति नहीं है और उसने प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए ब्रिटेन की सरकार से मदद मांगी है। राशिद और अहमद के अभी उपलब्ध नहीं होने के कारण लियाम डॉसन टीम के एकमात्र विशेषज्ञ स्पिनर हैं जिसका मतलब है कि विल जैक्स और जैकब बेथेल को पूर्व नियोजित योजना से अधिक गेंदबाजी करनी पड़ सकती है। इंग्लैंड अपने श्रीलंका दौरे की शुरुआत 22 जनवरी को कोलंबो में पहले एकदिवसीय से करेगा। इंग्लैंड का टी20 विश्व कप अभियान आठ फरवरी को मुंबई में नेपाल के खिलाफ शुरू होगा और यह देखना होगा कि दोनों खिलाड़ियों को टूर्नामेंट के लिए समय पर मंजूरी मिलती है या नहीं। यह भी देखना होगा कि बांग्लादेश के खिलाफ इंग्लैंड का ग्रुप मैच कोलकाता में होगा या नहीं क्योंकि विरोधी टीम ने जोर देकर कहा है कि मुस्ताफिजुर रहमान से जुड़े विवाद के बाद वे भारत की यात्रा नहीं करेंगे। बांग्लादेश ने धमकी दी है कि अगर उनके मैच किसी तटस्थ स्थल पर नहीं हुए तो वे टूर्नामेंट से हट जाएंगे। हालांकि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को उम्मीद है कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम में बदलाव नहीं होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### विजय हजारे ट्रॉफी: सेमीफाइनल में पंजाब और सौराष्ट्र के बीच रोमांचक मुकाबले की उम्मीद

**बेंगलुरु।** आखिरी ग्रुप मैच में मुंबई की मजबूत टीम पर एक रन की रोमांचक जीत हासिल करने के बाद पंजाब शुक्रवार को यहां सौराष्ट्र के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफी सेमीफाइनल में बढ़े हुए आत्मविश्वास के साथ उतरेगा। उस रोमांचक जीत ने पंजाब को जिस तरह का आत्मविश्वास दिया वह क्वार्टर फाइनल में टीम की मध्य प्रदेश के खिलाफ एकतरफा जीत में दिखा। अब एक युवा और प्रतिबद्ध सौराष्ट्र की टीम उसके रास्ते में खड़ी है। करिश्माई भारतीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा के खेलने की संभावना कम है इसलिए विकेटकीपर बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह के पंजाब की कप्तानी करने की उम्मीद है। उनकी अगुआई में पंजाब ने 345 रन बनाने के बाद मध्य प्रदेश को 183 रन से हराया। हरनूर सिंह, प्रभसिमरन सिंह, अनमोलप्रीत सिंह और निहाल वढेरा सभी ने अर्धशतक लगाकर मैच को पंजाब के पक्ष में कर दिया और इसी तरह का बल्लेबाजी प्रदर्शन उन्हें फाइनल की ओर ले जाने में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज गुरनूर बरार की अगुवाई वाले गेंदबाज आक्रमण ने विपक्षी टीम को लगभग 19 ओवर शेष रहते समेट दिया। पंजाब की टीम कप्तान प्रभसिमरन के अनुभव पर निर्भर करेगी जो चार अर्धशतक के साथ टीम के लिए सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों में शामिल हैं। टीम के बल्लेबाजी क्रम में हरनूर सिंह, अनमोलप्रीत सिंह, नमन पूनिया, निहाल वढेरा और रमनदीप सिंह जैसे बल्लेबाज हैं जो उसे किसी भी मुकाबले में जीत दिलाने की क्षमता रखते हैं। पंजाब का गेंदबाजी आक्रमण भी संतुलित दिखता है जिसमें गुरनूर शामिल हैं जिन्होंने आईपीएल 2023 में पंजाब किंग्स में विकल्प के तौर पर चुने जाने से पहले मुंबई इंडियन्स के लिए नेट गेंदबाज के रूप में अपने कौशल को निखारा था। तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ सनवीर सिंह ने क्वार्टर फाइनल में 31 रन पर तीन विकेट चटकाते हुए सत्र का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। फॉर्म में चल रहे सलामी बल्लेबाज हार्विक देसाई की अगुवाई वाली सौराष्ट्र की टीम कड़ी चुनौती पेश करने की कोशिश करेगी लेकिन उनका अपेक्षाकृत अनुभवहीन होना उनके खिलाफ जा सकता है। मौजूदा सत्र में तीन शतक और दो अर्धशतक के साथ हार्विक देसाई बल्लेबाजी में सौराष्ट्र की ताकत रहे हैं। सोमवार को टूर्नामेंट की एकमात्र अजेय टीम उत्तर प्रदेश को हराने के बाद वे आत्मविश्वास के साथ इस मुकाबले में उतरेंगे। साझेदारी तोड़ने के लिए टीम के पास भरोसेमंद तेज गेंदबाज चेतन सकारिया हैं। सकारिया ने पिछले तीन मैच में से प्रत्येक में तीन विकेट लिए हैं। अनुभवी तेज गेंदबाज चिराग जानी घरेलू विकेटों से काफी अच्छी तरह से वाकिफ हैं। टीम इस प्रकार हैं: सौराष्ट्र: रुचित अहीर, पार्थ भुट, युवराज चुडासमा, हार्विक देसाई, समार गज्जर, अंश गोसाई, विश्वराज जडेजा, धर्मेंद्रसिंह जडेजा, चिराग जानी, जय गोहिल, हितेन कानबी, प्रणव कारिया, हेतविक कोटक, प्रेरक मांकड़, अंकुर पंवार, पार्श्वराज राणा, चेतन सकारिया और तरंग गोहेल। पंजाब: अभिषेक शर्मा, अनमोलप्रीत सिंह, सलिल अरोड़ा, अर्शदीप सिंह, सुखदीप सिंह बाजवा, गौरव चौधरी, गुरनूर बरार, हरनूर सिंह, हरप्रीत बरार, जश्नप्रीत सिंह, कृष भगत, नमन धीर, प्रभसिमरन सिंह, रमनदीप सिंह, उदय सहारन, सनवीर सिंह, रघु शर्मा और शुभमन गिल।

### बीएचईएल ने वंदे भारत ट्रेन के लिए झांसी संयंत्र से ट्रांसफार्मर की आपूर्ति शुरू की

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने अपने झांसी काराखाने से वंदे भारत स्लीपर ट्रेन परियोजना के लिए 'अंडरस्लंग ट्रैक्शन ट्रांसफार्मर' की आपूर्ति शुरू कर दी है। बीएचईएल ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि वंदे भारत स्लीपर ट्रेन परियोजना के लिए इन ट्रांसफार्मर की आपूर्ति 'मेक इन इंडिया' पहल की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन परियोजना का क्रियान्वयन बीएचईएल के नेतृत्व वाले एक समूह द्वारा किया जा रहा है। इसमें टीटागढ़ रेल सिस्टम्स लिमिटेड (टीआरएसएल) भी शामिल है। इस खेप को बीएचईएल के झांसी संयंत्र में आयोजित एक समारोह में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इससे पहले, इसी परियोजना के लिए 'ट्रैक्शन कन्वर्टर्स' की आपूर्ति बीएचईएल के बेंगलुरु संयंत्र से शुरू की गई थी। इस कदम से 'सेमी-हाई-स्पीड प्रोपल्शन' (प्रणोदन) क्षेत्र में बीएचईएल की रणनीतिक स्थिति और मजबूत होगी। इन ट्रेनों की परिचालन गति 160 किलोमीटर प्रति घंटा और डिजाइन गति 180 किलोमीटर प्रति घंटा है।

# कृषि क्षेत्र ने आगामी बजट में प्रौद्योगिकी, जलवायु-अनुकूल अवसंरचना को बढ़ावा देने की वकालत की

नयी दिल्ली। कृषि उद्योग से जुड़े लोग और विशेषज्ञ आगामी बजट से पहले डिजिटल अवसंरचना, जलवायु-अनुकूल खेती पद्धतियों और प्रौद्योगिकी को अपनाने में अधिक निवेश की जोरदार वकालत कर रहे हैं। उनका कहना है कि इससे उस कृषि क्षेत्र में बदलाव लाया जा सकता है जो देश की लगभग आधी आबादी को रोजगार देता है लेकिन राष्ट्रीय उत्पादन में इसका योगदान पांचवें हिस्से से भी कम है। भारत के करीब 45 प्रतिशत कार्यबल को कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र सहारा प्रदान करते हैं, जबकि सकल मूल्यवर्धन में इनका योगदान केवल 18 प्रतिशत के आसपास है। उद्योग जगत के जानकारों का कहना है कि 2026-27 का बजट इस क्षेत्र को केवल एक कल्याणकारी चिंता के बजाय आर्थिक वृद्धि के इंजन के रूप में पुनर्स्थापित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रस्तुत करता है। ईवाई इंडिया में जीपीएस-कृषि, आजीविका, सामाजिक एवं कौशल के प्रमुख अमित वत्स्यायन ने कहा, '' कृषि को न केवल एक कल्याणकारी क्षेत्र के रूप में बल्कि आर्थिक वृद्धि के एक विश्वसनीय इंजन के रूप में तेजी से मान्यता मिल रही है। एक ऐसा इंजन जो उत्पादकता, रोजगार, ग्रामीण मांग और जुझारूपन को बढ़ावा दे सकता है। हेरिटेज फूड्स लिमिटेड की कार्यकारी निदेशक ब्राह्मणी नारा ने सितंबर 2025 में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के युक्तिकरण से उत्पन्न अनुकूल परिस्थितियों की ओर इशारा किया, जिसने संगठित दुग्ध क्षेत्र में पनीर, 'चीज', घी और मक्खन जैसे उच्च प्रोटीन और स्वास्थ्यवर्धक उत्पादों के प्रति उपभोक्ताओं की बढ़ती रुचि को गति दी है। राष्ट्रीय गोकुल मिशन और राष्ट्रीय डिजिटल पशुधन मिशन जैसी सरकारी पहलों के माध्यम से 3,00,000 से अधिक किसानों को संगठित परिवेश में एकीकृत किया गया है।

# महाराष्ट्र के नगर निगम चुनाव के कारण आज स्टॉक मार्केट में छुट्टी, नहीं होगा कामकाज

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार में आज छुट्टी होने की वजह से कोई कामकाज नहीं होगा। शेयर बाजार की ये छुट्टी महाराष्ट्र में नगर निगम चुनाव के कारण हुई है। इस मौके पर बीएसई और एनएसई दोनों एक्सचेंज में ट्रेडिंग हॉलिडे रहने वाला है। स्टॉक एक्सचेंज की हॉलिडे लिस्ट में भी आज के दिन को छुट्टी के रूप में जोड़ दिया गया है। शेयर बाजार में पारंपरिक तौर पर साप्ताहिक अवकाश के रूप में शनिवार और रविवार को छुट्टी होती है। इसके अलावा सार्वजनिक अवकाशों और कुछ अन्य खास मौकों पर भी शेयर बाजार में छुट्टी रहती है। इन छुट्टियों की घोषणा स्टॉक एक्सचेंज की ओर से पहले से ही कर दी जाती है। इस साल भी स्टॉक एक्सचेंज में सर्कुलर जारी करके छुट्टियों का पहले ही ऐलान कर दिया था। इस सर्कुलर के




अनुसार 15 जनवरी को स्टॉक एक्सचेंज में सामान्य दिनों की तरह कारोबार होने वाला था। इस दिन के लिए छुट्टी का ऐलान नहीं किया गया था। हालांकि 2 दिन पहले स्टॉक एक्सचेंज की ओर से एक नया सर्कुलर जारी किया गया, जिसमें महाराष्ट्र के निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट के तहत आज की छुट्टी का ऐलान कर दिया गया। महाराष्ट्र सरकार ने राज्य के नगर निगम चुनाव को सुचारू रूप से संचालित करने और अधिकतम मतदाताओं की भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए आज के दिन को निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट के तहत सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। इसके तहत नगर निकाय क्षेत्रों में आने वाले सभी सरकारी और अर्द्ध सरकारी कार्यालय, निगम, बोर्ड, पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग, बैंक और सरकार द्वारा नियंत्रित कार्यालयों में छुट्टी रहने वाली है। इसी के तहत स्टॉक एक्सचेंज में भी छुट्टी का ऐलान किया गया है। आज, 15 जनवरी को बीएसई में इक्विटी सेगमेंट, इक्विटी डेरिवेटिव सेगमेंट, सिक्योरिटीज लेंडिंग एंड बौरोइंग (एसएलबी) सेगमेंट, करेंसी डेरिवेटिव्स सेगमेंट्स, एनडीएस-आरएसटी, ट्राई पार्टी रेपो, इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रिसीप्ट्स (ईजीआर), कमोडिटी डेरिवेटिव्स सेगमेंट सभी के लिए ट्रेडिंग हॉलिडे है। एनएसई में भी इक्विटीज, इक्विटी डेरिवेटिव्स, कॉरपोरेट बॉन्ड्स, न्यू डेट सेगमेंट्स, निगोशिएटेड ट्रेड रिपोर्टिंग प्लेटफॉर्म, म्यूचुअल फंड्स, सिक्योरिटी लेंडिंग एंड बॉरोइंग स्कीम्स, करेंसी डेरिवेटिव्स, कमोडिटी डेरिवेटिव्स और इंट्रेस्ट रेट डेरिवेटिव्स सभी सेगमेंट्स में छुट्टी रहेगी।

# एआई और सोशल मीडिया का दुरुपयोग लोकतंत्र के लिए गंभीर चुनौती : ओम बिरला

एजेंसी



नई दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए नैतिक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और विश्वसनीय, पारदर्शी तथा जवाबदेह सोशल मीडिया ढांचे का निर्माण बहुत जरूरी है। एआई और सोशल मीडिया का दुरुपयोग दुष्प्रचार, साइबर अपराध और सामाजिक ध्रुवीकरण जैसी गंभीर चुनौतियां पैदा कर रहा है, जिनसे निपटना विश्व की विधायिकाओं की सामूहिक जिम्मेदारी है।

बिरला ने गुरुवार को संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में राष्ट्रमंडल के अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के 28वें सम्मेलन में कहा कि एआई और डिजिटल प्रौद्योगिकियों ने लोकतांत्रिक संस्थाओं की कार्यकुशलता और प्रभावशीलता बढ़ाई है। भारत की संसद और विधानसभाओं को पेपरलेस बनाने और उन्हें एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ने की दिशा में लगातार कदम उठाए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि संसद और सरकार के साझा प्रयासों से पुराने और अप्रासंगिक कानूनों को हटाया गया है तथा नए जनकल्याणकारी कानून बनाए गए हैं। इन सुधारों से भारत विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनने के लक्ष्य की ओर मजबूती से आगे बढ़ रहा है। बिरला ने कहा कि जनता की दृष्टि में संसदीय संस्थाओं की गरिमा, विश्वसनीयता और प्रतिष्ठा बनाए रखना सभी लोकतांत्रिक इकाइयों की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। सम्मेलन में होने वाले विचार-विमर्श से वैश्विक चुनौतियों के सामूहिक समाधान निकलेंगे और लोकतांत्रिक संस्थाओं में नागरिकों का विश्वास और गहरा होगा।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रमंडल के अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन में 53 संप्रभु देशों की राष्ट्रीय संसदों के अध्यक्ष और पीठासीन अधिकारी शामिल हुए हैं। इसके अलावा 14 अर्ध-स्वायत्त संसदों के पीठासीन अधिकारी, राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के महासचिव तथा अन्य अधिकारी भी प्रतिनिधि के रूप में भाग ले रहे हैं।

इसके पूर्ण सत्रों में संसद में एआई के उपयोग के दौरान नवाचार, निगरानी और अनुकूलन के बीच संतुलन स्थापित करना, सोशल मीडिया का सांसदों पर प्रभाव, संसद के प्रति जन सामान्य की समझ बढ़ाने और मतदान के बाद भी नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए नवीन रणनीतियां, संसद सदस्यों और संसदीय कर्मियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य, और लोकतांत्रिक संस्थानों को सुदृढ़ बनाने में पीठासीन अधिकारियों की भूमिका जैसे कई विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। तीन दिवसीय यह सम्मेलन 16 जनवरी तक चलेगा।

# शिक्षा केवल आजीविका नहीं, समाज और राष्ट्र सेवा का माध्यम: राष्ट्रपति

एजेंसी



अमृतसर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्त करना नहीं होना चाहिए, बल्कि इसके माध्यम से समाज और राष्ट्र की सेवा करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने ज्ञान, कौशल और क्षमताओं का उपयोग व्यक्तिगत लाभ से ऊपर उठकर सामाजिक उत्थान और देश के विकास के लिए करें।

राष्ट्रपति ने यहां के गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा व्यक्ति के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ उसे एक जिम्मेदार नागरिक बनाने का माध्यम है। औपचारिक शिक्षा पूर्ण करने के बाद विद्यार्थी विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत होते हैं, लेकिन निरंतर सीखने की भावना, नैतिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता, ईमानदारी, अनुशासन और समाज के प्रति उत्तरदायित्व हर क्षेत्र में समान रूप से आवश्यक हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि समाज ने विद्यार्थियों की शिक्षा में योगदान दिया है, इसलिए उनका भी दायित्व है कि वे विकास की मुख्यधारा से पीछे रह गए वर्गों को आगे बढ़ाने में योगदान दें। उन्होंने कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य तभी पूरा होगा जब उसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में भारत ने तकनीक और उद्यमिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है और कृषि से लेकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रक्षा तथा अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में युवाओं के लिए व्यापक अवसर उपलब्ध हैं। उच्च शिक्षण संस्थान शोध, नवाचार और उद्योग-शैक्षणिक सहयोग को बढ़ावा देकर इस प्रगति को और सशक्त बना सकते हैं।

राष्ट्रपति ने पंजाब में नशे की बढ़ती समस्या पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इसका सबसे अधिक असर युवाओं पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों को युवाओं को सही मार्गदर्शन देकर इस चुनौती से निपटने में अहम भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि आने वाले दो दशक 'विकसित भारत' के निर्माण के लिए निर्णायक हैं। इसके लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण, जिम्मेदार आचरण और निःस्वार्थ सेवा भावना से युक्त युवाओं की आवश्यकता है। राष्ट्रपति ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे जिस भी क्षेत्र में कार्य करें, उसमें राष्ट्र निर्माण और मानवीय मूल्यों को सुदृढ़ करने में अपना योगदान सुनिश्चित करें।

# कांग्रेस, असम चुनाव के लिए दिल्ली में बनाएगी रणनीति

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस पार्टी असम, तमिलनाडु, केरल और पश्चिम बंगाल में चुनावी तैयारी में जुट गयी है जहां अगले कुछ महीनों में विधानसभा चुनाव संभावित है। इन राज्यों के नेताओं को एक-एक करके दिल्ली बुलाया जा रहा है और पहली बैठक 16 जनवरी को होगी। कांग्रेस असम विधानसभा चुनाव में कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती है। यही वजह है कि पार्टी के बड़े नेताओं को लगातार बड़ी जिम्मेदारी असम में दी जा रही है। सूत्रों के मुताबिक असम विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस 16 जनवरी को दिल्ली इंदिरा भवन में बैठक बुलाई है, बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल, असम कांग्रेस प्रभारी जितेंद्र सिंह, असम अध्यक्ष गौरव गोगोई समेत प्रदेश के कुछ और वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। इस बैठक में असम में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मंथन किया जाएगा, चुनावी मुद्दे, संगठन की स्थिति, असम मुख्यमंत्री के चुनावी अभियान को चुनौती देने की रणनीति पर चर्चा की जाएगी। पार्टी सूत्रों के अनुसार मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी को भी असम में प्रदेश अध्यक्ष गोगोई के साथ महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारी दी जाएगी। असम विधानसभा चुनाव तक प्रदेश में विशेष प्रदर्शन करने की रणनीति पटवारी बनाएंगे। असम कांग्रेस की तरफ से भारत जोड़ो यात्रा के तर्ज़ पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले यात्रा की मांग भी की जा रही है। गौरतलब है कि असम में अपनी खोई हुई जमीन वापस पाने के लिए कांग्रेस ने अपने कई वरिष्ठ नेताओं को पहले ही जिम्मेदारी सौंपी है, जिसमें वायनाड सांसद प्रियंका गांधी को स्क्रीनिंग कमेटी का चेयरमैन बनाया गया है साथ ही कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और झारखंड के पूर्व मंत्री बंधू तिर्की को पर्यवेक्षक नियुक्ति किया है। तीनों नेता प्रदेश में चुनावी मैनेजमेंट का जिम्मा संभालेंगे।

# प्रो. सरोजिनी तन्हा, मनोज कैन, मीना कौशल, दीपमाला महेश्वरी सम्मानित

एजेंसी



नाशिक। साहित्यिक, सामाजिक, सांस्कृतिक संस्था विद्योतमा फाउंडेशन नाशिक (पंजी) द्वारा अखिल भारतीय हिंदी साहित्य सम्मान समारोह एवं कवि सम्मेलन का आयोजन महेश्वरी भवन,आर्टीलरी सेंटर रोड नासिक में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के पहले सत्र में साहित्यकारों का सम्मान,दूसरे सत्र में एक कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलन से हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता दैनिक भास्कर समाचार पत्र के समूह संपादक प्रकाश दुबे ने की। मुख्य अतिथि केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नाशिक के निदेशक नीलाभ तिवारी , विशिष्ट अतिथि कर्मचारी राज्य बीमा निगम नाशिक के संयुक्त निदेशक चंद्रशेखर आर पाटिल और कर्नल राजेश सक्सेना उपस्थित रहे। संस्था के अध्यक्ष सुबोध कुमार मिश्रा ने संस्था के स्थापना महत्व एवं कार्य शैली की विस्तार से चर्चा की।उन्होंने बताया संस्था निरंतर साहित्यिक सामाजिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का समय-समय पर आयोजन करती रहती है।अभी तक इस संस्था की लखनऊ,कानपुर, इंदौर,नागपुर और दिल्ली इकाई का गठन हो चुका है। अन्य शहरों में भी गठन का कार्य चल रहा है।

पूरे भारतवर्ष से आमंत्रित रचनाओं में से विभिन्न विधाओं की चुनी हुई श्रेष्ठ 31 कृतियों के रचनाकारों को सम्मानित किया गया। विद्योतमा साहित्य विभूषण सम्मान-राजवीर सिंह सिकरवार,साहित्य साधना सम्मान-ज्ञानचंद मर्मज्ञ, साहित्य सम्राट सम्मान- सरोजिनी तन्हा,साहित्य शिरोमणि सम्मान -प्रमोद भार्गव,संत ज्ञानेश्वर सम्मान- अंजू सक्सेना,साहित्य भूषण सम्मान-रजनीकांत एस शाह, साहित्य कर्मयोगी सम्मान-चंद्रकांत भालेराव, साहित्य कर्मयोगिनी सम्मान- बबीता मांधणा,साहित्य आराधना सम्मान-संगीता, साहित्य भास्कर सम्मान -मंजू गुप्ता,साहित्य गौरव सम्मान- डॉ जया आनंद,साहित्य सुधाकर सम्मान-डॉ जीनत अहसान कुरैशी,साहित्य रत्न सम्मान- प्रो. मनोज कुमार कैन ,साहित्य विभूति सम्मान- विनोद नागर,साहित्य शिखर सम्मान-डॉ रुखसाना सिद्दीकी,साहित्य कलश सम्मान-मीना कौशल, विद्योतमा समाज सेवी सम्मान - वृक्ष मित्र सुनील दुबे,विद्योतमा साहित्य सारथी सम्मान-पूर्णिमा ढिल्लन,पी वही कोटमे, डॉ नयना डेलीवाला,डॉ तृप्ति मेनन, दीपमाला महेश्वरी,सुधा दुबे जितेंद्र कुमार तिवारी,। नेहा तुषार बोरसे को दसवीं क्लास आई सी एस ई बोर्ड में हिंदी विषय में 98 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर'' विद्योतमा बालिका सम्मान'', प्रसिद्ध धाविका संजीवनी जाधव को ''विद्योतमा खेल रत्न सम्मान'', कर्नल शिवनारायण मिश्र को ''विद्योतमा सेना रत्न'' सम्मान प्रदान किया गया।इस वर्ष 78600 रूपए की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। कार्यक्रम का सुंदर संचालन भरत सिंह,सी. पी. मिश्रा और अनीता दुबे ने किया।दूसरे सत्र में आगंतुक सभी कवियों ने अपनी कविताओं से समारोह में शमा बांध दिया। कार्यक्रम में बहुत बड़ी संख्या में भारतीय सैनिक उपस्थिति रहे। जिनसे कार्यक्रम की शोभा देखते ही बन रही थी ।अंत में बी.सी.मुनगली ने कार्यक्रम में आएं सभी लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## बेघर नागरिकों की सुरक्षा, सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है सरकार : रेखा गुप्ता

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरूवार को कहा कि राजधानी में ठंड से बचाव के लिए राजधानी के संवेदनशील और अधिक भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में लगभग 250 अस्थायी 'पगोडा' रैन बसेरे और दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डूसिब) के 197 स्थायी रैन बसेरे चलाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि विंटर एक्शन प्लान के तहत एम्स-सफदरजंग क्षेत्र में पहले से मौजूद 320 बेड वाले 32 पगोडा रैन बसेरों के अलावा 3 नए पगोडा रैन बसेरे और लगाए गए हैं। इससे इस इलाके में रैन बसेरों की कुल क्षमता बढ़कर 350 बेड हो गई है। उन्होंने बताया कि एम्स और सफदरजंग अस्पताल के आसपास बेघर लोगों की अधिक संख्या को देखते हुए वहां के सबवे क्षेत्र में भी अस्थायी शरण की व्यवस्था की गई। जरूरतमंद लोगों को तुरंत कंबल और बिस्तर उपलब्ध करा जा रहे हैं ताकि उन्हें ठंड से बचाया जा सके। विशेष अभियान के तहत एम्स-सफदरजंग क्षेत्र से लगभग 75 बेघर लोगों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। मुख्यमंत्री ने बताया कि जी. बी. पंत अस्पताल के आसपास भी 8 अस्थायी 'पगोडा' रैन बसेरे स्थापित किए गए हैं। इनमें 80 लोगों के ठहरने की व्यवस्था की गई है साथ ही, एक केंद्रीय नियंत्रण कक्ष भी चौबीसों घंटे काम कर रहा है।

## विश्व पुस्तक मेला के छठे दिन रीडिंग इंडिया संवाद और सेना दिवस रहा मुख्य आकर्षण

**नयी दिल्ली।** विश्व पुस्तक मेला के छठे दिन गुरुवार को राष्ट्रीय पठन संस्कृति के निर्माण से लेकर सैन्य शौर्य और बलिदान को नमन करने, विचार, इतिहास और राष्ट्रबोध का सार्थक संगम देखने को मिला। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के भारत मंडपम में चल रहे पुस्तक मेला में ''रीडिंग इंडिया संवाद 2026'' का शुभारंभ और सेना दिवस के अवसर पर विशेष सत्र प्रमुख आकर्षण रहे। दो दिवसीय रीडिंग इंडिया संवाद का नेतृत्व शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत (एनबीटी) द्वारा किया गया है। संवाद का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 और विकसित भारत 2047 की परिकल्पना के अनुरूप भारत में पठन संस्कृति, पुस्तकालयों और ज्ञान तक पहुंच के पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करना है। इस संवाद का उद्घाटन शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव संजय कुमार ने किया। इस अवसर पर उत्तराखंड सरकार के सेतु आयोग के उपाध्यक्ष राजशेखर जोशी, शिक्षा मंत्रालय की अपर सचिव अर्चना शर्मा अवस्थी, राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के निदेशक युवराज मलिक और एनबीटी के मुख्य संपादक एवं संयुक्त निदेशक कुमार विक्रम उपस्थित रहे। अपने संबोधन में श्री मलिक ने कहा कि पठन किसी भी प्रगतिशील समाज की नींव है। उन्होंने सिकंदर, सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य और नेपोलियन बोनापार्ट जैसे ऐतिहासिक व्यक्तित्वों के उदाहरण देते हुए बताया कि पुस्तकों ने उनके व्यक्तित्व निर्माण और नेतृत्व क्षमता को आकार दिया। उन्होंने कहा कि पठन न केवल ज्ञान देता है, बल्कि सोचने, सवाल करने और जिज्ञासा पैदा करने की शक्ति भी देता है।

## शीर्ष अदालत ने स्थायी कोमा वाले व्यक्ति की जीवन रक्षक उपकरण हटाने वाली याचिका पर फैसला रखा सुरक्षित

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को एक 32 वर्षीय व्यक्ति के लिए जीवन रक्षक उपकरण हटाने की मांग वाली याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया, जो एक इमारत से गिरने के बाद लगभग 12 वर्षों से अपरिवर्तनीय स्थायी कोमा अवस्था में है। न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथन की पीठ उस व्यक्ति के पिता द्वारा दायर एक विविध याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी जिसमें जीवन रक्षक उपचार बंद करने की अनुमति मांगी गई थी। न्यायालय के निर्देश पर गठित दो चिकित्सा बोर्डों ने रिपोर्ट दी है कि मरीज के ठीक होने की कोई संभावना नहीं है। न्यायालय ने कहा कि कॉमन कॉज बनाम भारत सरकार (2018) मामले में संविधान पीठ द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अंतर्गत ऐसे किसी भी अनुरोध पर विचार करने से पहले प्राथमिक एवं माध्यमिक चिकित्सा बोर्डों की राय लेना आवश्यक है, जिसे जनवरी 2023 के एक आदेश द्वारा गरिमा के साथ मरने के अधिकार को मान्यता देते हुए संशोधित किया गया था। अगर अनुमति दी जाती है तो यह पहला मामला होगा जहां कॉमन कॉज़ के निर्देशों को न्यायिक रूप से लागू किया जाएगा। याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुईं अधिवक्ता रश्मि नंदकुमार ने गरिमापूर्ण मौत के अधिकार पर ज्ञान कौर, अरुणा शानबाग और कॉमन कॉज का हवाला दिया, जिसमें शीर्ष अदालत ने मान्यता दी है कि अनुच्छेद 21 के अंतर्गत जीवन के अधिकार में गरिमापूर्ण मौत का अधिकार शामिल है। याचिकाकर्ता ने मानव व्यवहार एवं संबद्ध विज्ञान संस्थान, दिल्ली सरकार के तहत देखभाल प्रोटोकॉल एवं चिकित्सा निगरानी के अनुसार सहायक पोषण एवं जलयोजन वापस लेने की मांग की। अधिवक्ता रश्मि ने बताया कि प्रारंभिक चोट लगने के बाद से मरीज की हालत में कोई सुधार नहीं हुआ है और कहा कि परिवार एक दशक से अधिक समय से उसकी देखभाल कर रहा है और उसके सर्वोत्तम हित में कार्य कर रहा है। केंद्र सरकार की ओर से पेश हुईं अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने सहमति व्यक्त करते हुए कहा कि मरीज स्थायी कोमा में है और उसके ठीक होने की कोई संभावना नहीं है। उन्होंने न्यायालय को सूचित किया कि ऐसा कोई भी निर्णय सामने नहीं आया है जिसमें कॉमन कॉज़ के निर्देशों को व्यवहार में लागू किया गया हो। सुश्री भाटी ने इस बात पर बल दिया कि देखभाल करने वालों के विचारशील दृष्टिकोण को भी उचित महत्व दिया जाना चाहिए। सुनवाई के बाद, न्यायमूर्ति पारदीवाला ने दोनों वकीलों को उनकी सहायता के लिए धन्यवाद दिया और मौखिक रूप से टिप्पणी किया कि यह मुद्दा अत्यंत संवेदनशील है, जो अक्सर एक नैतिक दुविधा उत्पन्न करता है कि क्या ऐसे निर्णय मनुष्यों द्वारा लिए जा सकते हैं। न्यायालय ने ध्यान दिया कि प्राथमिक चिकित्सा बोर्ड ने मरीज के ठीक होने की संभावना नगण्य बताई थी। एम्स द्वारा गठित एक द्वितीयक चिकित्सा बोर्ड ने भी इस मामले की जांच की।

# पेज एक का शेष

### उत्तर प्रदेश में ...

हाथ जोड़े लाइन में खड़े श्रद्धालुओं ने महादेव के जयकारे लगाए जिससे पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान होता रहा। यह सिलसिला देर शाम तक जारी रहा। बाबा विश्वनाथ की विशेष मध्याह्न भोग आरती भी हुई और जिसमें परंपरागत और सात्विक अन्न से बाबा का भोग अर्पित किया गया। इस भोग आरती में बाबा विश्वनाथ को खिचड़ी, चिवड़ा, मूंगफली की पट्टी, पापड़ तथा अचार का भोग लगाया गया। इसके बाद विधिविधान से बाबा की आरती की गई। गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री ने की पूजागोरखपुर में भी गोरखनाथ मंदिर में मकर संक्रांति धूमधाम से मनायी गयी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज सुबह भोर में ही गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ की पूजा अर्चना की और खिचड़ी अर्पित की। बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और मंदिर में माथा टेका। इसी प्रकार मीरजापुर में विंध्यधाम में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंच कर पूजन किया। विभिन्न धार्मिक स्थलों में आज दिन श्रद्धालुओं ने अपने अपने आराध्य देवताओं का पूजन अर्चन किया जाता रहा। पवित्र गंगा और यमुना नदी के किनारे स्थित शहरों में मेले जैसा माहौल दिखा।

### 'भारतीय लोकतंत्र...

कहा कि भारत में लोकतंत्र का अर्थ अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा,'' हम लोक कल्याण की भावना से हर व्यक्ति के लिए बिना किसी भेदभाव के काम कर रहे हैं। और इसी लोक कल्याण की भावना के कारण बीते कुछ वर्षों में भारत में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। भारत में लोकतंत्र सार्थक परिणाम देता है। उन्होंने कहा कि भारत में लोकतंत्र से इसलिए परिणाम मिलता है क्योंकि सरकार के लिए देश की जनता ही सर्वोपरि है। उन्होंने कहा, '' हमने जनता की आकांक्षाओं को, जनता-जनार्दन के सपनों को प्राथमिकता बनाया है। उसके रास्ते में कोई बाधा ना आए, इसके लिए प्रक्रिया से लेकर प्रौद्योगिकी तक, हर चीज का लोकतांत्रिकरण किया है और यह लोकतांत्रिक भावना हमारी रगों में, हमारे मन में है, हमारे संस्कार में है। '' इस संदर्भ में उन्होंने कोरोना महामारी के दौरान चुनौतियों के बीच भारत द्वारा डेढ़ सौ से ज्यादा देशों को दवाइयां और वैक्सीन पहुंचाने का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा, '' लोगों का हित, लोगों की भलाई और उनका कल्याण, ये हमारा संस्कार है, और ये संस्कार हमें हमारे लोकतंत्र ने दिए हैं। प्रधानमंत्री ने देश में महिला सशक्तिकरण की दिशा में किये जा रहे कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत में महिलाएं केवल भागीदार ही नहीं बल्कि नेतृत्व की भूमिका में हैं। उन्होंने कहा कि यह सशक्तिकरण आप को शीर्ष पद राष्ट्रपति से लेकर गांवों में निम्न स्तर तक दिखाई देगा। श्री मोदी ने भारतीय लोकतंत्र की विविधता का उल्लेख करते हुए कहा कि यहां सैकड़ों भाषाएं बोली जाती हैं। विभिन्न भाषाओं में नौ सौ से अधिक टेलीविजन चैनल हैं। हजारों समाचार पत्र और पत्रिकाएं प्रकाशित होती हैं। बहुत कम समाज इतने बड़े स्तर पर विविधता का प्रबंधन कर पाते हैं। भारत इस विविधता का उत्सव मनाता है क्योंकि हमारे लोकतंत्र की नींव मजबूत है। हमारा लोकतंत्र एक विशाल वृक्ष की तरह है, जिसे गहरी जड़ें सहारा देती हैं। उन्होंने कहा कि यहां वाद-विवाद, संवाद और सामूहिक निर्णय-निर्माण की एक लंबी परंपरा रही है। भारत को लोकतंत्र की जननी कहा जाता है। हमारे पवित्र ग्रंथ वेद पांच हजार वर्ष से भी अधिक पुराने हैं। उनमें ऐसी सभाओं का उल्लेख है, जहां लोग मुद्दों पर चर्चा करने के लिए एकत्र होते थे। विचार-विमर्श और सहमति के बाद निर्णय लिए जाते थे। उन्होंने कहा, '' हम भगवान बुद्ध की भूमि हैं। बौद्ध संघ में खुले और सुव्यवस्थित विचार-विमर्श होते थे। निर्णय सहमति या मतदान के माध्यम से लिए जाते थे।''

### बीजापुर में 1.41...

सीधा परिणाम बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार एक जनवरी 2024 से अब तक बीजापुर जिले में कुल 824 माओवादी मुख्यधारा में लौट चुके हैं, जबकि 1126 को गिरफ्तार किया गया और 223 मुठभेड़ में मारे गए हैं। आत्मसमर्पण करने वाले कैडरों में डीव्हीसीएम, पीपीसीएम, एसीएम, डिवीजन एवं ब्यूरो सदस्य, प्लाटून कमांडर, मिलिशिया सदस्य और जनताना सरकार के अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पदों पर तैनात लोग शामिल हैं। इन सभी ने भारतीय संविधान में आस्था व्यक्त करते हुए लोकतांत्रिक व्यवस्था में सम्मानजनक जीवन जीने का संकल्प लिया है। पुनर्वास प्रक्रिया के तहत प्रत्येक कैडर को तात्कालिक सहायता के रूप में 50,000 रुपये की आर्थिक सहायता भी प्रदान की गई है। इस उपलब्धि में डीआरजी, एसटीएफ, कोबरा, बस्तर फाइटर्स और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बटालियनों की संयुक्त कार्रवाई को महत्वपूर्ण भूमिका बताया गया है। बीजापुर पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेंद्र कुमार यादव ने अन्य माओवादियों से भी हिंसा का मार्ग छोड़कर मुख्यधारा में लौटने की अपील की है। उन्होंने कहा कि शासन की 'पूना मारगेम' नीति उनके भविष्य को सुरक्षित और सम्मानजनक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। आत्मसमर्पण करने वाले कैडरों में लक्खू कारम उर्फ अनिल, लक्ष्मी माड़वी उर्फ रत्ना, चिन्नी सोढी उर्फ शांति, भीमा कारम, विष्णु मण्डावी उर्फ किरण, मोती कोरसा, हुंगी कारम उर्फ अंजली, आयतू हपका, कमला भोगाम, ललिता मुचाकी, गौरी कुडियम उर्फ गीता, बोदी हेमला उर्फ अनुशा, बाबू अंगनपल्ली उर्फ अनिल, सुखराम कुडियम, पण्डरू पोटाम, लक्की ओयाम, मुन्ना पोडियम, रत्तू ओयाम उर्फ रतन, मंगली मिडियम, मोटू मिडियम, आयतू कारम, कोपे माड़वी उर्फ सामो, हुंगी माड़वी, मिटकी पुनेम उर्फ समीरा, अंदो मिच्चा, सुकमन वेको, मोटी फरसीक, कोसा माड़वी उर्फ डुई, चैतू कुंजाम उर्फ देवा, मुडा माड़वी, सम्मैया तलाण्डी, हुंगा कर्मा, रमेश उद्दे, बिक्का गोटा, भीमा माड़वी, कोपे कड़ती, पण्डरू फरसा उर्फ बण्डे, मूडो पोयाम उर्फ अनिता, पायके कोवासी, सोनी कारम, आयती कारम उर्फ पुनीता, कमली माड़वी, सम्मा तलाण्डी, हड़मा कुहराम उर्फ वक्के, राजेन्द्र कवासी उर्फ जोगा, विनोद कुरसम, आयतू उईका, बदरू कुरसम, कन्हैया गोटा उर्फ कन्ना, मल्लेश कारम उर्फ भीमा, सुदेश उईका उर्फ मुन्ना और गंगा वेट्टी शामिल हैं। गौरतलब है कि हाल ही में सुकमा में नक्सलवाद के खात्मे के मोर्चे पर बड़ी सफलता मिली थी। सात महिलाओं सहित कुल 26 हार्डकोर नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया था। इन सभी नक्सलियों पर 64 लाख रुपये का इनाम रखा गया था। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली माड़ डिविजन, पीएलजीए और जनपद के अलग-अलग इलाकों में सक्रिय थे। इनमें से ज्यादातर सुकमा, ओडिशा और माड़ क्षेत्र की कई नक्सली घटनाओं में शामिल रहे थे।

### सत्ता में फिर...

उन्होंने कहा कि बसपा सरकार के दौरान ही ब्राह्मण समाज को सही सम्मान, प्रतिनिधित्व और सुरक्षा मिली थी। उन्होंने अपील की कि ब्राह्मण समाज किसी भी पार्टी के बहकावे में न आए और न ही डरने की जरूरत है। बसपा शासन में उन्हें सम्मान, रोजगार और सुरक्षा मिली थी और जब हम दोबारा सत्ता में आएंगे, तो उनकी सभी आकांक्षाएं फिर पूरी की जाएंगी। मायावती ने समाजवादी पार्टी पर सबसे तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सपा शासन में गुंडों, माफियाओं और अपराधियों का बोलबाला था और दलितों का सबसे ज्यादा शोषण हुआ।

उन्होंने 2 जून 1995 के लखनऊ गेस्ट हाउस कांड को याद करते हुए कहा, जब बसपा ने सपा से गठबंधन तोड़ा, तब हजारों सपाई गुंडों ने सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर मुझे जान से मारने की कोशिश की। यह बात प्रदेश की जनता कभी नहीं भूल सकती। उन्होंने सपा के पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक नारे पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि सपा के शासन में सिर्फ उनके अपने समुदाय को फायदा होता है, जबकि दलितों और मुसलमानों का शोषण होता है। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया पर मायावती को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए लिखा, उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। भगवान श्रीराम आपको दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करें। वहीं समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी उन्हें शुभकामनाएं दीं और कहा कि मायावती ने अपने पूरे जीवन में शोषित, वंचित और उपेक्षित समाज के सम्मान और अधिकारों के लिए संघर्ष किया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि वे आगे भी संविधान विरोधी भाजपा को चुनौती देती रहेंगी।

### ईरान से अपने ...

5 जनवरी को जारी परामर्श में भारतीय नागरिकों से ईरान की गैर-आवश्यक यात्रा से बचने का आग्रह किया था। मंत्रालय ने ईरान में रह रहे भारतीय नागरिकों और भारतीय मूल के व्यक्तियों से सतर्क रहने और प्रदर्शन प्रभावित क्षेत्रों में न जाने की सलाह दी थी। विदेश मंत्रालय ने यह भी कहा था कि निवासी वीजा पर ईरान में रह रहे भारतीय नागरिक, यदि पहले से पंजीकृत नहीं हैं, तो भारतीय दूतावास में अपना पंजीकरण अवश्य कराएं। ये परामर्श ईरान में भड़के व्यापक प्रदर्शनों के मद्देनजर जारी किए गए हैं, जो पिछले महीने के अंत में ईरानी मुद्रा रियाल के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचने के बाद शुरू हुए थे। ये प्रदर्शन अब देश के सभी 31 प्रांतों में फैल चुके हैं। अमेरिका स्थित मानवाधिकार न्यूज एजेंसी के अनुसार देशव्यापी प्रदर्शनों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 2,500 से अधिक हो गई है। इस बीच भारतीय विमान सेवा कंपनियों ने ईरान के ऊपर से गुजरने वाली कई उड़ानें रद्द कर दी हैं जबकि कई अन्य के मार्गों में बदलाव किया गया है। ईरान द्वारा वाणिज्यिक उड़ानों के लिए उसके हवाई क्षेत्र को बंद किये जाने के बाद यह फैसला लिया गया है।

### 2027 की ऐतिहासिक...

शक्ति उसका अनुशासित, समर्पित और प्रशिक्षित कार्यकर्ता है, जो हर परिस्थिति में संगठन के लिए खड़ा रहता है। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि मोर्चा, विभाग और प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता पार्टी और समाज के बीच सेतु का कार्य करते हैं। इन्हीं के माध्यम से पार्टी की नीतियां, सरकार की योजनाएं और संगठन का संदेश समाज के हर वर्ग तक पहुंचता है। संगठन की मजबूती का आधार यही इकाइयां हैं, जो निरंतर संपर्क, संवाद और सेवा के माध्यम से जनविश्वास को सुदृढ़ करती हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है कि वह संगठन की योजनानुसार जनहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाए तथा सरकार की उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाएं। इससे संगठन और समाज के बीच विश्वास और अधिक मजबूत होगा।

# सिख गुरुओं के विवादित वायरल वीडियो पर अकाल तख्त साहिब के सामने पेश हुए सीएम भगवंत मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। सिख गुरुओं के संबंध में एक विवादित वीडियो वायरल होने तथा कथित टिप्पणियों के आरोपों के चलते पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान गुरुवार को अकाल तख्त साहिब के समक्ष पेश हुए। मुख्यमंत्री मान ने अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गडग़ज को रिपोर्ट भी सौंपी है।

भगवंत मान अकाल तख्त साहिब के समक्ष पेश होने वाले सूबे के चौथे मुख्यमंत्री हैं। इससे पहले दिवंगत भीम सेन सच्चर, सुरजीत सिंह बरनाला और प्रकाश सिंह बादल को भी अकाल तख्त में तलब किया जा चुका है। गुरुओं के अपमान के आरोपों पर जत्थेदार की तरफ से पांच जनवरी को मुख्यमंत्री भगवंत मान को नोटिस जारी करके पेश होने के लिए कहा

**■ वायरल वीडियो को बताया नकली, कहा- देश की किसी भी लैब से करवाई जा सकती है जांच**

गया था। भगवंत मान आज सुबह नंगे पांव दरबार साहिब पहुंचे। यहां माथा टेकने के बाद वह दस्तावेज के साथ अकाल तख्त साहिब सचिवालय में गए, जहां करीब 40 मिनट तक उन्होंने अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार कुलदीप सिंह गडग़ज से बातचीत की। इसके बाद पत्रकारों से बातचीत में भगवंत मान ने कहा कि सोशल मीडिया पर नरेटिव बनाया जा रहा है कि मैं अकाल तख्त को चैलेंज कर रहा हूं। मेरी ऐसी न



हिम्मत है और न ही औकात है। सीएम ने कहा कि अगले जो भी निर्देश या फैसले होंगे, उसके बारे में हमें बता दिया जाएगा। सीएम ने कहा कि मुझे सुकून और संतुष्टि हुई है कि लोगों की भावनाओं को कागज या अपने स्पष्टीकरण के रूप में जत्थेदार के आगे पेश किया। सोशल मीडिया पर वायरल आपत्तिजनक वीडियो को लेकर मैंने बताया कि वह नकली है, उसकी कहीं मर्जी से जांच करवा सकते हो। अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार कुलदीप सिंह गडग़ज ने कहा कि सीएम यहां आए और अपना स्पष्टीकरण दिया। गोलक को लेकर भी स्पष्टीकरण दिया, इसे हमने रख लिया है। आने वाले दिनों में 5 सिंह साहिबान की बैठक होगी, उसमें इस पर विचार होगा। जत्थेदार ने कहा कि वायरल वीडियो की जांच कराएंगे, ताकि इसकी सच्चाई सामने आ सके। अकाल तख्त किसी से कोई बैर नहीं रखता। सिख सिद्धांत और रिवायतों को लेकर भी उन्होंने स्पष्टीकरण दिया।

## मकर संक्रांति के अवसर पर लोजपा द्वारा आयोजित दही-चूड़ा भोज में शामिल हुए सीएम नीतीश



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज मकर संक्रांति के अवसर पर 1-व्हीलर रोड, शहीद पीर अली खां मार्ग स्थित, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रदेश कार्यालय में आयोजित दही-चूड़ा भोज कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केन्द्रीय मंत्री श्री चिराग पासवान ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व रामविलास पासवान के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री संजय कुमार सिंह, सांसद अरूण भारती, विधायक मुरारी प्रसाद गौतम, जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, बड़ी संख्या में कार्यकर्तागण एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## भगवान सूर्य ही सृष्टि के प्रत्यक्ष देवता : विज्ञानानंद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। श्रीगीता विज्ञान आश्रम के परमाध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी विज्ञानानंद सरस्वती महाराज ने कहा है कि भगवान सूर्य ही सृष्टि के प्रत्यक्ष देवता हैं, जिनके प्रकाश से जीव एवं वनस्पतियों का जीवन संचालित होता है और मकर संक्रांति पर सूर्यदेव की गति बदलने से संपूर्ण प्रकृति का वातावरण बदल जाता है। वे आज दक्षनगरी के राजा गार्डन स्थित हनुमान मंदिर सत्संग हॉल में मकर संक्रांति उत्सव में पधारे भक्तों को प्रकृति में होने वाले परिवर्तनों की जानकारी दे रहे थे। मकर संक्रांति का महत्व बताते हुए उन्होंने कहा कि भगवान सूर्य जब मकर राशि में प्रवेश करते हैं तो मौसम का स्वरूप बदलने लगता है। सूर्य के प्रकाश में गर्मी बढ़ती है और सर्दी का प्रभाव कम होने लगता है। मकर संक्रांति को ग्रह और राशि के बदलने का पर्व बताते हुए उन्होंने कहा कि सूर्य की गति बदलने से ही जीवधारियों एवं वनस्पतियों में बदलाव आता है। सूर्य के उत्तरायण होने पर प्रकाश डालते हुए महामंडलेश्वर स्वामी विज्ञानानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि सूर्य की किरणें सबसे ज्यादा दक्षिण की ओर झुकने के बाद उत्तर की ओर लौटने लगती हैं। मकर संक्रांति को मेल मिलाप और पारिवारिक सद्भाव का प्रतीक बताते हुए



कहा कि आज के दिन भगवान सूर्य स्वयं अपने पुत्र शनि देव से मिलने आते हैं। मकर संक्रांति पर सूर्य उपासना का महत्व बताते हुए उन्होंने कहा कि सूर्य की आराधना करने से मानव तन में नई ऊर्जा का संचार होता है और उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु का वरदान मिलता है। मकर संक्रांति के स्नान दान का महत्व बताते हुए शतायु संत ने कहा कि गंगा स्नान कर तिल-गुड़ और खिचड़ी का दान करना चाहिए और जो लोग गंगा स्नान नहीं कर पाते, उन्हें नहाने के जल में गंगाजल मिलाकर स्नान करना चाहिए तथा सूर्य नमस्कार के साथ सूर्य को गंगाजल का अर्घ देने से पाप-ताप और संतापों से मुक्ति मिलती है। अंत में सभी भक्तों ने खिचडी प्रसाद ग्रहण कर गुरुगद्दी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## सारण के सरयू तटों पर लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सारण। भागवान सूर्य के उत्तरायण होने का पर्व मकर संक्रांति पर श्रद्धालुओं ने सरयू नदी में आस्था की डुबकी लगाई। यह पर्व पूरे जिले में हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है।

इस अवसर पर जिले के विभिन्न नदी तटों पर आस्था का भव्य नजारा देखने को मिला। ठंड के बावजूद श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी। भोर होते ही रिविलगंज,डोरीगंज और मांझी प्रखंड स्थित सरयू नदी के विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं ने हर-हर गंगे और जय श्रीराम के नारे के साथ डुबकी लगाई। स्नान के पश्चात श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से भगवान सूर्यदेव को जल अर्पित कर सुख,शांति और समृद्धि की कामना की। परंपरा का निर्वहन करते हुए श्रद्धालु ने पंडा-पुरोहितों को तिल,चावल,गुड़ और वस्त्रों का दान किया। मान्यता है कि आज के दिन किया गया दान अक्षय फलदायी होता है,इसी भावना के साथ श्रद्धालुओं ने अपनी क्षमता अनुसार बढ़-चढ़कर दान-पुण्य की



रस्म निभाई। धार्मिक अनुष्ठानों के बाद घरों और मंदिरों में मकर संक्रांति के पारंपरिक भोजन दही,चूड़ा,गुड़ और तिल के लड्डू का भोग लगाया। इसके बाद परिवार और सगे-संबंधियों के साथ मिलकर प्रसाद स्वरूप दही-चूड़ा ग्रहण किया। बाजारों में भी तिलकुट और लाई की दुकानों पर भीड़ देखी गई। घाटों पर भीड़ को देखते हुए जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव एवं एसएसपी विनीत कुमार ने बुधवार को निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के निर्देश दे दिये थे। रिविलगंज घाट पर गुरुवार सुबह से ही अनुमंडल अधिकारी सदर नितेश कुमार मुस्तैद दिखे, रिविलगंज और डोरीगंज के प्रमुख घाटों पर गोताखोरों की तैनाती के साथ-साथ पुलिस बल मुस्तैद रहा, ताकि स्नान के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

## दिल्ली में सर्दी का सितम, न्यूनतम तापमान पहुंचा 2.3 डिग्री सेल्सियस

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में लगातार पांचवें दिन भी शीतलहर की स्थिति बनी रही। मौसम केंद्र सफदरजंग में गुरुवार को न्यूनतम तापमान गिरकर 2.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस इलाके में मौसम का सबसे कम तापमान है। मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार पालम में न्यूनतम तापमान 2.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो दिल्ली में सबसे कम और सामान्य से लगभग पांच डिग्री सेल्सियस नीचे है। ठंड का असर पूरी राष्ट्रीय राजधानी में देखने को मिला। मौसम विभाग के अनुसार आयानगर में न्यूनतम तापमान 2.7 डिग्री सेल्सियस, लोधी रोड पर 3.4 डिग्री सेल्सियस और रिज में न्यूनतम तापमान 4.5 सेल्सियस दर्ज किया गया। गौरतलब है कि मौसम विभाग वास्तविक न्यूनतम तापमान चार डिग्री सेल्सियस या उससे कम हो जाने पर शीतलहर के तौर पर परिभाषित करता है। यह मानदंड दिल्ली के पांच मौसम निगरानी केंद्र या बेधशाला में से चार में पूरा हुआ है।

## पंजाब में सरकारी बस सेवाओं में डिजिटल इलेक्ट्रॉनिक टिकटिंग मशीनों की खरीद को मंजूरी : भुल्लर

**चंडीगढ़।** पंजाब के परिवहन मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर ने गुरुवार को कहा कि राज्य सरकार ने सरकारी बस सेवाओं में डिजिटल इलेक्ट्रॉनिक टिकटिंग मशीनों की खरीद को मंजूरी देकर सार्वजनिक परिवहन की तस्वीर बदलने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण फैसला लिया है। श्री भुल्लर ने कहा कि इस व्यवस्था के तहत यात्री विभिन्न डिजिटल भुगतान विकल्पों के माध्यम से टिकट खरीद सकेंगे, जिनमें क्यूआर कोड आधारित भुगतान, यूपीआई, कार्ड आधारित लेन-देन और ऑफलाइन मोड शामिल हैं। यह प्रणाली प्रतीक्षा समय को कम करने, नकदी पर निर्भरता घटाने तथा शहरी और ग्रामीण दोनों मार्गों पर यात्रियों के लिए सुगम यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने के उद्देश्य से तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि ये मशीनें जीपीएस-सक्षम होंगी, जिससे बसों की लाइव ट्रैकिंग, नजदीकी बस स्टॉप की जानकारी और विभिन्न मार्गों पर उपलब्ध सेवाओं से संबंधित वास्तविक समय की सूचना उपलब्ध कराई जाएगी। सीटों की उपलब्धता की जानकारी और यात्रा को अधिक कुशल बनाने की सुविधा के साथ सरकारी बस सेवाओं की विश्वसनीयता में और वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि सरकार की नीति के तहत महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा निर्बाध रूप से जारी रहेगी। महिला यात्रियों को मुफ्त यात्रा का लाभ लेने के लिए स्मार्ट कार्ड जारी किए जाएंगे, जो महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और आवागमन में सुविधा सुनिश्चित करने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को और मजबूत करते हैं। विद्यार्थियों को भी स्मार्ट कार्ड प्रदान किए जाएंगे।

## हिन्दु धर्म जागरूक करने को लेकर संवाद गोष्ठी आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

भागलपुर। जिले के अजगैबीनाथ धाम के अपर रोड स्थित डॉ अशोक कुमार सिंह के आवास पर गुरुवार को पदयात्री साध्वी सुमन पूरी माताजी के आगमन पर एक मातृ संवाद एवं गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों स्थानीय महिलाओं की सहभागिता रही। संवाद गोष्ठी की शुरुआत देशभक्ति गीत एवं भजन करते हुए भारत माता के तेलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। संवाद गोष्ठी में हिन्दू धर्म को जागरूक करने के लिए हर घर जाकर जानकारी देते हुए हिन्दू धर्म में एकजुटता करने पर विचार किया गया। इस दौरान विभाग प्रचारक सुरेन्द्र जी, डॉ अशोक कुमार सिंह, भाजपा प्रदेश सह



संयोजक गौतम सिन्हा, भाजपा नगर अध्यक्ष डॉ अलका चौधरी, जदयू महिला प्रखंड अध्यक्ष प्रेम प्रभात सिन्हा, रानी झा, पूनम कुशवाहा, रती वर्मा, वीणा भारती, भाजपा नगर प्रवक्ता ब्रह्मानंद सिंह उर्फ बंटी सिंह, मौसमी सिंह, साजन कुमार, राजीव कुमार सहित भाजपा एवं जदयू के उच्च स्तरीय पदाधिकारी और महिला गण मौजूद थे।

## 101 किलो लाई व तिलकुट से हुआ बाबा गरीबनाथ का महाश्रृंगार

मुजफ्फरपुर। बिहार के मुजफ्फरपुर में मकर सक्रांति के पूर्व रात्री बाबा गरीबनाथ का 101 किलो लाई, तिल व तिलकुट से महा श्रृंगार किया गया। पुजारी आशुतोष पाठक उर्फ डाबर बाबा और पंडित अभिषेक पाठक ने भोलेनाथ का षोडशोपचार पूजन के बाद लाई, तिल व तिलकुट से महाश्रृंगार किया गया, उसके बाद धूप-दीप से बाबा गरीबनाथ की आरती की। सनातन सेवार्थ के संयोजक प्रभात मालाकार ने गुरुवार को बताया कि प्रत्येक वर्ष मकर सक्रांति पर बाबा गरीबनाथ का लाई, तिल व तिलकुट से श्रृंगार किया जाता है, ताकि बिहारवासियों के जीवन में सुख-समृद्धि और मिठास बना रहे। पंडित आशुतोष पाठक ने कहा कि किसी भी पर्व में सर्वप्रथम अपने देवता को भोग प्रसाद लगाने की परंपरा है, पहले बाबा गरीबनाथ



को लाई तिलकुट का भोग लगाया गया, तदोपरांत आज हम सब मकर संक्रांती मना रहे हैं। इस दौरान संत अमरनाथ, निरंजन झा, अंशु कुमार मिश्रा, मनीष सोनी, पवन महतो, राकेश तिवारी, रमण मिश्रा, रतन चौधरी सहित सैकड़ो श्रद्धालु मौजूद रहे।

## सगन्ध पौधा केन्द्र का मुख्य सचिव ने किया निरीक्षण, किसानों की आय बढ़ाने पर दिया जोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने जनपद देहरादून के सेलाकुई स्थित सगन्ध पौधा केन्द्र का गुरुवार को निरीक्षण कर वहां संचालित गतिविधियों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि हाई वैल्यू सगन्ध एवं एरोमैटिक फसलों के उत्पादन और प्रसंस्करण से प्रदेश के किसानों की आर्थिकी को मजबूती मिल सकती है। इसके लिए सगन्ध पौधा केन्द्र की ओर से किसानों को डोर-स्टेप सहायता उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य सचिव ने सगन्ध पौधा केन्द्र को और अधिक मजबूत किए जाने पर जोर देते हुए कहा कि इससे प्रदेशभर में इसकी गतिविधियों का विस्तार संभव होगा। उन्होंने सभी जनपदों की जलवायु एवं भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप एरोमैटिक फसलों का चयन कर अधिक

**हाई वैल्यू सगन्ध फसलों से किसानों की आर्थिकी मजबूत होगी**



से अधिक किसानों को इससे जोड़ने तथा उत्पादन के लिए आवश्यक तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने 6 सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किए जा रहे सैटेलाइट सेंटर्स को शीघ्र प्रारंभ करने, परफ्यूमरी एवं एरोमैटिक सेक्टर में डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेशन कार्यक्रम शुरू करने तथा वरिष्ठ अधिकारियों को नियमित रूप से जनपदों का भ्रमण कर योजनाओं की समीक्षा करने पर भी बल दिया। साथ ही अन्य विभागों की फल एवं सब्जी आधारित आजीविका योजनाओं को सगन्ध पौधा उत्पादन एवं प्रसंस्करण से जोड़ने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि किसानों को जागरूक करने के लिए सभी जनपदों में प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जाएं। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2026-27 की वार्षिक कार्ययोजना जनवरी माह तक पूर्ण करने तथा समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए जनपदवार लक्ष्य तय करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर सगन्ध पौधा केन्द्र के निदेशक डॉ. निर्पेंद्र चौहान ने बताया कि केन्द्र खुशबूदार फसलों के वाणिज्यीकरण के लिए एक सफल मॉडल के रूप में कार्य कर रहा है ,जहां खेती से लेकर प्रोसेसिंग, डिस्टिलेशन, मार्केटिंग एवं प्रशिक्षण तक की सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि 5 नाली तक के किसानों को निःशुल्क रोपण सामग्री और 9 एरोमैटिक फसलों पर 50 प्रतिशत तक सब्सिडी दी जा रही है। पर्वतीय जनपदों में डिस्टिलेशन यूनिट व ड्रायर पर 75 प्रतिशत तथा मैदानी जनपदों में 50 प्रतिशत (अधिकतम 10 लाख रुपये) तक सब्सिडी उपलब्ध है। किसानों के लिए 27 एसेंशियल ऑयल एवं एरोमैटिक उत्पादों का न्यूनतम समर्थन मूल्य भी निर्धारित किया गया है। इस अवसर पर जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल भी उपस्थित रहे।

## छपरा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर स्टंट कर और रील बनने पर छह गिरफ्तार

सारण। छपरा जंक्शन रेलवे स्टेशन की सुरक्षा, शांति भंग और सरकारी कार्य में बाधा करने वाले युवाओं के विरुद्ध सीआईबी और रेसुब पोस्ट छपरा ने संयुक्त कार्रवाई की है। वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त वाराणसी के निर्देशानुसार चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान छपरा जंक्शन के सेकेंड एंट्री गेट और प्लेटफार्म नंबर आठ से कुल छह युवकों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से तीन मोटरसाइकिल और छह मोबाइल बरामद किया गया है। इन युवाओं के द्वारा बिना अनुमति प्रतिबंधित क्षेत्र प्लेटफार्म और सर्कुलेटिंग एरिया में मोटरसाइकिल से स्टंट करना, अमर्यादित गानों पर रील बनाना, शोर-शराबा कर यात्रियों को परेशान करना और सरकारी कार्य में बाधा डालना के आरोप में रेल अधिनियम के तहत छह मामले दर्ज किए गए हैं। सीआईबी और रेसुब की टीम गश्त पर थी तभी देखा गया कि कुछ युवक तीन मोटरसाइकिलों पर खतरनाक स्टंट कर रहे थे और मोबाइल से उसका वीडियो बना रहे थे। वहीं, प्लेटफार्म नंबर 8 पर दो अन्य युवक बिना किसी अधिकार पत्र के प्रवेश कर अभद्र गानों पर रील बना रहे थे, जिससे रेल यात्रियों को काफी असुविधा हो रही थी। पूछताछ में आरोपितों ने स्वीकार किया कि वे सोशल मीडिया पर लोकप्रियता पाने के लिए इस तरह के वीडियो बनाते हैं।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063